पुलिस बेनीफिट फण्ड में समस्त कर्मियों से निर्धारित दर से अंशदान काटकर अभिदान की रसीदें सम्बन्धित कर्मियों के चरित्रपंजी/सेवा पुस्तिका में चस्पा किये जाने के आदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत किये जा चुके है।

निर्गत निर्देशों के अनुसार पुलिस बेनीफिट फण्ड के लाभार्थी को अनुमन्य आर्थिक सहायता की राशि जनपदों/इकाईयों द्वारा किसी निजी फण्ड से भुगतान कर दी जाती है और पुलिस बेनिफिट फण्ड से आर्थिक सहायता दिलाये जाने के लिये सूचनायें निर्धारित प्रारूप में अंशदान की रसीद के साथ पुलिस मुख्यालय को भेजी जाती है। उक्त

पत्रादि प्राप्त होने पर पुलिस मुख्यालय द्वारा अनुमन्य आर्थिक सहायता अवमुक्त की जाती है।

पुलिस बैनिफिट फण्ड का सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में अधिनियम संख्या 21, 1860 के अधीन रजिस्ट्रेशन दिनांक 29.07.02 को कराया गया है, जिसका नवीनीकरण दिनांक 29.07.2007 से हुआ है, जो आगामी पाँच वर्ष के लिये प्रभावी है। उक्त फण्ड का सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण कार्यालय में नवीनीकरण संख्याः 1174 एवं फाइल संख्याः एएल–14754 है।

वर्तमान में पुलिस बैनिफिट फण्ड को समाप्त किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है, जिसके सम्बन्ध में समस्त जनपदों/इकाईयों से अभिमत एवं सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मियों का विवरण प्राप्त किया जा रहा है, जो समस्त जनपदों/इकाइयों से प्राप्त हो जाने पर पत्रावली उचित माध्यम से पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश महोदय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की जायेगी, जिस पर निर्णय उपरान्त उक्त फण्ड को समाप्त किये जाने के सम्बन्ध में समस्त जनपदों/इकाइयों को परिपत्र निर्गत किया जाना प्रस्तावित है।

6& måÁå ifyl oYkQ;j Q.M

इस निधि में शासन द्वारा वर्ष 1967 में रुपया 10 लाख की धनराशि प्रदान की गयी थी। इस निधि को ''कारपस फण्ड'' के रूप में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया लखनऊ में जमा कर दिया गया है तथा उससे अर्जित ब्याज की धनराशि से अराजपत्रित पुलिस कर्मचारियों को उनकी गंभीर बीमारियों/विशेष चिकित्सा व्यय हेतु अथवा प्राकृतिक आपदा पर हुई क्षति पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस निधि से आर्थिक सहायता प्राप्त करने हेतु कर्मचारियों को अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रोफार्मा में अपने नियुक्ति के जिले/ईकाई के प्रभारी अधिकारी के माध्यम से विशेष कार्याधिकारी, कल्याण, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ०प्र० लखनऊ को भेजना होता है। इन प्रार्थना पत्रों पर पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० द्वारा गठित कमेटी द्वारा निर्णय लिया जाता है तथा आर्थिक सहायता एक अनुदान के रूप में प्रदान की जाती है। विशेष कार्याधिकारी, कल्याण, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र संख्याःडीजी–12–07 सी/ओ०एस०डी०'' वे ''2007, दिनांकः 21.4.11 के अनुसार रु. 30,95,000/– की धनराशि बैक खाते में जमा है।

7& ifyl cuhokyUV Q.M ¼efpx xkUV½

शासनादेश संख्या : 4590/आठ–7–327/75, दिनांक : 31.03.1975 ¼ifjf'k"V&14½ द्वारा पुलिस/पीएसी कर्मचारियों द्वारा सुख सुविधा हेतु चन्दे के रूप में एकत्रित की गयी धनराशि के के सापेक्ष रु. 12,75,000/– व्यय किये जाने का प्रावधान किया गया।

शासनादेश सख्या : 4695/आठ–7–327/73, दिनांक : 08.11.1977 ¼ifjf'k"V&14-1½ द्वारा शासन द्वारा स्वीकृति अनुदान का 10 प्रतिशत पुलिस/पीएसी कर्मचारियों के खेल–कूद की व्यवस्था हेतु व्यय किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

समस्त कर्मचारियों द्वारा अपने–अपने जनपदों/इकाई में स्वेच्छा से एक निर्धारित अंशदान कल्याणकारी निधि को जिलों/इकाईयों के कर्मचारियों को सुख सुविधा प्रदान करने के लिए दिया जाता है। शासन/पुलिस मुख्यालय द्वारा प्रत्येक जनपद/इकाई को इसी संकलित निधि के समतुल्य धनराशि पुलिस बेनीवोलेन्ट फण्ड (मैचिंग ग्राण्ट) वार्षिक अनुदान के रूप में दी जाती है। यह धनराशि पुलिस अधीक्षक के नियन्त्रण में रहती हैं, जिसका उपयोग सुख–सुविधा निधि की तरह किया जाता है।

&&&&&&&&&&

Hkkx&3

i'kujh ,o lok lfo/kk;

1- i'ku

दिनांक 06.08.1985 ¼lyXud&15½ के उपरान्त पेंशन प्रकरणों के निस्तारण (श्रेणी–1 के अधिकारियो को छोडकर) का कार्य पुलिस मुख्यालय द्वारा किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा निम्न प्रकार की पेंशन स्वीकृत की जाती हैः–

¼I½ vf/ko"kZrk i'ku½ प्रत्येक सरकारी सेवक जिसने अधिवर्षता आयु पूरी कर ली है सेवानिवृत्त किया जाता है। वर्तमान समय में सभी श्रेणी के सरकारी सेवको की अधिवर्षता आयु 60 वर्ष है।

¼II½ lokfuofRr i'ku: उपरोक्त के अतिरिक्त सेवानिवृत्ति पेंशन दो प्रकार की होती है :–

(अ) ऐच्छिक सेवानिवृत्ति

(ब) अनिवार्य सेवानिवृत्ति

¼v½ ,fPNd lokfuofRr

ऐसे सरकारी सेवक जिन्होने कम से कम 20 वर्ष की नियमित सरकारी सेवा पूरी कर ली हो अथवा 45 वर्ष की आयु पूरी कर ली हो, स्वेच्छा से नियुक्त अधिकारी को 3 माह पूर्व नोटिस देकर सेवानिवृत्त हो सकता है। ऐसे सरकारी सेवकों को 20 वर्ष की अर्ह सेवा पूर्ण कर लेने पर औसत परिलब्धियों/अन्तिम आहरित वेतन जो लाभप्रद हो, के आधे के बराबर पेन्शन का लाभ दिया जा सकता है।

¼c½ vfuok;l lokfuofRr

प्रत्येक सरकारी सेवक जिसने 50 वर्ष की आयु प्राप्त कर ली हो, तथा लगातार दुश्चरित्र लेख होने पर स्क्रेनिंग कमेटी की संस्तुति के आधार पर नियुक्त अधिकारी द्वारा तीन माह का नोटिस देकर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया जा सकता है।

(III) ikfjokfjd i'ku

सरकारी सेवक की मृत्यु होने की दशा में उसके परिवार को पारिवारिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। साधारण पारिवारिक पेंशन की दरें निम्नवत हैं :–

शासनादेश संख्या–सा–3–1508/दस–2008–308–97 दिनांक 08 दिसम्बर, 2008 ¼lyXud&15-1½ के द्वारा पारिवारिक पेंशन की गणना अंकित अंतिम वेतन के 30 प्रतिशत की दर पर सामान्य रूप से की जायेगी। पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम धनराशि

रु. 3500/– प्रतिमाह होगी तथा अधिकतम धनराशि राज्य सरकार के अधिकतम वेतन के 20% तक सीमित होगी। यह व्यवस्था दिनांक 01.01.2006 से लागू की गयी है।

c<h nj l ikfjokfjd isa'ku : शासनादेश संख्या–सा–3–1508/दस–2008–308–97, दिनांकः 08.12.08 ¼lyXud&15-1½ के अनुसार मृत्यु की दशा में परिवार को अत्यधिक आर्थिक कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसलिए नियमों के तहत प्रथम दस वर्ष अथवा सरकारी सेवक की 65 वर्ष तक की आयु प्राप्त होने तक इनमें से जो पहले होता है, सेवाकाल में मृत्यु के दौरान कर्मचारी के मूल वेतन का आधा अथवा साधारण पारिवारिक पेंशन का दोगुना इनमें से जो कम होता है, दिया जाता है।

(IV) v'kDrrk isa'ku %

सिविल सर्विज रेगुलेशन के प्रस्तर–441 एवं 447 ए एवं 447 बी ¼lyXud&15-2½ के अन्तर्गत सरकारी सेवक जो किन्ही कारणों से सरकारी सेवा करने में अक्षम हो जाता है, जिसे चिकित्सा परिषद द्वारा सरकारी कार्य करने के लिए अक्षम घोषित कर दिया जाता है, उसे अशक्तता पेंशन दिये जाने का प्रावधान है।

(V) vlk/kkj.k isa'ku %

पुलिस कर्मियों को यह पेंशन शासन द्वारा स्वीकृत की जाती है। असाधारण पेंशन नियमावली 1961 एवं संशोधित नियमावली 1975 के प्राविधानों के तहत सरकारी कार्य के सम्पादन के दौरान मुठभेड़ में मारे गये एवं सेरीब्रल थ्राम्बोसिस तथा हृदय रोग से मृत्यु होने की दशा में शासनादेश संख्याः 6929पी/आठ–1000 (17) 65, दिनांकः 23.01.1980 ¼lyXud&15-3½ में निहित निदेशानुसार सम्बन्धित सेवक के परिवार को असाधारण पारिवारिक पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। इसमें मृतक के परिवार को पेंशन के रूप में मृत्यु के दिनांक को मृतक कर्मचारी द्वारा प्राप्त वेतन एवं उस पर देय महँगाई भत्ता उसकी अधिवर्षता आयु प्राप्त होने तक दिया जाता है। तत्पश्चात् साधारण पारिवारिक पेंशन दी जाती है। असाधारण पेंशन प्रकरण में उपादान परिलब्धियों का आठ गुना दिया जाता है।

संशोधित शासनादेश संख्या–सा–3–1340/दस–88–916/88 दिनांक 19.08.88 ¼lyXud&15-4½ के द्वारा यह पेंशन निम्न कारणों से भी देय हैः–

1- fo'k"k tkf[ke dk dk;l djrs le; ejuk@?kk;y gkuk

(अ) डकैतों/बदमाशों से मुठभेड़

(ब) विदेशी आक्रमणकारियों से संघर्ष

(स) आतंकवादी तत्वों से मुठभेड़

(द) हिंसात्मक भीड़ को तितर–बितर करना तथा नियंत्रण करना।

2- nSoh vkinkvksa tSls&

(अ) भूस्खलन, हिमस्खलन, भूकम्प इत्यादि में सेवा करते समय।

(ब) आपातकालीन आग बुझाते समय।

(स) जीवन रक्षा करते समय।

3- lfØ; lsok djrs le;

(अ) ट्रैफिक ड्यूटी

(ब) मोटर गाड़ी चलाते समय पहिया फिसलने के कारण।

(स) रेलवे क्रासिंग पर बिना रौशनी के रेल गाड़ी से टकराने पर।

(द) प्रशिक्षण देते समय प्रशिक्षार्थी के बन्दूक से गोली/ग्रिनेड चल जाने से।

vlk/kkj.k isa'ku Ádj.k pSd fyLV

1. मृत्यु के परिस्थितियों का विवरण जो वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/इकाई प्रभारी के स्वयं के हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित और उसमें असाधारण पेंशन की संस्तुति उनके द्वारा की गयी हो। उसमें स्पष्ट रूप से कर्मचारी की रवानगी का दिनांक एवं जी०डी० संख्या का उल्लेख अवश्य किया गया हो।
2. कर्मचारी की रवानगी की पुष्टि में रवानगी के दिनांक की सम्पूर्ण मूल जी०डी० (रपट नम्बर एक से अन्त तक) की प्रमाणित छाया प्रति। अधिकतर मूल जी०डी० में कर्मचारी का नाम अंकित नहीं होता है, जिसमें स्पष्ट नहीं हो पाता है कि अमुक कर्मचारी ड्यूटी पर रवाना किया गया था अथवा नहीं। अतः मूल जी०डी० प्रेषित की जाये।
3. मृत्यु का प्रमाण–पत्र
4. यदि कर्मचारी की मृत्यु किसी बीमारी से होती है, तो चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त मृत्यु प्रमाण–पत्र जिसमे कारण स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया हो।
5. पोस्ट मार्टम रिपोर्ट/पंचायत नामा की प्रमाणित पठनीय छाया प्रति।
6. यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में होती है तो पुलिस अधीक्षक अथवा राजपत्रित अधिकारी प्रमाणित करें कि किसी प्रकार मोटर वाहन एक्ट का उल्लंघन मृतक कर्मचारी द्वारा नहीं किया गया है।
7. फार्म–22 सी.एस.आर.।
8. एफ.आई.आर. की प्रमाणित छायाप्रति।
9. बन्ध पत्र (Indemnity Bond)

(VI) bUtjh i'ku ¼

शासनादेश संख्याःसा–3–1340/दस–88–916–88, दिनांकः19.8.1988 ¼lyXud&15-4½ द्वारा सरकारी कार्य सम्पादन के दौरान यदि किसी कर्मचारी का अंग–भंग हो जाता है, तो कर्मचारी को उसके सेवाकाल में ही शासन द्वारा इन्जरी पेंशन दिये जाने का प्रावधान है। यह पेंशन भी शासन द्वारा स्वीकृत की जाती है।

2- mikknku dk Hkqxrku ¼xzP;qVh½

शासनादेश संख्याःसा–3–1713/दस–87–933/89, दिनांकः28.7.1989 ¼lyXud&15-5½ }kjk सरकारी सेवक को सेवानिवृत्ति होने पर उपादान दिया जाता है। मृत्यु प्रकरणों में यह उपादान की दर अधिक होती है। एक वर्ष के अन्दर मृत्यु होने पर परिलब्धियों के दुगुने पर उपादान दिया जाता है। एक वर्ष या इससे अधिक किन्तु पांच वर्ष तक की अवधि में मृत्यु होने की दशा में परिलब्धियों का 6 गुना दिया जाता है। 5 वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम सेवा के दौरान मृत्यु होने की दशा में परिलब्धियों का 12 गुना दिया जाता है। 20 वर्ष अधिक सेवा होने पर मृत्यु की दशा में प्रत्येक छमाही के लिए परिलब्धियों के आधे के बराबर उपादान दिया जाता है, जो अधिकतम परिलब्धियों का 33 गुना होता है, तथा अधिकतम धनराशि रु. 10.00 लाख होगी।

3- isa'kuj dks jkf'kdj.k dh lqfo/kk

प्रत्येक सरकारी सेवक जो सेवानिवृत्त होता है, उसे अपनी पेंशन के अधिकतम 1/3 भाग तक राशिकरण कराये जाने की सुविधा प्राप्त थी, जिसे शासनादेश संख्या–सा–3–1508/दस–2008–308–97 दिनांक 08.12.2008 ¼lyXud&15-1½ द्वारा संशोधित कर दिया गया है। अब पेंशन के 40 प्रतिशत तक की धनराशि राशिकरण हेतु अनुमन्य होगी। राशिकरण कराये जाने के पश्चात भी महँगाई भत्ता व राहत पूर्ण पेंशन पर दिया जायेगा।

4– (अ) आसाधारण गजट संख्याः सा–3–379/दस–2005–301(9)–2003, दिनांकः28.03. 2005 ¼lyXud&15-6½ एवं सा–3–469/दस– 2005–201(9)–03, दिनांकः07.04.2005 द्वारा दिनांकः01.04.2005 या उसके पश्चात सेवा में आने वाले अधिकारियो/ कर्मचारियों के लिए नयी अंशदायी योजना लागू की गयी है।

(ब) शासनादेश संख्याः 3676पी/छः–पु–6–10–100(32)/2004, दिनांकः20.10. 2010 ¼lyXud&15-7½ के अनुसार दिनांकः01.04.2005 से अंशदायी पेंशन योजना लागू होने के बाद पुलिस कर्मियों की मृत्यु कर्तव्यपालन के दौरान होने पर उनके आश्रितों को उ०प्र० पुलिस (असाधारण पेशन) नियमावली, 1961) प्रथम संशोधन 1975 ¼lyXud&15-8½ के प्रावधानों के अनुसार असाधारण पेंशन की सुविधा अनुमन्य होगी।

mikftZr vodk'k dk udnhdj.k

प्रत्येक कर्मचारी को एक वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर 31 दिवस का उपार्जित अवकाश देय होता है।

(1) जनवरी से जून तक– 16 दिवस

(2) जुलाई से दिसम्बर तक– 15 दिवस

कुल योग– 31 दिवस

शासनादेश संख्या सा–4–393/दस–99–200/88, दिनांक:01.07.1999 ¼layXud&15-9½ के अनुसार प्रत्येक राज्य कर्मचारी को उसके सेवानिवृत्त के समय उनके द्वारा अर्जित उपार्जित अवकाश जो देय हो उसके अधिकतम 300 दिवस का नकदीकरण अनुमन्य है।

4- lkefgd chek ;kstuk (G.I.S.)

उक्त योजना के अन्तर्गत शासन द्वारा मृत अधि०/कर्मचारियों के आश्रितों को कर्मचारी के वेतन से मासिक अंशदान की कटौती से एक हजार गुना धनराशि का भुगतान किया जाता है। शासनादेश संख्या:एसई 2314/दस–2008– बीमा–19/ 2002, दिनांक:08.12.2008 ¼layXud&16½ द्वारा दिनांक:01.01.2006 से पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर निम्न तालिका के अनुसार सामुहिक बीमा अच्छादन की धनराशि, मासिक अभिदान की दर, बीमा निधि एवं बचत निधि की पुनरीक्षित दरे लागू की गयी है :–

क्रमांक	पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन	मासिक अभिदान की दर (रु.)	बीमा निधि (रु.)	बचत निधि (रु.)	बीमा अच्छादन की धनराशि (रु.)
1	रु. 5401 से अधिक	400	120	280	4,00,000
2	रु. 2801 से रु. 5400 तक	200	60	140	2,00,000
3	रु. 2800 तक	100	30	70	1,00,000

5- lsokfuo`Rr@e`R;q ykHk dkMZ

सेवानिवृत्त कर्मी /मृत कर्मी के आश्रित को सेवानिवृत्त/मृत्यु लाभ कार्ड प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्या:12/ए–से०नि०/मृत्यु लाभ कार्ड–2011, दिनांक:जून 25,2011 ¼layXud&17½ द्वारा निर्देश निर्गत किये गये है जो निम्नवत् है:–

(1) सेवानिवृत्त/मृत्यु लाभ कार्ड की दो प्रतियाँ बनायी जाये। एक प्रति सम्बन्धित

कर्मी/आश्रित को पालीथीन के कवर में रखकर हस्तगत करायी जाय, तथा एक प्रति उसकी पत्रावली पर रखी जाय।

(2) सेवानिवृत्त/मृत्यु लाभ कार्ड पर सभी सूचनाएं स्पष्ट रूप से अंकित की जाय।

(3) सेवानिवृत्त/मृत्यु लाभ कार्ड निर्गत करने की तिथि अंकित करते हुए पुलिस अधीक्षक/कार्यालयाध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित अवश्य किये जाये।

(4) सेवानिवृत्त/मृत्यु लाभ कार्ड को जारी होने के उपरान्त समय–2 पर अध्यावधिक करते हुए अन्तिम कालम में दिनांक सहित सूक्ष्म हस्ताक्षर अवश्य किये जाये।

(5) सेवानिवृत्त कर्मी/मृत कर्मी के आश्रित को जो लाभ अनुमन्य नहीं हो उन बिन्दुओ के सामने स्पष्ट रूप से अकित किया जाये कि उक्त लाभ अनुमन्य नहीं है ताकि भ्रमात्मक स्थिति उत्पन्न न हो।

(6) यथाआवश्यक यदि अन्य कोई लाभ तत्समय देय हो तो उसे भी कार्ड में बिन्दु संख्या 15,16,17,18 इत्यादि पर स्पष्ट रूप में अंकित किया जाय।

6- thåihå,Qå l; lEc) chek **(Linked Insurance Scheme)**

शासनादेश संख्या–सा–4–152/दस–94–501–75, दिनांक 25 अप्रैल, 1994 ¼lyXud&18½ द्वारा भविष्य निधि के अभिदाताओं में अधिक बचत की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित कर उनके परिवार के लिए अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा की व्यवस्था के उद्देश्य से भविष्य निधि में जमा राशि से सम्बद्ध बीमा योजना (डिपाजिट लिक्ंड इन्श्योरेन्स स्कीम) है जिसके अन्तर्गत अभिदाता को बिना प्रीमियम दिये बीमा अनुरूप लाभ मिल सकेगा।

सेवाकाल में अभिदाता की मृत्यु हो जाने पर निम्नलिखित शर्तो के अधीन रहते हुए ऐसे अभिदाता की मृत्यु के ठीक पूर्ववर्ती 3 वर्ष के दौरान लेखे में औसत अतिशेष के बराबर अतिरिक्त धनराशि के भुगतान के हकदार व्यक्ति को तुरन्त वितरित किये जाने की वितरण अधिकारी व्यवस्था करेगा।

1. मृत्यु के मास के पूर्ववती तीन वर्ष के दौरान अभिदाता के जमा खाते में विद्यमान अतिशेष किसी भी समय निम्नलिखित की सीमा से कम न हुआ होः–

   (क) तीन वर्ष की अवधि के वृहत भाग में जिसके वेतन का अधिकतम रु. 4000.00 से अधिक न हो– रु. 12000.00

   (ख) जिसका वेतन का अधिकतम रु. 2900.00 या उससे अधिक किन्तु रु. 4000.00 से कम हो– रु. 7500.00

   (ग) जिसके वेतनमान का अधिकतम रु. 1151.00 किन्तु 2900.00 से कम

हो– रु. 4500.00

(घ) जिसका वेतन अधिकतम रु. 1151.00 से कम हो– रु. 3000.00

2. इस योजना के अधीन देय अतिरिक्त धनराशि रु., 30000.00 से अधिक न होगी।

3. अभिदाता ने अपनी मृत्यु के समय कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

4. औसत अतिशेष उस मास जिसमें मृत्यु हुई हो के पूर्ववर्ती प्रत्येक 36 मास के अन्त में अभिदाता के जमा खाते में विद्यमान अतिशेष के आधार पर निकाला जायेगा।

7- thåihå,Qå l vfxe

सरकारी अधिकारी/कर्मचारी को उसके जी०पी०एफ० खातें में जमा धनराशि के अन्तर्गत उसके समय–समय पर आवश्यकताओं की मांग के अनुरूप जी०पी०एफ० नियमावली 1985 ¼lyXud&19½ के अधीन निम्नलिखित अस्थाई/स्थाई अग्रिम स्वीकृत किये जाने का प्रावधान है।

सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से अग्रिम के मुख्य दो खण्ड हैः–

(1) अस्थाई अग्रिम–जी०पी०एफ० नियमावली, 1985 के नियम–13 के अन्तर्गत देय है।

(2) स्थाई अग्रिम अथवा अन्तिम निष्कासन (प्रत्याहरण)–जी०पी०एफ० नियमावली 1985 के नियम–16 के अन्तर्गत देय है।

¼1½ vLFkkbZ vfxze& जी०पी०एफ० नियमावली 13(1), (2), (3), (4), (5), (6) व (7) में उल्लिखित शर्तो के अधीन रहते हुए किसी अभिदाता के भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि से अस्थाई अग्रिम दिया जा सकता है। विशेष कारणों के सिवाय अभिदाता के तीन मास के वेतन अथवा उसके खाते मे जमा राशि के आधे, इनमें से जो भी कम हो, से अधिक देय नहीं होगा। कोई भी अग्रिम तब तक स्वीकृत नहीं किया जाएगा, जब तक स्वीकृति प्राधिकारी को समाधान न हो जाय कि आवेदक की आर्थिक परिस्थितियाँ उसको न्यायोचित ठहराती हैं कि उसका व्यय उल्लिखित उद्देश्यों पर न कि अन्यथा किया जायेगा।

¼2½ LFkkbZ vfxze ¼vfre fu"dklu½& उक्त नियमावली के नियम–17 (एक) के अनुसार अभिदाता के जमा खातें में विद्यमान धनराशि से नियम 16 (एक) के खण्ड (क), (ग), (घ), व (ङ) मे विनिर्दिष्ट किसी एक या अधिक प्रयोजनों के लिए किसी एक समय प्रत्याहरित कोई धनराशि साधारणतया खाते में जमा धनराशि के आधे या छः मास के वेतन, जो भी कम हो से अधिक नहीं होगी। विशेष मामलों में स्वीकृति प्राधिकारी (अ) ऐसे उद्देश्य जिसके लिए प्रत्याहरण किया जा रहा है, और (ब) निधि मे उसके जमा

खाते में विद्यमान धनराशि का सम्यक ध्यान रखते हुए, इस सीमा से अधिक धनराशि का जो निधि में उसके जमा खाते के इतिशेष के तीन चौथाई तक हो सकती है, प्रत्याहरण स्वीकृत कर सकता है। यह अग्रिम 15 वर्ष व 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर ही स्वीकृत किया जा सकता हैं।

8- vodk'k ;k=k lqfo/kk ¼,yåVhå lhå½

शासनादेश संख्या–सा–4–62/दस–96–604–82 दिनांक 18.03.1996 ¼lyXud&20½ में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत सरकारी सेवकों को सेवाकाल के दौरान भारत में स्थित किसी स्थान के भ्रमण हेतु जाने तथा वापस आने के संबंध में सरकारी सेवकों तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा की गई यात्राओं के लिए कतिपय शर्तों के अधीन यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति अनुमन्य होगी।

* यह सुविधा नियमित पूर्णकालिक सरकारी सेवकों को 5 वर्ष की निरंतर सेवा पूर्ण करने के उपरान्त कलेण्डर वर्ष के आधार पर प्रत्येक 10 वर्ष की सेवा अवधि में एक बार अनुमन्य होगी। इस प्रकार 5 वर्ष से 10 वर्ष की सेवावधि में प्रथम बार 11 से 20 वर्ष की सेवावधि में दूसरी बार 21 से 30 वर्ष की सेवा अवधि में तीसरी बार 30 वर्ष से अधिक की सेवा होने की स्थिति में चौथी बार अनुमन्य होगी।
* परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीन कार्ड धारकों को एक अतिरिक्त अवकाश यात्रा अनुमन्य है।
* यह सुविधा सम्बन्धित सरकारी सेवक को सम्मिलित करते हुए परिवार के केवल चार सदस्यों तक ही सीमित रहेगी।
* इस सुविधा का उपभोग करने के लिए कर्मचारी द्वारा न्यूनतम 15 दिवस उपार्जित अवकाश का उपभोग करना अनिवार्य होगा।
* यदि पति पत्नी दोनों ही सरकारी सेवक हैं, तो यह सुविधा किसी एक को ग्राहय होगी।
* अग्रिम की अधिकतम धनराशि दोनों ओर की यात्रा के लिए, व्यय की अनुमानित धनराशि का 4/5 भाग (80%) तक सीमित होगी।
* सरकारी सेवक द्वारा यात्रा करने के पूर्व अपने नियंत्रक अधिकारी को उसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिए।
* इस सुविधा के अंतर्गत गंतव्य स्थान की घोषणा पहले से ही की जानी चाहिए।
* यह सुविधा न्यूनतम दूरी वाले रास्ते के आधार पर अनुमन्य होगी।
* इस सुविधा के अंतर्गत रेल के वातानुकूलित कोच अथवा वायुयान से यात्रा नहीं की जा सकेगी।

-------0-------

Hkkx&4

lsok lEc/kh vU; 'kkldh; lqfo/kk;sa

1- fpfdRlk O;; dh Áfriwfr

1.1 शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त वर्तमान प्रक्रिया को सरल बनाने तथा कार्यालयाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं शासन के प्रशासनिक विभागों को किये गये प्रतिनिधायन की सीमा बढ़ाने का निर्णय लेते हुए अधिसूचना संख्या:2275/5–6–11–1082/ 87, दिनांक:20 सितम्बर, 2011 द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली–2011 ¼layXud&21½ प्रख्यापित की गयी है, जो तत्काल प्रभाव से लागू मानी जायेगी।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में पुलिस मुख्यालय के परिपत्र संख्याः बारह/ए–चिकित्सा निर्देश–2011 दिनांक:अक्टूबर 8, 2011, द्वारा नियमावली मय निर्देशों के समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०, को भेजी गयी है।

1.2 नियमावली के नियम–20 द्वारा स्वीकृतकर्ता अधिकारी को प्रतिनिधानित वित्तीय अधिकार कार्यालयाध्यक्ष रु. 1.00 लाख तक, विभागाध्यक्ष रु. 2.50 लाख तक, सरकार का प्रशासकीय विभाग रु. 5.00 लाख तथा रु. 5.00 लाख से अधिक के दावे चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की संस्तुति के बाद और वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति से सरकार का प्रशासकीय विभाग को प्रदान किये गये हैं।

1.3 नियमावली के संलग्नक–'क' में अंकित प्रोफार्मा में समस्त कर्मियों को ''हेल्थ कार्ड'' प्राथमिकता के आधार पर तत्काल उपलब्ध कराया जाना है, ताकि समस्त कर्मियों द्वारा राजकीय चिकित्सालय में मुफ्त चिकित्सा की सुविधा प्राप्त की जा सके। ''हेल्थ कार्ड'' में जहाँ फोटो चिपकानी है तथा कार्यालय की मोहर लगानी है वहाँ पर मोहर इस प्रकार लगाई जाए, कि मोहर का कुछ हिस्सा फोटो पर भी आए। ''हेल्थ कार्ड'' राजकीय मुद्रणालय से मुद्रित कराये जा रहे हैं, शीघ्र ही आपको उपलब्ध कराये जाएगें। ''हेल्थ कार्ड'' के प्रथम पृष्ठ पर कार्यालयाध्यक्ष के सूक्ष्म हस्ताक्षर किये जाए तथा द्वितीय पृष्ठ पर यथा स्थान पर कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं मोहर होंगे। कार्ड का नमूना संलग्न है।

1.4 नियमावली के नियम–15 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत 75 प्रतिशत चिकित्सा अग्रिम के रूप में स्वीकृत किया जाये तथा नियमावली के संलग्नक–''घ'' में अंकित प्रारूप के अनुसार अग्रिम का रजिस्टर तैयार कराकर प्रत्येक प्रविष्टियाँ अनिवार्य रूप से अंकित किया जाये तथा प्रत्येक माह इसकी समीक्षा राजपत्रित अधिकारी द्वारा की जाये।

1.5 नियमावली के नियम–7(क) में अन्तः चिकित्सा हेतु वेतनमान के अनुसार

कर्मी को अनुमन्य वार्ड।

1.6 नियम–16 में दावा प्रस्तुत करने की अवधि उपचार समाप्ति के 3 माह के अन्दर निर्धारित की गयी है।

1.7 नियम–18 में दावे के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले अभिलेखों का विवरण।

1.8 नियम–19 में दावे के तकनीकी परीक्षण हेतु विस्तृत विवरण अंकित किये गये है। fpfdRlk nkok dk l{ke vf/kdkjh ls rduhdh ijh{k.k dk;kZy;k/;{k Lrj ls djk;k tk,xkA blls leLr dfeZ;ksa dks lEeyu es voxr djk fn;k tk,A

1.9 Ákbo\V vFkok fof'k"V fpfdRlk lLFkkuks es ¼Án'k ds vUnj o ckgj½ mipkj dh n'kk es fdlh Ádkj dh vfu;ferrk u gks blds fy, fu;e 13 dk dMkbZ ls vuqikyu fd;k tk,A

1.10 नियमावली में निहित नियमों का अनुपालन करते हुए चिकित्सा अग्रिम उदारता पूर्वक स्वीकृत किये जायें। जिन प्रकरणों में जीवन रक्षा निधि से पूर्व में ही कोई अग्रिम स्वीकृत किया गया है तो स्वीकृत चिकित्सा अग्रिम से प्रथमतः जीवन रक्षा निधि का समायोजन कर लिया जाए।

1.11 नियमावली में निहित निर्देशों/नियमों के अनुसार चिकित्सा दावों का निस्तारण शीघ्र करके चिकित्सा अग्रिम का नियमानुसार समायोजन कर लिया जाये। चिकित्सा दावों का निस्तारण समय से सुनिश्चित कराना कार्यालयाध्यक्ष का उत्तरदायित्व होगा।

1.12– स्वीकृतकर्ता अधिकारी हेतु चेकलिस्टः–

(I) अनिवार्यता प्रमाण–पत्र पर उपचार अवधि अंकित है अथवा नहीं?

(II) क्या दावा कालबाधित है? यदि हां तो स्वीकृति हेतु भेजने का औचित्य/कारण?

(III) समस्त बिल/वाउचर की मूल प्रति सम्बन्धित चिकित्सक से सत्यापित है अथवा नहीं?

(IV) अनिवार्यता प्रमाण–पत्र में रोग का नाम, रोगी का नाम, उपचार की अवधि तथा व्यय की गयी धनराशि अंकित है अथवा नहीं?

(V) अनिवार्यता प्रमाण–पत्र में अंकित उपचार अवधि के अनुसार ही बिल/वाउचर संलग्न है अथवा नहीं?

(VI) अनिवार्यता प्रमाण–पत्र उपचार करने वाले चिकित्सक द्वारा हस्ताक्षरित तथा सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित है अथवा नहीं?

(VII) प्रतिहस्ताक्षकर्ता अधिकारी द्वारा देय धनराशि अनिवार्यता प्रमाण–पत्र

पर अंकित है अथवा नहीं? यदि हाँ तो कितनी?

(VIII) लाभार्थी द्वारा कोई अग्रिम लिया गया है अथवा नहीं? यदि हाँ तो नियमानुसार समायोजन की कार्यवाही की जाए।

(IX) पेंशनर के मामले में सेवानिवृत्त की तिथि, पी०पी०ओ० नम्बर, कोषागार का नाम अंकित है अथवा नहीं?

1-13 fo'k"k&

(I) निजी चिकित्सक/चिकित्सालयों के उपचारी चिकित्सक से इस आशय का प्रमाण–पत्र कि उपचार तात्कालिक/आपात कालीन स्थिति में किया गया है।

(II) सक्षम तकनीकी परीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा निजी उपचार पर व्यय धनराशि की प्रतिपूर्ति की संस्तुति।

(III) कार्यालयाध्यक्ष द्वारा कराये गये निजी उपचार से संतुष्ट होने पर निजी उपचार पर व्यय धनराशि के प्रतिपूर्ति की संस्तुति करेंगे, ताकि चिकित्सा प्रतिपूर्ति नियमावली का दुरुपयोग न हो सके।

(IV) ऐसे उपचार हेतु कर्मी द्वारा अपने कार्यालयाध्यक्ष को यथासमय शीघ्र, किन्तु उपचार प्रारम्भ होने के दिनाँक से 30 दिनों के भीतर सूचित किये जाना अनिवार्य होगा।

(V) इसी क्रम में यह भी अवगत कराना है कि नियम–16 के प्रस्तर–2 में अंकित अंतरंग उपचार और बहिरंग उपचार से सम्बन्धित संलग्नक–'ङ' एवं 'च' चिकित्सा परिचर्या (नियमावली)–2011 में संलग्न नहीं किये गये हैं, अतः दावा पूर्व से प्रचलित अंतरंग उपचार हेतु अनिवार्यता प्रमाण–पत्र 'बी' व बहिरंग रोग उपचार हेतु अनिवार्यता प्रमाण–पत्र 'ए' ही में भरकर दावा प्रस्तुत किया जाएगा।

(VI) निजी चिकित्सक/चिकित्सालयों में तभी उपचार कराया जाए जब उक्त उपचार सरकारी चिकित्सालयों में उपलब्ध न हो तथा सरकारी चिकित्सालय के सक्षम चिकित्सक द्वारा निजी चिकित्सालय में उपचार कराये जाने हेतु सन्दर्भित किया गया हो।

(VII) समस्त कार्यालयाध्यक्षों का यह उत्तरदायित्व होगा कि उनके स्तर से स्वीकृत होने वाले उपचार से सम्बन्धित दावों में उपरोक्तानुसार निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करें। कार्यालयाध्यक्ष का यह भी उत्तर दायित्व होगा कि पुलिस मुख्यालय को अग्रसारित किये जाने वाले चिकित्सा दावों में भी उपरोक्तानुसार भली–भाँति परीक्षण करके अपेक्षित सूचना/प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से संलग्न किया जाए। सूचना/प्रमाण–पत्र के अभाव में अपूर्ण चिकित्सा दावों को पुलिस

<u>मुख्यालय को अग्रसारित न किया जाए।</u>

2- måÁå ifyl ,o vkEM Qkslst lgk;rk laLFkku }kjk vkfFkd lgk;rk

उत्तर प्रदेश पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान द्वारा (जारी पुस्तक) ¼lyXud&22½ आर्थिक सहायता प्रदेश में कानून व्यवस्था के रख–रखाव/साम्प्रदायिक दंगों/दैवी आपदाओं एवं उनके दौरान बचाव कार्य /दस्यु उन्मूलन अभियान/अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु समय–समय पर केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा परिचालित अन्य विशेष अभियानों /आतंकवाद की घटनाओं में वीरगति प्राप्त हुए/स्थाई रूप से अपंग हुये मामलों में पुलिस/पीएसी कर्मियों एवं उनके आश्रितों, जो उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हो, के कल्याण हेतु संचालित योजनायें निम्नवत् हैः–

1. अनुग्रह अनुदान।
2. जीवन निर्वाह भत्ता हेतु आर्थिक सहायता।
3. लड़कियों की शादी हेतु आर्थिक सहायता। (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम न हो)
4. वार्षिक शिक्षा अनुदान।
5. चिकित्सा व्यय के प्रतिपूर्ति की सुविधा।

¼v½ vuqxg vuqnku%

¼1½ ohjxfr dks Áklr ekeys esa

क्रमांक		पवन आपरेशन प्रारम्भ होने की तिथि से 24.04.95 तक के मामलों में (रु.)	दि० 25.04.95 से 31.03.98 तक के मामलों में (रु.)	दिनांकः01.04.98 से 31.12.03 तक के मामलों में (रु.)	दिनांकः01.01.04 से 12.11.09 उसके के बाद मामलों में (रु.)	दिनांकः13.11.09 व उसके के बाद मामलों में (रु.)
1	कमीशण्ड आफिसर	5000/–	50,000/–	75,000/–	1,50,000/–	2,50,000/–
2	जूनियर कमीशण्ड आफिसर	3,000/–	30,000/–	45,000/–	90,000/–	2,50,000/–
3	अन्य श्रेणी	2,000/–	20,000/–	45,000/–	90,000/–	2,50,000/–

¼2½ LFkk;h :Ik ls vaix ?kksf"kr ekeyksa esa

क्रमांक		पवन आपरेशन प्रारम्भ होने की तिथि से 24.04. 95 तक के मामलों में (रु.)	दि० 25.04. 95 से 31. 03.98 तक के मामलों में (रु.)	दिनांकः01. 04.98 से 31.12.03 तक के मामलों में (रु.)	दिनांकः01. 01.04 से 12.11.09 उसके के बाद मामलों में (रु.)	दिनांकः13. 11.09 व उसके के बाद मामलों में (रु.)
1	कमीशण्ड आफिसर	2000/–	20,000/–	30,000/–	60,000/–	1,00,000/–
2	जूनियर कमीशण्ड आफिसर	1,500/–	15,000/–	22,000/–	45,000/–	1,00,000/–
3	अन्य श्रेणी	1,000/–	10,000/–	22,500/–	45,000/–	1,00,000/–

(नोटः– उपर्युक्तानुसार प्रबन्ध समिति द्वारा दिनांकः13.11.2009 एवं उसके पश्चात् वीरगति को प्राप्त हुये अधिकारियों/कर्मियों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान की धनराशि रु. 2,50,000/– समान रूप से तथा स्थायी रूप से अपंग घोषित अधिकारियों/कर्मियों को धनराशि रु. 1,00,000/– समान रूप से दिये जाने का निर्णय लिया गया)

¼c½ thou fuokZg gsrq&

क्रमांक		पवन आपरेशन प्रारम्भ होने की तिथि से 24. 04.95 तक के मामलों में (रु.)	दि० 25.04. 95 से 31. 12.03 तक के मामलों में (रु.)	दिनांकः01.01. 04 से 12.11. 09 उसके के बाद मामलों में (रु.)	दिनांक :13. 11.09 व उसके के बाद मामलों में (रु.)
1	एक मुश्त एक बार हवलदार रैक तक के मामलों मे ही सहायता प्रदान की जाती है।	1,000/–	5,000/–	10,000/–	20,000/–

नोटः–यह सहायता केवल उन्हीं मामलों में प्रदान की जायेगी जिनकी आर्थिक

स्थिति ठीक न होने के कारण वास्तव में जीवन–यापन करना कठिन हो गया हो।

¼l½ yMfd;ksa dks fookg gsrq%&

क्रमांक		पवन आपरेशन प्रारम्भ होने की तिथि से 24.04.95 तक के मामलों में (रु.)	दि० 25.04.95 से 31.12.03 तक के मामलों में (रु.)	दिनाक :01.01.04 व उसके के बाद मामलों में (रु.)	दिनाकः13.11.09 व उसके के बाद मामलों में (रु.)
1	(जिनकी विवाह के समय कम से कम 18 वर्ष की आयु हो) यह सहायता हवलदार रैंक तक के मामलों में ही प्रदान की जाती हैं। सिपाही, लान्सनायक, नायक एवं हवलदार एवं पुलिस पी.ए.सी. के समतुल्य रैंक।	1,500/–	15,000/–	30,000/–	60,000/–

नोटः–विवाह हेतु केवल वे ही प्रार्थना–पत्र भेजे जायें जिसमें विवाह की तिथि 13.11.2009 या उसके पश्चात की हो। इन मामलों में केवल 13.11.2009 से लागू दरों पर ही भुगतान किया जायेगा। उपरोक्त स्वीकृत धनराशि की 50 प्रतिशत धनराशि संबंधित मामलों में नकद रूप में भुगतान की जायेगी तथा शेष 50 प्रतिशत की राशि का भुगतान राष्ट्रीय बचत प्रमाण–पत्रों के रूप में किया जायेगा। प्रार्थी को तद्नुसार निर्धारित प्रार्थना–पत्र में अपना विकल्प अंकित करना होगा। यह सहायता हवलदार रैंक तक एवं समतुल्य रैंक तक के मामलों में ही अनुमन्य है।

¼n½ fo'ks"k fpfdRlk gsrq%&

जैसे–कैंसर, हृदय प्रत्यारोपण, प्लास्टिक सर्जरी व मस्तिक की शल्य चिकित्सा हेतु सहायता।

¼x½ okf"kZd f'k{kk vuqnku

संस्थान द्वारा उक्त योजना के लाभभोगियों के आश्रितों (भाई, बच्चे, बहन, मृतक पुत्र की विधवा व बच्चे, जो उन पर पूर्णतया आश्रित हों) को सामान्य शिक्षा हेतु 22 वर्ष की आयु तक एवं प्राविधिक शिक्षा/मैनेजिरियल /व्यवसायिक /कृषि पाठ्यक्रम हेतु 25 वर्ष आयु तक के आश्रितों को वार्षिक शिक्षा सहायता प्रदान की जाती है। प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रपत्र में अपने जिले/इकाई के माध्यम से पुलिस/पीएसी मुख्यालय को संस्थान को प्रेषित करने हेतु भेजे जाते हैं। प्रार्थना पत्र वर्ष में 31 अक्टूबर तक संस्थान को पहुँच जाना चाहिए।

उक्त के सम्बन्ध में उ०प्र० पुलिस एवं आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान द्वारा दिनांकः11.12.2009 द्वारा निम्नानुसार सहायता दिये जाने की व्यवस्था की गयी हैः–

1	9 से 10 तक	1600/–
2	11 से 12 तक	2000/–
3	बी०ए०/बी०काम०/बी०टी०सी०/बी०एस०सी०(ए०जी०)/बी०एड०/ एल०एल० बी०/बी०एस०सी०(लिब)/एल०टी०/एम० ए० तथा एम०काम०	2800/–
4	एम०एस०सी०/एल०एल०एम०/एम०एस०सी०(ए०जी०)/ एम०एस०डब्लू०/एम०एड० तथा एम०बी०ए०	3200/–
5	पी०एच०डी०, एल०एल०डी० तथा एम०फिल०(शोध कार्य में दी जाने वाली आर्थिक सहायता अब मेरिट के आधार पर केवल दो छात्रों को अनुमन्य होगी)	20000/–
6	कोचिंग के लिए (प्रतियोगात्मक परीक्षा/उच्च शिक्षा) मेरिट के आधार पर केवल दो छात्रों को अनुमन्य होगी।	4000/–

Ákfof/kd@eSuStfj;y@0;kolkf;d f'k{kk&

1	आई०टी०आई० सर्टीफिकेट पाठ्यक्रम जहाँ पर भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल से नीचे या बराबर हो।	3200/–
2	सर्टीफिकेट या डिप्लोमा पाठ्यक्रम जहाँ पर भर्ती के लिए न्यून्तम योग्यता हाईस्कूल के ऊपर या उसके समकक्ष हो।	4000/–
3	डिग्री पाठ्यक्रमों जैसे–बी०बी०एम०सी०/बी०डी०एस०/बी०यू०एम०एस/ बी०ए०एम०एस०/ बी०एच०एम०एस०।	6000/–
4	बी०टेक०, एम०टेक० तथा एम०बी०बी०एस०	10000/–
5	कम्प्यूटर शिक्षा हेतु डायरेक्टर आफ टेक्निकल एजूकेशन, डिपार्टमेन्ट आफ	20000/–

	इलेक्ट्रानिक (भारत सरकार) या किसी विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में एक वर्ष या उससे अधिक प्रशिक्षण प्राप्त करने पर प्रति प्रतिक्षार्थी को आर्थिक सहायता अनुमन्य।	

¼3½ lLFkku d ykHkHkkfx;k ,o vud vkfJrk dk fpfdRlk 0;; Áfrifr dh lfo/kk nuk

संस्थान द्वारा केवल विशेष चिकित्सा जैसेः– कैंसर, हृदय प्रत्यारोपण, प्लास्टिक सर्जरी, मस्तिष्क की शल्य चिकित्सा हेतु केवल सेना के हवलदार रैंक तथा पुलिस एवं पीएसी बल के सम्बन्धित समतुल्य रैंक तक के लाभभोगियों एवं उनके आश्रितों को किसी सरकारी अस्पताल, संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, ऑल इण्डिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइसेंज, जिन्हें भी मामले संदर्भित किये जायें, वहाँ के विशेषज्ञ चिकित्सक की संस्तुति पर अनुमानित व्यय के 75 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि सहायता के रूप में अनुमन्य होगी।

उल्लेखनीय है कि संस्थान द्वारा परिचालित उपरोक्त योजनाओं के लाभभोगियों के जो भी दावा प्रपत्र इस मुख्यालय को भेजे जायें, वे निर्धारित प्रपत्र में ही भेजे जायें तथा लाभभोगियों के दावा प्रपत्र को निम्नांकित चेक लिस्ट के अनुसार ही जाँच कर भेजे जायेंः–

¼d½ mRrj Án'k vkEM Qkl t lgk;rk lLFkku d vUrxr vuxg /kujkf'k gr vkonu i= d fy;½–

(अ) मृत घोषित मामलों मेंः–

1. प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित मूल आवेदन पत्र
2. मृत घोषित किये जाने का डाक्टरी सर्टीफिकेट
3. पार्ट–II आदेश की प्रति पर सक्षम अधिकारी की संस्तुति/मुहर सहित।

(ब) स्थाई रूप से अपंग मामलों में (सेवानिवृत्त होने की दशा में)

1. स्थाई रूप से अपंग घोषित किये जाने का मेडिकल प्रमाण–पत्र
2. संबंधित रिकाड्र्स आफिस के द्वारा स्थायी रूप से अपंग घोषित किये जाने का प्रमाण–पत्र, जिसमें अपंगता का प्रतिशत एवं संबंधित सैन्य कर्मी की सेवानिवृत्ति होने की तिथि अंकित हो।

(ख) जीवन निर्वाह भत्ता हेतु आवेदन पत्र

1. प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित मूल आवेदन पत्र।
2. संस्थान तथा अन्य श्रोतों से अब तक प्राप्त की गयी आर्थिक सहायता का वर्षवार विवरण।
3. आश्रितों की संख्या, आयु सहित।

(ग) वार्षिक शिक्षा अनुदान

1. प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित मूल आवेदन पत्र।
2. विद्यार्थी का जन्म प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा।
3. अन्तिम उत्तीर्ण परीक्षा के अंक पत्र की प्रमाणित प्रति।
4. शैक्षिक संस्था की प्रमाणित प्रगति रिपोर्ट संलग्न की जाये।

(घ) शादी हेतु सहायता के लिए आवेदन पत्र

1. प्रार्थी द्वारा हस्ताक्षरित मूल आवेदन पत्र
2. आश्रिता जिसकी शादी होनी है, का जन्म प्रमाण पत्र
3. विवाह की सम्भावित तिथि
4. अन्य श्रोतों से इस सम्बन्ध में प्राप्त सहायता का विवरण यदि कोई मिला हो।

3- fodykax deZpkfj;ksa dks fy;s okgu O;; Áfrifrl HkRrk

शासनादेश संख्या.916/65–1–2000 दिनांक 19.06.2008 ¼lyXud&23-1½ के अनुक्रम में शासनादेश संख्या 137/65–1– 2008–380/96, दिनांक:12.05.2008 ¼lyXud&23½ द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम (विकलांग) कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल (कार्यालय) आने तथा वापस जाने में होने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए उक्त कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण किया गया है। इस सम्बन्ध में उक्त कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमानों में पूर्व निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न स्तम्भ में उल्लिखित दर से वाहन भत्ता पुनरीक्षित किया जाता है:–

क्रमांक	पुनरीक्षित वेतनमानों में वेतन स्तर (मूल वेतन)	वाहन भत्ते की पुनरीक्षित दर (रु. प्रतिमाह)
1	रु., 3049.00 तक	300.00
2	रु., 3050.00 से 5999.00 तक	400.00
3	रु., 6000.00 से अधिक	500.00

* उक्त वाहन भत्ते को "वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ता" नाम से जाना जाएगा।

4- ifjokj fu;kstu oS;fDrd osru

चिकित्सा अनुभाग–11 के शासनादेश संख्या–प.क. 4601/16–11–79–9/155/79 दिनांक 23.02.1980 ¼lyXud&24-4½ ऐसे सरकारी सेवकों जिन्होंने अपने परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखा है, कतिपय शर्तो के अधीन प्रोत्साहन के रूप में

एक वेतन वृद्धि के बराबर धनराशि वैयक्तिक वेतन के रूप में दिनांक 01.01.1979 से स्वीकृत की गयी तथा शासनादेश संख्या–वे०आ०–1–1982 /दस–46(एम)1982, दिनांक 02.05.1982 के अनुसार उपरोक्त वैयक्तिक वेतन को दिनांक 08.12.2008 ¼lyXud&24½ के स्वीकृत नये वेतनमानों (वेतन बैण्ड) के आधार पर देने के आदेश जारी किये गये है।

क्र० सं०	दिनांकः01.01.1996 से प्रभावी वेतनमान	दिनांकः01–01–2006 से लागू वेतन बैण्ड	सादश्य ग्रेड–पे	स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन की पुनरीक्षित दरें
1	2550–55–2660–60–3200	4440–7440	1300	210
2	2610–60–3150–65–3540	4440–7440	1400	
3	2650–65–3300–70–4000	4440–7440	1650	
4	2750–70–3800–75–4400	5200–20200	1800	
5	3050–75–3950–80–4590	5200–20200	1900	
6	3200–85–4900	5200–20200	2000	
7	4000–100–6000	5200–20200	2400	
8	4250–100–5150–125–6400	5200–20200	2800	250
9	4500–125–7000	5200–20200	2800	
10	4500–125–7250	5200–20200	2800	
11	5000–150–8000	9300–34800	4200	400
12	5500–175–9000	9300–34800	4200	
13	6500–200–10500	9300–34800	4200	
14	7450–225–11500	9300–34800	4600	450
15	7500–250–12000	9300–34800	4800	500
16	8000–275–13500	9300–34800	5400	550
17	8550–275–14600	15600–39100	5400	
18	10000–325–15200	15600–39100	6600	650

19	10650—325—15850	15600—39100	6600	
20	12000—375—16500	15600—39100	7600	750
21	14300—400—18300	15600—39100	8700	800
22	16400—450—20000	37400—67000	8900	900
23	18400—500—22400	37400—67000	10000	1000

* परिवार कल्याण से संबंधित चिकित्सा अनुभाग—11 के शासनादेश संख्या 3258/16—11— 85—9(7)85 दिनांक 05.07.1985 के द्वारा वैयक्तिक वेतन स्वीकृत करने के लिए निम्नलिखित स्पष्टीकरण जारी किया गया है :—

(1) जिन्होंने 40 वर्ष की आयु के पूर्व अपना परिवार दो बच्चों तक सीमित रखा हो और अपना या अपनी पत्नी की नसबंदी करा ली हो।

(2) अथवा 40 वर्ष से अधिक के ऐसे कर्मचारी जिनके परिवार दो बच्चों तक सीमित हों और सबसे छोटे बच्चें की आयु 10 वर्ष या उससे अधिक हो।

(3) शासनादेश संख्या—वे०आ०—1—3148/दस—46(एम)/82, दिनांक 16.10. 1982 ¼lyXud&24-1½के अनुसार उक्त वैयक्तिक वेतन सेवानिवृत्ति की तिथि तक मिलता रहेगा।

(4) शासनादेश संख्या—जी—2—1985/दस—2008—339/2008 दिनांक 11. 12.2008 ¼lyXud&24½ में यह सुविधा प्रदान की गयी की उपरोक्त स्वीकृत व्यैक्तिक वेतन को बढ़ाकर समकक्ष पद हेतु पुनरीक्षित वेतनमान जो 1 दिसम्बर 2008 से वेतन समिति की संस्तुतियों के अनुसार स्वीकृत किया जाएगा।

5- ifjokj fu;kstu ls lEcfU/kr fu;eksa dk lkjka'k

सरकारी सेवकों के अन्दर परिवार नियोजन की भावना जागृत करने हेतु तथा उसके प्रोत्साहन हेतु निम्नलिखित सुविधाएं भी प्रदान की गयी हैः—

* गृह निर्माण अग्रिम, मोटर कार, मोटर साईकिल तथा स्कूटर अग्रिम आदि की स्वीकृति में अन्य सरकारी सेवकों की अपेक्षा उनको प्राथमिकता दी जाएगी जिन्होंने परिवार नियोजन करा लिया है।
* नसबन्दी ऑपरेशन कराने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाएगा।
* महिला कर्मचारियों को लूप लगवाने हेतु विशेष आकस्मिक अवकाश की

सुविधा प्रदान की जाएगी।

* एक बार ऑपरेशन बिगड़ जाने पर दूसरी बार ऑपरेशन कराने हेतु भी विशेष आकस्मिक अवकाश प्रदान किया जाएगा।
* महिला कर्मचारियों को गर्भपात कराने हेतु प्रत्येक बार 6 सप्ताह का पूरे वेतन पर विशेष प्रसूति अवकाश स्वीकृत किया जायेगा। ऐसा अवकाश उनको अब सेवा काल में असीमित बार मिल सकता है किन्तु इसके लिए राजकीय महिला चिकित्सालय की मुख्य अधीक्षिका का प्रमाण पत्र आवश्यक होगा।

l;yXu% Álfr vodk'k l;yXud

* उपरोक्त प्रसूति अवकाश के मध्य दो वर्ष के अन्तर होने की शर्त भी लागू नहीं होगी। (विज्ञप्ति संख्या सा–4–484/दस, दिनांक 03.05.1990)

6- vjkt if=r vf/kdkfj;k dk onh HkRrk dk Hkqxrku

शासनादेश संख्या 2826/छः–पु–1–11–151/09, दिनांक 20.10.2011 ¼l;yXud&25½ द्वारा क्रमशः निरीक्षक से सहायक उपनिरीक्षक तक तथा हे०कां०/कान्स० एवं चतुर्थ श्रेणी को निम्नवत दर से वर्दी भत्ता/वर्दी प्रतिपूर्ति भत्ता अनुमन्य हैः–

पद नाम	प्रारम्भिक वर्दी भत्ता	नवीनीकरण भत्ता	धुलाई/अनुरक्षण भत्ता
निरीक्षक/उप निरीक्षक संवर्ग के अराजपत्रित अधिकारी	6000–00	6000–00 (प्रत्येक पांच वर्ष पर)	150–00 प्रतिमाह
हेड कान्स०/कान्स० संवर्ग के कर्मचारी	4800–00	1800–00 (प्रतिवर्ष)	150–00 प्रतिमाह
समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	4000–00	1200–00 (प्रतिवर्ष)	12–00 प्रतिमाह

प्रत्येक वर्ष में जिन कर्मचारियो को वर्दी भत्ता की धनराशि देय हो अथवा पूर्व वर्षों में किन्हीं कारणों से भुगतान न किया गया हो, उनके अनुदान हेतु मांग–पत्र अलग–अलग प्रारूप में संकलित करके माह जुलाई तक के देय कर्मियों का मांग–पत्र 15 अगस्त तक तथा माह दिसम्बर तक के देय कर्मियों का मांग–पत्र 15 जनवरी तक अवश्य पुलिस मुख्यालय को प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना होता है। मांग–पत्र भेजते समय कृपया इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी अराजपत्रित अधिकारी को देय मूल वर्दी भत्ता की गणना निम्न प्रकार करें:–

(क)	सीधी भर्ती के उप निरीक्षक ना०पु०	प्रशिक्षणोपरान्त एक वर्ष 7 माह पश्चात्
(ख)	रैंकर उपनिरीक्षक ना०पु० जो पीटीसी मुरादाबाद में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है।	7 माह पश्चात्
(ग)	पैरा 191 आफिस मैनुअल के अन्तर्गत प्रोन्नति पाये हुये उपनिरीक्षक जो उपनिरीक्षक पद पर लगातार आफिसियेट कर चुके है।	7 माह पश्चात्
(घ)	लिपिकीय शाखा में अनुमोदित अभ्यर्थियों जो ए०एस०आई० (एम) के पद पर लगातार आफिसियेट कर चुके है।	7 माह पश्चात्

7 माह पश्चात् मूल वर्दी भत्ता के अतिरिक्त समस्त अराजपत्रित अधिकारियों को प्रति 05 वर्ष पश्चात् नवीनीकरण वर्दी भत्ता देय होगा। कृपया इस तथ्य को ध्यान में रखकर वर्दी भत्ता की मांग वर्ष में दो बार प्रथम, 31 अगस्त तथा द्वितीय, 10 जनवरी तक निर्धारित प्रारूप में पुलिस मुख्यालय अवश्य भेजें। वर्दी भत्ता की मांग टुकड़ों में नही की जायेगी। निर्धारित अवधि के अन्दर यदि आप की मांग पुलिस मुख्यालय को नहीं प्राप्त हुई तो यह समझा जाता है कि आपकी मांग शून्य है तथा बाद में कोई भी धनराशि वर्दी भत्ता के अन्तर्गत आवंटित नहीं की जायेगी।

एल०आई०यू० शाखा में नियुक्त अराजपत्रित अधिकारियों का मांग–पत्र अभिसूचना विभाग उ०प्र०, लखनऊ को विलम्बतम् 31 अगस्त तक अवश्य भेज दी जाय।

फायर सर्विस में नियुक्त एफ०एस०ओ०/एफ०एस०एस०ओ० के विषय में भी निर्धारित प्रारूप में सूचना अलग से संदर्भ किया जायेगा।

निलम्बित अधिकारियों के लिए वर्दी भत्ता की मांग नहीं की जायेगी। इसके लिए अलग से संदर्भ किया जायेगा।

यदि कोई अराजपत्रित अधिकारी वर्दी नवीनीकरण भत्ता के डेढ़ वर्ष के भीतर सेवानिवृत होने वाला हो अथवा उक्त भत्ता की देय तिथि को सेवानिवृत्ति के पूर्व अवकाश पर हो तो उसे वर्दी भत्ता देय नहीं है।

मांग–पत्र भेजते समय बड़ी सावधानी से सेवाभिलेख की छानबीन के उपरान्त ही मांग–पत्र कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर से पुलिस मुख्यालय भेजा जायेगा तथा अन्त में इस आशय का प्रमाण–पत्र भी अंकित किया जाय कि मांग–पत्र में अंकित कर्मचारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित देय तिथि से वास्तविक रूप से देय है। इसमें किसी प्रकार की कोई त्रुटि नहीं है। मांग–पत्र में उक्त प्रमाण–पत्र अंकित न होने की दशा में मांग–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

7- ifyl ind dk lkFk feyu okys HkRrs

पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस पदक के साथ मिलने वाले अर्थिक भत्ता को संशोधित करते हुये भारत सरकार द्वारा संस्तुत पुलिस एवं अग्निशमन सेवा के राजपत्रित व अरापजत्रित श्रेणी के पुलिस पदक प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को शासनादेश संख्या 1142 पी/छः–पु–6–09–500 (56)/98 दिनांक 2 जुलाई, 2009 ¼lyXud&26½ से निम्नांकित बढ़ी दरों पर पदक भत्ते का भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी हैः–

1	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक	रु. 1500/– प्रति माह
2	वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक का बार	रु. 1500/– प्रति माह
3	वीरता हेतु पुलिस पदक	रु. 900/– प्रति माह
4	वीरता हेतु पुलिस पदक का बार	रु. 900/– प्रति माह

lyXud&1

संख्याः6597 / 8–7–265 / 81

प्रेषक,

श्री एस०एल०एस० कुमय्या,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश इलाहाबाद / लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग–7 दिनांक :लखनऊः 7 फरवरी 1983

विषयः– पुलिस सुख–सुविधा निधि।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के अ०शा० पत्र संख्याः12 / –315–81, दिनांक 15–12–1982 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्रीराज्यपाल पुलिस सुख–सुविधा के अन्तर्गत व्यय की वर्तमान अनुमोदित मदों में निम्नलिखित संशोधन किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हैः–

(1) इस निधि के प्राविधान से शासन द्वारा अनुमोदित सुख–सुविधा की मदों के लिए आर्थिक सहायता पुलिस एवं अग्निशमन विभाग के समस्त अराजपत्रित कर्मचारियों (वर्ग–घ के कर्मचारियों को सम्मिलित करके) को अनुमन्य होगी।

(2) सुख–सुविधा को वर्तमान मद संख्या (डी) में बीमारी के पश्चात कर्त्तव्यपालन के दौरान हुई घटना से मृत्यु या हानि शब्दों को जोड़ दिया जाए।

(3) वर्तमान मद संख्या (डी) (वी) में पुस्तकों शब्द के आगे ''लेखन सामग्री'' शब्द बढ़ा दिया जाए तथा शब्द ''हाईस्कूल तक'' हटा दिया जाए।

(4) वर्तमान मद संख्या (एल) में शब्द सिलाई मशीन के आगे ''बुनाई तथा कड़ाई के उपकरण / मशीन'' शब्द जोड़ दिये जाए।

(5) मद संख्या (के) अर्थात स्थानीय निकायों द्वारा पुलिस कान्स० / हेड कान्स० पर लगाये गये विभव एवं सम्पत्ति कर का भुगतान के मद को हटा दिया जाए।

(6) वर्तमान अनुमोदित मदों के सूची में निम्नलिखित नया मद (एल) बड़ा दिया जाएः–

''पुलिस लाइनों, पी०ए०सी० वाहिनियों तथा अन्य इकाईयों में कन्टीनों की सुविधा।

2. पुलिस कर्मचारियों के सुख–सुविधा निधि का वर्तमान बजट प्राविधान अपर्याप्त तथा उसे तुरन्त बढ़ाना आवश्यक एवं अपरिहार्य है। अतः श्री राज्यपाल इस प्रयोजन हेतु राज्य आकस्मिकता निधि से रु. 10,00,000/–(रु. दस लाख मात्र) का अग्रिम लेकर व्यय की स्वीकृति प्रदान करते है। अग्रिम की उक्त धनराशि प्रतिनियुक्त अनुपूरक अनुदान के माध्यम से यथासमय कर ली जायेगी। इस धनराशि का उपयोग अधिनस्थ कर्मचारियों के सुख–सुविधा की उच्चतम प्राथमिकता के मदों पर किया जायेगा।

3. उपर्युक्त व्यय प्रथमतः राज्य आकस्मिकता निधि के नाम डाला जायेगा और अन्तः लेखाशीर्षक'' 255–पुलिस–आयोजनेत्तर–झ–पुलिस कर्मचारी वर्ग का कल्याण–(1) पुलिस कर्मचारियों की सुख–सुविधा–अन्य व्यय तथा 260 अग्नि सुरक्षा तथा उसपर नियन्त्रण–क–सुरक्षा तथा नियंत्रण (1) मुख्य अन्य व्यय–(1) कर्मचारियों की सुविधा'' के नामे डाला जायेगा।

भवदीय,

ह०

(एस०एल०एस० कुमय्या)

सयुंक्त सचिव

वित्त विभाग

संख्याःई–12–सी–एफ–181/10–1993

प्रतिलिपि महालेखाकार, उ०प्र० इलाहाबाद को प्रेषितः–

भवदीय,

ह०./अ०

(एस०एल०एस० कुमय्या)

सयुंक्त सचिव

संख्याः6597(1)/8–7–265/81 तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. वित्त(ई–12)–अनुभाग।
2. वित्त(बजट)अनुभाग–2।

आज्ञा से,

ह०./अ०

(एस०एल०एस० कुमय्या)

सयुंक्त सचिव

lyXud&1-1

e[;ky; iqfyl egkfun'kd mÙkj y[kuÅ&1

संख्याःडीजी–परिपत्र–एसएएफ–2005 दिनांक : जून 9, 2005

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।

fo"k; :– राज्य सुख–सुविधा निधि शीर्षक के अन्तर्गत नीति/प्रक्रिया के निर्धारण के सम्बन्ध में।

राज्य सुख सुविधा निधि से प्रतिवर्ष पुलिस की विभिन्न इकाईयों को काफी धन आवंटित किया जाता है जिसका उद्देश्य विभाग में स्थायी रूप से मनोरंजन एवं सुख–सुविधा हेतु विभिन्न उपकरण/साज–सज्जा के सामानों का क्रय किया जाना है, जिससे सामूहिक रूप से कर्मचारियों द्वारा मनोरंजन एवं सुविधाओं का लाभ उठाया जा सके। परन्तु यह देखने में आया है कि अधिकांश इकाईयों में राज्य सुख–सुविधा निधि की धनराशि उपरोक्त मदों में व्यय न करके आरक्षियों एवं अन्य कर्मचारियों को व्यक्तिगतरूप से धन स्वीकृत करके उक्त धनराशि का उपयोग किया जाता है। इसमें अधिकांश कर्मचारी ऐसे होते हैं जो अधिकारियों के कार्यालय/पेशी में तैनात होते हैं। इससे इस सुविधा का लाभ सभी कर्मचारियों को नहीं मिल पाता है। उपरोक्त प्रक्रिया अत्यन्त आपत्तिजनक है।

2– राज्य सुख–सुविधा निधि में आवंटित धनराशि से व्यय न करने के संबंध में शासनादेश 6597/आठ–7–265/81, दिनांक 07–02–1983 के द्वारा मदें निर्धारित की गई हैं। इनमें मुख्यतः निम्न मदों पर व्यय अधिकृत किया गया हैः–

(i) मनोरंजन कक्ष हेतु समाचार–पत्र, पुस्तिकायें, पुस्तकें, रेडियो, ट्रांजिस्टर सेट तथा टेलीविजन रेडियो।

(ii) उचित मामले में अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों के बच्चों हेतु कपड़ों की व्यवस्था।

(iii) बच्चों के खेल के मैदान (चिल्ड्रेन पार्क) मनोरंजन कक्षों एवं क्लब में अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों के बच्चों हेतु खेलकूद के सामान का प्रबन्ध।

(iv) बीमारी तथा अचानक आपत्तिकाल में पुलिस कर्मियों एवं उसके परिवार को आर्थिक सहायता दिया जाना। जैसे– दाह संस्कार हेतु, बाढ़/आग इत्यादि में उसकी सम्पत्ति हुई क्षति, लम्बी बीमारी, मृत अथवा दंगों के दौरान घायल

होने पर।

(v) पुलिस कल्याण केन्द्र में डाक्टरों की संस्तुति के अनुसार दवाईयों का क्रय।

(vi) अंशकालिक डाक्टरों/दाईयों के आनरेरिया का भुगतान।

(vii) पुलिस कर्मचारियों के परिवारों हेतु बुनाई, सिलाई, कढ़ाई सिखाने के लिये अध्यापिकाओं की नियुक्ति तथा बच्चों के स्कूलों हेतु अध्यापकों के आनरेरिया भुगतान पर किया जाना चाहिए।

3– उपरोक्त धनराशि के व्यय को और अधिक उपयोगी बनाने के लिये निम्न निर्देश जारी किये जाते हैः–

(1) यह ध्यान रखा जाय कि राज्य सुविधा निधि से उपरोक्त सभी मदों में आवश्यकतानुसार/समुचित रूप से व्यय किया जाय। विशेष रूप से थाने पर अखबार मंगाया जाना अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए।

(2) अधीनस्थ पुलिस कर्मचारियों को बीमारी अथवा अन्य कारणों से आर्थिक सहायता प्रदान की जा सकती है, परन्तु यह सुनिश्चित किया जाय कि इस प्रकार व्यक्तिगत रूप से कर्मचारियों को स्वीकृत धनराशि कुल अनुदान के 15 प्रतिशत से अधिक न हो।

(3) वर्तमान वित्तीय वर्ष में राज्य सुख–सुविधा निधि शीर्षक के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि उक्त निर्देशों के अनुसार ही व्यय की जाय तथा वर्ष 2006–07 के आगणन तैयार करने में उक्त नीति को ही आधार बनाया जाय।

4– उक्त आदेश का पालन कड़ाई से सुनिश्चित किया जाय।

<u>संलग्नक</u> : उपरोक्तानुसार।

हस्ताक्षर

(यशपाल सिंह)

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश,

लखनऊ।

l;yXud&2

संख्याः6427 / आठ–7–187 / 80

प्रेषक,

श्री एस०एल०एस० कुमय्या,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश इलाहाबाद / लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग–7 दिनांक :लखनऊः 12 जनवरी 1983

विषयः– उत्तर प्रदेश पुलिस कल्याण निधि पर अर्जित व्याज की धनराशि का पुलिस कल्याण की योजनाओं पर व्यय हेतु स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के अ०शा० पत्र संख्याः12–7–81, दिनांक 17–12–1982 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्रीराज्यपाल वर्तमान वित्तीय वर्ष 1982–83 में संलग्न नियमावली में उल्लिखित पुलिस कल्याण की मदों पर रु. 61,80,000/– (रु. एकसठ लाख अस्सी हजार मात्र) की धनराशि व्यय हेतु आपके निस्तारण पर रखने की स्वीकृति प्रदान करते है।

2. उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष के आय–व्ययक में लेखाशीर्षक ''255 पुलिस आयोजनेत्तर–झ–पुलिस कर्मचारियों का कल्याण(7) पुलिस कल्याण की योजनाओं पर व्यय'' के नामें डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याःई–12 / 110 / 10–83, दिनांक 18 जनवरी 1983 के द्वारा प्राप्त उसकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय,
ह० / एस०एल०एस० कुमय्या
सयुंक्त सचिव,

संख्याः6427(1)/आठ–7 तद् दिनांक

प्रतिलिपि संलग्न नियमावली के साथ निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. वित्त (व्यय नियंत्रण)अनुभाग–12

आज्ञा से,

ह०/एस०एल०एस० कुमय्या

सयुंक्त सचिव,

mRrj Án'k ifyl dY;k.k fuf/k ij vftr 0;kt dh /kujkf'k d mi;kx l lcf/kr fu;ekoyh%–

उत्तर प्रदेश कल्याण निधि पर अर्जित व्याज की धनराशि का उपयोग पुलिस कल्याण की योजनाओं/मदों पर किया जायेगा, जिसके लिए व्याज की धनराशि के समतुल्य धनराशि का प्राविधान राजस्व शीर्षकः– 255–पुलिसः– के अन्तर्गत किया जायेगा।

2. विधान मण्डल द्वारा बजट पारित किये जाने के पश्चात पुलिस कल्याण की योजनाओं मदों के लिए आय–व्ययक में प्राविधानित धनराशि निम्नलिखित कल्याण कारी कार्यक्रम पर व्यय हेतु पुलिस महानिरीक्षक के निस्तारण पर रख दी जायेगी।

(1) अराजपत्रित पुलिस कर्मियों के भवनों जैसे–हास्टल, प्रसूतिगृह, मनोरंजन गृह, जिम्नास्टिक, पुलिस क्लब, बच्चों के लिए हास्टल, बच्चों के लिए पार्क आदि भवनों का निर्माण, सुधार, उनमें बिजली पानी की व्यवस्था, साज–सज्जा उपकरण तथा रख–रखाव आदि।

(2) अपंग/मानसिक रोग से ग्रस्त, विकलांग सेवारत पुलिस कर्मियों तथा उनके परिवार के सदस्यों को इलाज के लिए आर्थिक सहायता।

(3) सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों के मृत्यु की दशा में जहॉ पर उनके परिवार की दशा अत्यन्त दयनीय हो, अंतिम संस्कार के लिए आर्थिक सहायता।

(4) सेवारत/सेवानिवृत्त अराजपत्रित पुलिस/अग्नि कर्मियों के मेधावी बच्चों की शिक्षा।

ह०/

एस०एल०एस० कुमय्या

सयुंक्त सचिव,

l;yXud&3

Funds in U.P. Police

U.P. Police Education Fund

श्रेणी	सक्रिय सेवा करते समय मृत्यु की स्थिति में अनुमन्य धनराशि	कर्तव्य पालन के दौरान घायल होने की स्थिति में अनुमन्य अनुग्रह धनराशि
श्रेणी–1	50,000/–	5,000/–
श्रेणी–2	40,000/–	5,000/–
श्रेणी–3	30,000/–	5,000/–
श्रेणी–4	20,000/–	5,000/–

8– विशेष जोखिम भरे कार्य करते समय विशिष्ट वीरता, अदम्य साहस एवं कौशल का प्रदर्शन करने के फलस्वरूप वीरगति (मृत्यु) के प्रकरणों में पुलिस मुख्यालय को प्रेषित प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित अभिलेख अवश्य संलग्न किये जायंः–

a. अधिकारी/कर्मचारी की रवानगी पुष्टि में रवानगी की जीडी की नकल रपट एवं रवानगी के दिनांक की पूरी जीडी (प्रारम्भ से अन्त तक) की तीन–तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

b. यदि अधिकारी/कर्मचारी नियंत्रण कक्ष या किसी अन्य श्रोत से प्राप्त सूचना पर घटनास्थल पर पहुँचता है तो नियंत्रण कक्ष की उस दिन की लाग बुक की तीन की तीन प्रमाणित पठनीय तीन छाया प्रतियां, ताकि अधिकारी/ कर्मचारी के घटनास्थल के लिए रवाना होने एवं घटनास्थल पर होने की

पुष्टि होती है।

c. घटना से वापस आये कर्मचारियों द्वारा दर्ज की गयी वापसी रिपोर्ट, जिसमें घटना का तस्करा हो, की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

d. प्रथम सूचना रिपोर्ट की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

e. पंचायतनामा की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

f. शव–परीक्षण की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

g. वरि० पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक द्वारा हस्ताक्षरित, मृत्यु की परिस्थितियों का विवरण, जिसमें स्पष्ट रूप से घटनाक्रम (Sequence of events) का उल्लेख किया गया हो एवं उनकी स्पष्ट संस्तुति।

h. ऐसे प्रकरणों में जिनमें गोपनीयता बनाये रखने के लिए न तो नियंत्रण कक्ष को सूचना/लोकेशन दिये गये हों और तत्परता से मौके पर पहुँचने के लिए रवानगी की औपचारिकता न निभाई गई हो, तो वापसी का तस्करा ही पर्याप्त होगा। वरि० पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक की संस्तुति में ये परिस्थितियाँ स्पष्ट रूप से अंकित होनी चाहिए।

9– सक्रिय सेवा समय मृत्यु के प्रकरणों में पुलिस मुख्यालय को प्रेषित प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित अभिलेख संलग्न किये जायं:–

1– अधिकारी/कर्मचारी के मृत्यु के समय डियूटी पर होने का प्रमाण–पत्र। डियूटी पर होने की पुष्टि हेतु आवश्यक अभिलेख यथा जीडी उपस्थिति रजिस्टर तथा डियूटी रजिस्टर इत्यादि के उद्धीरणों की तीन–तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

2– सक्रिय सेवा के दौरान अन्य कारणों से हुई मृत्यु के मामलों में मृत्यु प्रमाण–पत्र, जिसमें मृत्यु के कारणों का स्पष्ट उल्लेख किया गया हो, की, एवं पंचायतनामा की तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

3– यदि शव–परीक्षण कराया गया हो, तथा शव–परीक्षण रिपोर्ट की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां।

4– यदि मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं है एवं विसरा सुरक्षित नहीं है तो विसरा की तीन प्रमाणित छायाप्रतियाँ।

5– यदि घटना के सम्बंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित की गयी है तो प्रथम सूचना रिपोर्ट की, यदि घटना में जीडी का उल्लेख किया गया है, तो जीडी की और यदि यदि इस सम्बंध में प्रारम्भिक जाँच करके जाँच रिर्पोट प्रेषित की गयी है तो जाँच आख्या की तीन–तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

6– पंचायतनामा की तीन प्रमाणित पठनीय छाया प्रतियां और यदि शव परीक्षण किया गया है तो शव–परीक्षण की पंचायतनामा की तीन प्रमाणित पठनीय

छायाप्रतियां।

7– मृत्यु की परिस्थति का संक्षिप्त विवरण।

10– कर्तव्य पालन के दोरान घायल होने के प्रकरणों में उक्त के अतिरिक्त तथाः

1– अधिकारी/कर्मचारी के मृत्यु के समय डियूटी पर होने का प्रमाण–पत्र। डियूटी पर होने की पुष्टि हेतु आवश्यक अभिलेख यथा जीडी, उपस्थिति रजिस्टर तथा डियूटी रजिस्टर इत्यादि के उद्धरणों की तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

2– इंजरी रिपोर्ट की तीन पठनीय प्रमाणित छाया प्रतियां।

3– यदि घटना के सम्बंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट अंकित की गयी है तो प्रथम सूचना रिपोर्ट की, यदि घटना का जीडी में उल्लेख किया गया है तो तो जीडी की और यदि इस संबंध में प्रारम्भिक जाँच करके जाँच रिर्पोट प्रेषित की गयी है तो जाँच आख्या की तीन–तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

4– यदि प्रथम सूचना दर्ज हुई है तो प्रथम सूचना रिपोर्ट की तीन प्रमाणित पठनीय छायाप्रतियां।

11– आप सहमत होंगे कि मृतक के आश्रितों को भरण पोषण हेतु तात्कालिक आर्थिक सहायता के रूप में यह अनुग्रह धनराशि दी जाती है, अतः यह नितांत आवश्यक है कि इस प्रकार के प्रकरणों में कोई विलम्ब न हो एवं पुलिस कर्मियों का अपने दायित्वों के निर्वहन के लिये मनोबल बना रहे। अतः निर्देशित किया जाता है कि पुलिस कर्मियों की उक्त परिस्थतियों में मृत्यु होने पर अनुग्रह धनराशि के प्रस्ताव पुलिस कर्मी की मृत्यु की तिथि से 15 दिन के अन्दर सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र/सेक्टर की संस्तुति सहित पुलिस मुख्यालय को प्रेषित किया जाय, ताकि अनुग्रह धनराशि शीघ्र स्वीकृत करायी जा सके। प्रस्ताव पूर्ण होने चाहिए। अधूरे प्रस्ताव प्रेषित करने से अनावश्यक पत्राचार तथा विलम्ब होता है, जो कदापि उचित नहीं है।

ह०/–

(जी० एल० शर्मा)

अपर पुलिस महानिदेशक,

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय,

इलाहाबाद।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–पुलिस महानिरीक्षक स्थापना, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक उ०प्र०, लखनऊ।

2–विभाग–4/20, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।

l;Xud&5

<u>संख्याःबी–3–7178/दस–96–4–(1)86–अनु०निधि०,</u>

प्रेषक,

श्री प्रेम प्रकाश वैरिया,

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय–व्ययक) अनभाग–3 लखनऊःदिनांकः20 मार्च,1997

विषयः– सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्याःबी–3–540/दस–96– 4–(1)86–अनु०निधि०, दिनांकः14 जून, 1996, जिसमें सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता विषयक संशोधित नियमवाली तथा निर्धारित प्रार्थना–पत्र का प्रारूप आपको भेजा गया था, की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कदाचित अभी भी विभागीय अधिकारियों/कर्मचारियों को अनुकम्पा निधि से अनुमन्य आर्थिक सहायता के विषय में पर्याप्त जानकारी नहीं है।

अतः नियमावली तथा प्रार्थना–पत्र के प्रारूप की एक प्रति पुनः प्रेषित करते हुए आपसे अनुरोध है कि कृपया इससे सम्बंधित नियमों से अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत कराने का कष्ट करें तथा नियमानुसर पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्रों को ही निर्धारित प्रार्थना पत्र के प्रारूप में अपेक्षित सूचनाओं के साथ अपनी सुस्पष्ट पूर्ण आख्या/संस्तुति सहित प्रशासकीय विभाग के माध्यम से शासन के विचारार्थ निर्धारित समय के अन्दर प्रेषित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

संलग्नकःयथोपरि।

भवदीय,

ह०/–

प्रेम प्रकाश वैरिया,

विशेष सचिव

संख्याःबी–3–7178/दस–96–4–(1)86–अनु०निधि०, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकर, प्रथम/द्वितीय (लेखा) उ०प्र०, इलाहाबाद।

2–महालेखाकर, प्रथम/द्वितीय (आडिट), उ०प्र०, इलाहाबाद।

3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4–विधान सभा/विधान परिषद सचिवालय।

5–राज्यपाल सचिवालय।

6–निबन्धक, उच्च न्यायालय उ०प्र०, इलाहाबाद।

आज्ञा से

ह०/–

प्रेम प्रकाश वैरिया,

विशेष सचिव।

l;yXud&5-1

<u>संख्याःबी–3–3046/दस–98–4–(1)86–अनु०निधि०</u>

प्रेषकः–

के०सी०मिश्र,

विशेष सचिव,

उ०प्र० शासन,

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

लखनऊःदिनांकः 1 सितम्बर, 1998

विषयः– सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्याःबी–3– 3046/दस–98–4–(1)86–अनु०निधि०, दिनांकः 20–03–1997 के साथ प्रेषित की गयी उ०प्र० अनुकम्पा निधि नियमावली में आंशिक संशोधन करते हुए उक नियमावली के नियम–7 यथा स्थान पर निम्नलिखित अंश जोड़े जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैंः–

"दिनांकः1 जनवरी, 1996 से पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर दिनांकः1 जनवरी 1996 के बाद मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक के अन्तिम मूरू वेतन के 2 गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर 10 गुने के मूल वेतन के बराबर धनराधि उपरोक्त नियमावली में निहित न्यूनतम और अधिकतम सीमा के अन्तर्गत स्वीकृत की जायेगी।"

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

3– यह आदेश निर्गत किये जाने की तिथि से प्रभावित होगा।

4– उ०प्र० अनुकम्पा निधि नियमावली को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

भवदीय,

के० सी० मिश्र,

विशेष सचिव।

संख्याःबी–3–3046 / दस–98–4–(1)86–अनु०निधि०, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकार, प्रथम / द्वितीय(लेखा) उ०प्र०, इलाहाबाद।

2–महालेखाकार, प्रथम / द्वितीय(आडिट), उ०प्र०, इलाहाबाद।

3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4–विधान सभा सचिवालय।

5–विधान परिषद सचिवालय।

6–राज्यपाल सचिवालय।

4–निबन्धक, उच्च न्यायालय उ०प्र०, इलाहाबाद।

आज्ञा से

ह० / –

के० सी० मिश्र,

विशेष सचिव।

l;yXud&5-2

<u>संख्याःबी–3–3065 / दस–2000–4(1)86–अनु०निधि०</u>

प्रेषकः–

डा० ब्रज मोहन जोशी,

सचिव,

उ०प्र० शासन,

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय व्ययक) अनुभाग–3 लखनऊःदिनांकः30 अगस्त, 2000

विषयः– सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्याःबी–3–3046 / दस–98–4–(1) 86–अनु०निधि०, दिनांकः 20–03–1997 जिसमे सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रितों को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता विषयक संशोधित नियमावली तथा निर्धारित प्रार्थना–पत्र का प्रारूप आपको भेजा गया था की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कदाचित अभी भी विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों को अनुकम्पा निधि से अनुमन्य आर्थिक सहायता के विषय में पर्याप्त जानकारी नहीं है। अतः नियमावली की संशोधित प्रति पुनः प्रेषित करते हुए आपसे अनुरोध है कि कृपया इससे सम्बंधित नियमों से अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों को अवगत कराने का कष्ट करें तथा अपनी सुस्पष्ट पूर्ण आख्या / संस्तुति सहित प्रशासकीय विभाग के माध्यम से शासन के विचारार्थ निर्धारित समय के अन्दर प्रेषित करना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

ह० / –

डा० ब्रज मोहन जोशी,

सचिव।

संख्याःबी–3–3046 / दस–98–4–(1)86–अनु०निधि०, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकर, प्रथम / द्वितीय(लेखा) उ०प्र०, इलाहाबाद।

2–महालेखाकर, प्रथम / द्वितीय(आडिट), उ०प्र०, इलाहाबाद।

3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4–विधान सभा सचिवालय।

5–विधान परिषद सचिवालय।

6–राज्यपाल सचिवालय।

4–निबन्धक, उच्च न्यायालय उ०प्र०, इलाहाबाद।

आज्ञा से

ह० / –

के० सी० मिश्र

विशेष सचिव।

lyXud&5-3

संख्याःबी–3–3790/दस–2001–4(1)86–अनु०निधि०

प्रेषकः–

डा० बी०एम० जोशी,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

लखनऊःदिनांकः18 अक्टूबर, 2001

विषयः– सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय शासनादेश संख्याःबी–3–3065/दस–2000–4(1)86–अनु०निधि०, दिनांकः30 अगस्त, 2000 का कृपया संदर्भ लें जिसके द्वारा नियमावली की संशोधित प्रति प्रेषित की गई थी।

उक्त शासनादेश में आंशिक संशोधन करते हुए यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तार–7 की पंक्ति ''किसी एक व्यक्ति के मामले में देय आनुतोषितक की न्यूनतम राशि 20,000/– रुपये तथा अधिकतम राशि 75,000/– रुपये होगी।के स्थान पर निम्नवत पढ़ा जायः–

''किसी एक व्यक्ति के मामले में देय अनुतोष की न्यूनतम राशि 25,000/– रुपये तथा अधिकतम राशि 1,00,000/– रुपये होगी।''

3– शासनादेश दिनांकः30 8,2000 उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा। शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।

भवदीय,

ह०/–

डा० बी०एम० जोशी,

सचिव।

संख्या:बी–3–3046/दस–98–4–(1)86–अनु०निधि०, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकार, प्रथम/द्वितीय(लेखा) उ०प्र०, इलाहाबाद।

2–महालेखाकार, प्रथम/द्वितीय(आडिट), उ०प्र०, इलाहाबाद।

3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4–विधान सभा सचिवालय/विधान परिषद सचिवालय।

5–राज्यपाल सचिवालय।

6–निबन्धक, उच्च न्यायालय उ०प्र०, इलाहाबाद।

आज्ञा से

ह०/–

शिवा नन्द गिरि

विशेष सचिव।

mRrj Án'k vu|dEik fuf/k fu;ekoyh

अनुकम्पा निधि का उद्देश उत्तर प्रदेश के राजस्व के वेतन वाले राज्य कर्मचारियों के उन परिवारों करना है जो ऐसे व्यक्ति की, जिस पर वे पालन पोषण के लिए निर्भर थे, असामयिक मृत्यु के कारण निर्धनावस्था में पड़ गये हैं।

टिप्पणीः—इस नियम के प्रयोजनार्थ शब्द परिवार में मृत सरकारी कर्मचारी के निम्नलिखित सम्बंधियों में से केवल वे ही सम्मिलित माने जायेगे जो मृत्यु के समय पूर्णतया आश्रित थे—पत्नी, पति,वैध संतान,सौतेली संतान, पिता और माता। संतान की अधिकतम संख्या दो तक सीमित रहेगी। अविवाहित पुत्री तथा बेराजेगार पुत्र की दशा में अधिकतम आयु सीमा पारिवारिक पेंशन हेतु अर्हता के अनुरूप 25 वर्ष रहेगी। पत्नी को छोड़कर पति अथवा संतान के सेवायोजन की स्थिति में वे (पति/संतान) आश्रित नहीं माने जायेगे। अतः उनके द्वारा आवेदन करने पर उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

2— निधि की वार्षिक अनुदान अधिकतम धनराशि 80 लाख रुपये तक होगी। इस निमित्त प्रत्येक वर्ष के आय व्ययक में आवश्यकतानुसार प्राविधान उपयुक्त अधिकतम सीमा तक कराया जा सकेगा।

3 सरकार ने इस निधि के प्रशासन एवं सरकार को परामर्श देने के लिए ''उत्तर प्रदेश अनुकम्पा निधि समिति'' नामक एक समिति नियुक्त की है। प्रमुख सचिव,वित्त अथवा वित्त सचिव इस समिति के अध्यक्ष होगे तथा चार सदस्य और होगे जिसमें सरकार के गृह, आवास, नगर विकास और राजस्व विभाग के सचिव अथवा उनके द्वारा नामित विशेष सचिव होगे। वित्त विभाग का कोई उप सचिव तथा उसे उच्च स्तर का अधिकारी समिति का पदेन सचिव होगा।

4— जब तक अन्यथा कार्यवाही की न्यायोचित ठहाराने वाली आपवादिक परिस्थितियां न हो तब तक समिति ऐसे मामलों में निधि से अनुदान देने की सिफारिश साधारणतया स्वीकार नही करेगी जिनमेंः—

(1) मृत कर्मचारी ने एक वर्ष से कम सरकारी सेवा की हो, और

(2) आनुतोषिक हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कर्मचारी की मृत्यु के 5 वर्ष के पश्चात दिया गया हो।

5— मृत सरकारी कर्मचारी के परिवार द्वारा एक प्रार्थना—पत्र निर्धारित प्रपत्र में उन कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को प्रस्तुत किया जायेगा, जिसके अधीन मृत कर्मचारी अन्तिम समय तक कार्यरत रहा हो। परिवार द्वारा प्रार्थना पत्र के प्रथम भाग में अपेक्षित सम्पूर्ण सूचना कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष को उपलब्ध करायी जायेगी। कार्यालयाध्यक्ष/

विभागाध्यक्ष प्रार्थना–पत्र भाग–2 में अपेक्षित सूचना सावधानी पूर्वक भरकर प्रार्थना–पत्र को शासन के संबंधित प्रशासनिक विभाग को प्रेषित करेंगे। नियमावली के प्राविधानों के अनुसार प्रस्ताव का परीक्षण करके प्रशासनिक विभाग सभी सम्बंधित अभिलेख तथा प्रार्थना–पत्र के भाग–3 में अपनी संस्तुति सहित संक्षिप्त टिप्पणी, जिसमें मामले के पूरे तथ्य स्पष्ट रूप से उल्लिखित हो, वित्त विभाग को सात प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे। वित्त विभाग टिप्पणी को समिति के विचारार्थ प्रस्तुत करेगा।

(1) समिति की बैठक प्रत्येक वर्ष आवश्यकतानुसार कभी भी बुलाई जा सकती है और आवश्यकतानुसार समय–समय पर किसी एक मामले में कई बैठकें बुलाई जा सकती है।

(2) समिति नियम–7 में उल्लिखित न्यूनतम और अधिकतम सीमाओं के अधीन रहते हुए निधि से आनुतोषिक प्रदान किये जाने के सम्बंध में प्रत्येक मामले में विचार करके अपनी संस्तुति सरकार को प्रस्तुत करेगी।

7– किसी एक व्यक्ति के मामले में देय आनुतोषिक की न्यूनतम राशि 20,000 रुपये तथा अधिकतम राशि 75,000 रुपये होगी। ठीक–ठीक राशि में सभी मामलों में परिवार के सदस्यों की संख्या और मामले की आवश्यकतानुसार निश्चित की जायेगी। साधारणतया दिनांक 1 जनवरी 1996 से पूर्व के प्रकरणों में मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक के अन्तिम मूलवेतन के 5 गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर 25 माह के मूल वेतन के बराबर धनराशि तथा दिनांक 1 जनवरी 1996 के बाद के प्रकरण में पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक के अन्तिम मूलवेतन के 2 गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर 10 गुने के मूलवेतन के बराबर धनराशि उपरोक्त नियमावली में निहित न्यूनतम और अधिकतम सीमा के अन्तर्गत स्वीकृत की जायेगी। यदि किसी प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किसी अन्य फण्ड से कोई आर्थिक सहायता अनुकम्पा के रूप में दी गई हो तो निधि के नियमानुसार अनुमन्य सहायता राशि में से उतनी धनराशि कम करके अन्तर की धनराशि के समतुल्य राशि की सहायता स्वीकृत की जायेगी। जिन प्रकरणों में अनुमन्य धनराशि से अधिक धनराशि अन्य फण्ड से स्वीकृत की गई है उनमें सामान्यतया निधि से सहायता स्वीकृत नहीं की जायेगी।

8– सरकार का वित्त विभाग समिति की संस्तुतियों पर विचार करेगा और वित्त मंत्री के अनुमोदन से आवश्यक निर्णय लेकर आदेश जारी करेगा। आदेशों की प्रति सम्बंधित विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष तथा महालेखाकार को भी यथारीति भेजी जायेगी। प्रत्येक मामले में स्वीकृत धनराशि का प्रत्येक लाभार्थी के नाम अलग–अलग बैंक ड्राफ्ट वित्त विभाग द्वारा बनवाकर सीधे संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के माध्यम से लाभार्थी को उपलब्ध कराया जायेगा। कार्यालयाध्यक्ष बैंक ड्राफ्ट को संबंधित लाभार्थी को उपलब्ध कराके उसकी पावती रसीद शीघ्रातिशीघ्र वित्त विभाग को उपलब्ध करा देंगे और इसकी सूचना विभागाध्यक्ष तथा प्रशासनिक विभाग को भी भेजेंगे। बैंक ड्राफ्ट भेजने की तिथि से एक

माह के अन्दर यदि कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सम्बंधित लाभार्थी से पावती रसीद प्राप्त करके वित्त विभाग को उपलब्ध नहीं करायी जाती है तो यह उत्तरदायित्व सम्बन्धित प्रशासकीय विभाग को होगा कि वे संबंधित कार्यालयाध्यक्ष द्वारा लाभार्थी को धन उपलब्ध कराकर पावती रसीद को वित्त विभाग को समय से न उपलब्ध करा पाने के कारणों की जानकारी प्राप्त करके बिलम्ब के लिए दोषी व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें तथा कार्यालयाध्यक्ष से वांछित पावती रसीद यथाशीघ्र प्राप्त करके वित्त विभाग को उपलब्ध करा दें।

9— अनुकम्पा निधि से देय धनराशि का आगणन विभागाध्यक्ष स्तर पर वित्त नियंत्रक द्वारा तथा शासन स्तर पर प्रशासकीय विभाग के आहरण वितरण अधिकारी द्वारा किया जायेगा। इसमें किसी प्रकार की त्रुटि के लिए प्रशासकीय विभाग स्वयं उत्तरदायी होगे।

10— निधि से स्वीकृत किये जाने वाली आनुतोषितक की विनियात्मक शर्तें निम्नलिखित हैंः—

(1) अन्य बातों के रहते हुए ऐसे मामलों में वरीयता दी जानी चाहिए, जिनमें मृत कर्मचारी कम वेतन पा रहे हों।

(2) ऐसे सरकारी कर्मचारी/अधिकारी जिनकी मृत्यु कर्तव्यपालन करते हुए होती है और जिन्हें अलग से आर्थिक सहायता दिये जाने का प्राविधान दूसरे विभागीय नियमों/आदेशों में है, के मामले में इस निधि से सामान्यतया सहायता नहीं दी जायेगी।

(3) निधि से दिये जाने वाले अनुदान आपवादिक प्रकार के मामले तक सीमित रहते हैं।

(4) ऐसी मृत्यु जो कर्तव्य के प्रति विशेष निष्ठावन रहने के कारण हुई हो, अनुदान दिये जाने के प्रश्न पर विचार किये जाने की माँग बलवती जो जाती है।

(5) साधारण मामलों में उन कर्मचारियों/अधिकारियों के परिवार को वरीयता दी जानी चाहिए अनेक वर्षों तक सेवा कर चुके हैं किन्तु अपनी पेंशन नहीं प्राप्त कर पाये हैं।

(6) साधारणतया ऐसे सरकारी कर्मचारियों के मामले पर जिनकी सेवानिवृत्ति के बाद मृत्यु होती है, निधि से सहायता देने के लिए विचार नहीं किया जायेगा, किन्तु ऐसे आपवादिक मामलों में अनुदान दिये जा सकते हैं जिनमें सरकारी कर्मचारी को उसकी सेवानिवृत्ति होने के छः माह के भीतर मृत्यु हो जाये और व अपने परिवार के लिए व्यवस्था न कर सका हो। परन्तु अनुदान अत्यन्त आपवादिक परिस्थितियों में ही दिये जायेगे। उदाहरणार्थ ऐसी परिस्थितियों में जिनमें सरकारी कर्मचारी को रोगवश सेवा के अयोग्य करार दे दिया गया हो और वह उसके बाद ही मर गया हो और अपनी बीमारी के कारण अपने

परिवार के लिए कोई व्यवस्था न कर सका हो तथा परविार को निराश्रित छोड़ गया हो।

(7) इस बात की सावधानी बरतनी चाहिए कि उन कर्मचारियों/अधिकारियों के परिवारों को बहुत अधिक अनुदान न दिये जायं जो सरकार के मुख्यालय में काम करते रहे हों।

(8) निधि से कोई पेंशन न दी जाय।

(9) निधि से प्रत्येक मामले में एक से अधिक आनुतोषिक न दिया जाय।

(10) पुत्रियों के विवाह के लिए निधि से किसी प्रकार का दहेज नहीं दिया जायेगा।

l;yXud&5-4

संख्याःबी–3–1648 / दस–2011–20–(14)11–अनु.निधि.

प्रेषकः–

डा० बी०एम० जोशी,

सचिव, वित्त

उत्तर प्रदेश शासन,

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, जिला एवं सत्र न्यायाधीश,

एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त (आय व्ययक) अनुभाग–3 लखनऊःदिनांकः26 जुलाई, 2011

विषयः– सेवाकाल के दौरान मृत राजकीय कर्मचारियों के आश्रित को उत्तर प्रदेश अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्याःबी–3–3065 / दस–2001–4–(1)86–अनु० निधि०, दिनांकः30 अगस्त,2000 द्वारा परिचालित की गई उ०प्र० अनुकम्पा निधि नियमावली में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये विद्यमान प्रस्तर 2 एवं प्रस्तर–7 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गया प्रस्तर रख दिया जायेगा, अर्थातः–

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
विद्यमान प्रस्तर	एतदद्वारा प्रतिस्थापित प्रस्तर
ÁLrj&2 निधि की वार्षिक अनुदान अधिकतम धनराशि रु. 80,00,000 / – लाख रुपये तक होगी। इस निमित्त प्रत्येक वर्ष के आय व्ययक में आवश्यकतानुसार प्राविधान उपर्युक्त अधिकतम सीमा तक कराया जा सकेगा।	ÁLrj&2 निधि की वार्षिक अनुदान अधिकतम धनराशि रु. 1,00,00,000 / – लाख रुपये तक होगी। इस निमित्त प्रत्येक वर्ष के आय व्ययक में आवश्यकतानुसार प्राविधान उपयुक्त अधिकतम सीमा तक कराया जा सकेगा।
ÁLrj&7 किसी एक व्यक्ति के मामले में देय आनुतोषितक की न्यूनतम राशि रु. 25000 रुपये तथा अधिकतम राशि रु. 1,00,000 रुपये होगी। ठीक–ठीक राशि में सभी मामलों में परिवार के	ÁLrj&7 किसी एक व्यक्ति के मामले में देय आनुतोषितक की न्यूनतम राशि रु. 25000 रुपये तथा अधिकतम राशि रु. 1,00,000 रुपये होगी। ठीक–ठीक राशि में सभी मामलों में परिवार के सदस्यों की संख्या और मामले

सदस्यों की संख्या और मामले की आवश्यकतानुसार निश्चित की जायेगी। साधारणतया दिनांक 1 जनवरी 1996 से पूर्व के प्रकरणों में मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक के अन्तिम मूलवेतन के पाँच गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर 25 माह के मूल वेतन के बराबर धनराशि तथा दिनांक 1 जनवरी 1996 के बाद के प्रकरण में पुनरीक्षित वेतनमान के आधार पर मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक के अन्तिम मूलवेतन के 2 गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर 10 गुने के मूलवेतन के बराबर धनराशि उपरोक्त नियमावली में निहित न्यूनतम और अधिकतम सीमा के अन्तर्गत स्वीकृत की जायेगी। यदि किसी प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किसी अन्य फण्ड से कोई आर्थिक सहायता अनुकम्पा के रूप में दी गई हो तो निधि के नियमानुसार अनुमन्य सहायता राशि में से उतनी धनराशि कम करके अन्तर की धनराशि के समतुल्य राशि की सहायता स्वीकृत की जायेगी। जिन प्रकरणों में अनुमन्य धनराशि से अधिक धनराशि अन्य फण्ड से स्वीकृत की गई है उनमें सामान्यतया निधि से सहायता स्वीकृत नहीं की जायेगी।	की आवश्यकतानुसार निश्चित की जायेगी। साधारणतया दिनांक 1 जनवरी 1996 से लागू वेतनमान (पुराना वेतनमान) के आधार पर मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक की मृत्यु के समय के मूलवेतन (महँगाई वेतन को छोड़कर) के दो गनु के बराबर, दो आश्रित होने पर उक्त मूलवेतन के चार गुने के बराबर और इसी प्रकार 05 आश्रित होने पर उक्त मूलवेतन के 10 गुने के बराबर धनराशि तथा दिनांकः1–1–2006 के बाद के प्रकरण में दिनांकः 1–1–2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना के आधार पर मृतक के एक आश्रित होने पर मृतक की मृत्यु के समय वेतन बैण्ड में वेतन के दो गुने के बराबर, दो आश्रित होने पर वेतन बैण्ड में वेतन के 4 गुने के बराबर और अधिकतम 5 आश्रित होने पर वेतन बैण्ड में वेतन के दस गुने के बराबर धनराशि निर्धारित करते हुए उपर्युक्त निहित न्यूनतम और अधिकतम सीमा के के अन्तर्गत स्वीकृत की जायेगी। वेतन बैण्ड में वेतन का आशय मूल वेतन में से ग्रेड वेतन को घटाकर होगा। यदि किसी प्रकरण में राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित किसी अन्य फण्ड से कोई आर्थिक सहायता अनुकम्पा के रूप में दी गई हो तो निधि के नियमानुसार अनुमन्य सहायता राशि में से उतनी धनराशि कम करके अन्तर की धनराशि के समतुल्य राशि की सहायता स्वीकृत की जायेगी। जिन प्रकरणों में अनुमन्य धनराशि से अधिक धनराशि अन्य फण्ड से स्वीकृत की गई है उनमें सामान्यतया निधि से सहायता स्वीकृत नहीं की जायेगी।

शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेंगी।

2– यह आदेश निर्गत किये जाने की तिथि से प्रभावी होगा।

3– उत्तर प्रदेश अनुकम्पा निधि नियमावली को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाय।

4– जिन मामलों में पूर्व में उत्तर प्रदेश अनुकम्पा निधि नियमावली से आर्थिक सहायता स्वीकृत की जा चुकी है उन्हें इस आदेश के अन्तर्गत संशोधन/पुनरीक्षण हेतु री–ओपेन नहीं किया जायेगा।

भवदीय,
ह०/–
बी०एम० जोशी,
सचिव।

संख्याःबी–3–1648/दस–2011–20–(14)11–अनु.निधि, तद दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1–महालेखाकर, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय उ०प्र०, इलाहाबाद।

2–प्रधान महालेखाकर, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र०, इलाहाबाद।

3–सचिवालय के समस्त अनुभाग।

4–विधान सभा सचिवालय/विधान परिषद सचिवालय।

5–राज्यपाल सचिवालय।

6–महानिबन्धक, मा.उच्च न्यायालय उ०प्र०, इलाहाबाद।

आज्ञा से
ह०/–
नील रतन कुमार
संयुक्त सचिव।

l;yXud&5-5

उत्तर प्रदेश अनुकम्पा कोष से अनुदान हेतु प्रार्थना–पत्र का प्रारूप

भाग 1 आवेदक द्वारा भरा जायेगा

1. मृत सरकारी कर्मचारी का नाम तथा पद नामः–...
2. कार्यालय का पता जहाँ मृत्यु के समय वह कार्यरत थाः–................................
3. मृत्यु का कारणः–...
4. मृत्यु की तारीखः–...
5. आवेदक का पूरा नाम तथा मृतक से सम्बन्धः–...
6. निवास स्थान का पूरा पताः–...
   (क) स्थाईः–..
   (ख) पत्र व्यवहार का पताः–..
7. आवेदक का पहचान चिन्हः–..
8. आवेदक का वर्तमान धन्धा एवं मासिक आय तथा परिवार की आर्थिक स्थितिः–.... ....
9. मृतक द्वारा छोड़ी गयी चल/अचल सम्पत्ति तथा उससे सम्भावित वार्षिक आयः–......................................
10. मृतक ने यदि कोई व्यक्तिगत बीमा कराया था तो उसकी धनराशि तथा प्राप्ति की तिथि/स्थिति..............
11. उत्तर प्रदेश अनुकम्पा निधि से प्रार्थित अनुदान की राशिः–.............................
12. भुगतान का स्थानः–...
13. मृतक कर्मचारी के आश्रितों की संख्या तथा विवरणः–

क्रमांक	नाम	आयु	मृतक कर्मचारी से सम्बन्ध
1			
2			
3			
4			

14– यदि पुत्र या पुत्रियाँ अध्ययनरत हो तो उनके विवरणः–

क्रमांक	नाम	आयु	मृतक कर्मचारी से सम्बन्ध
1			
2			
3			
4			

दिनांक..........................सन् आवेदक के हस्ताक्षर

घोषणा–पत्र

मैं...पत्नी/पति/माता/पिता/पुत्र/पुत्री स्व. श्री/श्रीमती. ....यह प्रमाणित करता/करती हूँ कि जो विवरण ऊपर दिये गये है, मेरी जानकारी में वे सही हैं। यदि प्रार्थना–पत्र में दिये गये तथ्यों में कोई तथ्य गलत पाया जाय तो उ०प्र० अनुकम्पा निधि से आर्थिक सहायता स्वीकार होने की दशा में उसकी पूर्ण धनराशि एक मुश्त मुझसे मेरी स्थाई अथवा अस्थाई सम्पत्ति से वसूल की जा सकती है।

दिनांक................................ *आवेदक के हस्ताक्षर*

<u>भाग 2 कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जाएगा</u>

1. मृत राज्य कर्मचारी का पूरा नाम तथा पदनाम...
2. मृत्यु के समय का वेतन...
3. सेवा की अवधि..................................वर्ष...................माह.....................दिन............
4. स्थाई अथवा अस्थाई..
5. मृतक के सामान्य भविष्य निर्वाह निधि–अंशदायी (कन्ट्रीब्यूटरी) में जमा वास्तविक अनुमानित धनराशि तथा उसके भुगतान की स्थिति...
6. मृतक के भविष्य निधि खाते में जमा धनराशि से सम्बद्ध बीमा योजना (डिपाजिट लिंक्ड इन्श्योरेन्स) स्कीम के अन्तर्गत प्राप्त/प्राप्य वास्तविक/अनुमानित धनराशि तथा उसके भुगतान की स्थिति..................
7. मृतक के परिवार को प्रस्तावित/स्वीकृत पारिवारिक पेंशन की धनराशि तथा उनके भुगतान की स्थिति..........
8. मृतक के परिवार को अनुमन्य मृत्यु एवं अधिवर्षता आनुतोषिक की वास्तविक/अनुमानित धनराशि तथा उसके भुगतान की स्थिति................................ ....
9. मृतक के अवकाश लेखे में जमा अर्जित अवकाश के नकदीकरण से प्राप्त/प्राप्य

वास्तविक/अनुमानित धनराशि तथा उसमें भुगतान की स्थिति..................................
....

10. मृतक के परिवार के सामूहिक बीमा योजना के अन्तर्गत प्राप्त/प्राप्य धनराशि का भुगतान की स्थिति............

11. मृतक के परिवार की यदि किसी वैभागिक परोपकारी कोष से सहायता स्वीकृत की गई हो या स्वीकृत होने की आशा हो तो उसका पूर्ण विवरण............................ ....

12. मृतक ने यदि अपने सेवाकाल के दौरान कोई राजकीय ऋण/अग्रिम लिया हो तो ब्याज सहित उसकी वसूली की स्थिति.......................................

13. उ०प्र० सेवाकाल में मृतक सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली 1974 के अधीन यदि मृतक के किसी आश्रित को सरकारी सेवा में लिया गया हो तो उसका पूर्ण विवरण एवं उसकी मासिक परिलब्धियाँ, यदि नहीं, तो क्यो ?....... ....

14. प्रस्तावित अनुदान की राशि संस्तुति करने वाले पदाधिकारी की संस्तुति.................. ....

दिनांक.. ई०

संस्तुति करने वाले अधिकारी के
हस्ताक्षर और पद नाम

प्रति हस्ताक्षरित

दिनांक... ई०

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर
एवं पदनाम

टिप्पणीः–

(क) प्रार्थना–पत्र के कालम में अपेक्षित सूचना भरी जाय। कालम 5 से 10 तक में अपेक्षित धनराशि का भुगतान यदि प्रार्थना–पत्र के अग्रसारण के दिनांक तक न हुआ हो तो भुगतान में विलम्ब के कारणों का संक्षिप्त उल्लेख करते हुये भुगतान होने वाली अनुमानित धनराशि का उल्लेख कर दिया जाय।

(ख) यदि तालिका में उपलब्ध स्थान वांछित सूचना के लिए अपर्याप्त हो तो वांछित विवरण अलग से सलंग्न कर दिया जाय।

(ग) अनावश्यक शब्द काट दिये जायें।

l;yXud&6

No.1/Police(L)/2011(1)-2291-2345

INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India.

New Delhi, the ...

18 AUG 2011

MEMORANDUM

Sub: Grant of Scholarship out of Police Memorial Fund for the academic year 2011 - 12.

Applications in the prescribed proforma (enclosed) are invited from the children of non-gazetted policemen killed on duty for the grant of scholarships for pursuing **professional courses** like MBBS, BE, B.Tech, MBA, MCA etc. @ Rs. 15,000/- p.a. and other **general academic university courses** viz., B.Sc., B.Com., M.Sc., M.A., etc. @ Rs. 5,000/- p.a. on regular basis in various disciplines.

2. Total number of scholarships under both the categories would be 15 (Professional - 5 & General University Courses - 10). In case more than 15 applications are received, merit will determine the grant of scholarships. The Screening Committee will take the Fund position and number of appilcations into consideration while deciding the scholarship under each category. The Committee, while recommending the cases, would be guided by the academic records of the applicant and the status of the course as well as the status/prestige of the educational institution.

3. The applications must be accompanied by:-

i) Certified copies of the mark-sheets of all the examinations passed from 10+2 level onwards.

ii) A certificate from the concerned Educational Institution certifying that the applicant is a regular bonafide student of the institution during the academic year 2011-12 and that the institute is recognized by the local University/U.G.C.

4. Duly filled in applications should be recommended by an Officer not below the rank of Deputy Superintendent of Police/Commandant or equivalent under whom the applicant's father was last posted when he expired. The Officer

while recommending should, inter-alia, mention the brief circumstances of the death of the applicant's father.

5. A 'Check list' to ensure that the aplication being forwarded to us is complete in all respects is being sent herewith, which may be filled up and submitted along-with each application.

6. The application must reach Shri P.R. Kapoor, Assistant Director, IB (MHA), Govt. of India, 35, Sardar Patel Marg, New Delhi latest by 10.11.2011 positively. **Incomplete applications and applications received after 10.11.2011 will not be entertained.**

(K C Meena)
Joint Director &
Secretary, PMF

Directors General of Police	:	Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Assam, Bihar, Goa, Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, J&K, Jharkhand, Karnataka, Kerala, Madhya Pradesh, Maharashtra, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Odisha, Punjab, Rajasthan, Sikkim, Tamil Nadu, Tripura, Uttar Pradesh, Uttarakhand & West Bengal.
Director General	:	BPR&D, BSF, CISF, CRPF, ITBP, NIA, NDRF & CD, NCB, NCRB, NSG, RPF & SSB.
Inspectors General of Police	:	Chandigarh, Daman & Diu and Puducherry.
Director	:	CBI, DCPW, NICFS, SPG and SVPNPA, Hyd.
Secretary	:	R & AW, New Delhi.
Commissioner of Police	:	Delhi, Kolkata & Mumbai.
Commissioner of Security (CA)	:	BCAS.

APPLICATION FOR GRANT OF SCHOLARSHIP OUT OF POLICE MEMORIAL FUND FOR THE ACADEMIC YEAR 2011-12

1. Name of Applicant :
2. Father's Name :
3. Date of Birth :
4. Present Postal Address :
5. Class/Course being Studied **(on regular basis)** and duration of the course. :
6. Name of the Educational Institution where the said course is being pursued. :
   (Please attach a bonafide certificate from the Head of the Institution certifying inter-alia that the institution is recognised by the University/UGC.
7. Board/University examination passed last :
   Please attach a certified copy of the marks sheet):
8. Details of Educational qualifications (10+2 level onwards) :

Name of Examination Passed	Board/University	Year of Passing	Division & % of marks obtained

(Please attach attested copies of the certificates and marks-sheets of all the examinations passed)

9. Whether the applicant is in receipt of any other scholarship, if so, please mention the name of the schlarship and its amount p.a. : :
10. Name of office/unit (with rank) where the applicant's father was posted last. :
11. Brief circumstances of father's death. :
12. a) Details of the members of the deceased's Family. :
    b) Annual income of the family from all sources.:

Place :

Date :

Signature of the applicant

To be filled by a police officer not below the rank of Commandant/ Superintendent of Police under whose jurisdiction the applicant's father was posted last.

i) Circumstances in brief of the death of the applicant's father. :

ii) Recommendation of the Competent authority forwarding the application. :

Certified that the facts given by the appliant have been verified and found correct.

Signature &
Designation
alongwith office SEAL.

CHECK LIST

1.	Whether all the column in the Application form have been properly filled up.	Yes/No
2.	Whether certified copies of the mark sheets of all the exams Passed (10+2 onwards) have been enclosed.	Yes/No
3.	Whether certificate from the concerned Education Institution certifying that the applicant is a bonafide student of the institution during 2011-12 has been enclosed.	Yes/No
4.	Whether the Institute is recognized by the local University/UGC.	Yes/No
5.	Whether the application has been recommended by the competent Police Officer.	Yes/No
6.	Whether the brief circumstances of the death of the applicant's father has been mentioned.	Yes/No
7.	Whether the application has been signed by the applicant and competent Police Officer.	Yes/No

l;yXud&7

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस) अनुभाग–1

संख्या–665(1)/छः–पु०–1–24/93

लखनऊः दिनांकः फरवरी, 3 ,1994

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

अधोहस्ताक्षरी को उत्तर प्रदेश पुलिस बल के ऐसे आरक्षी और उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर को, जिन्होंने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया हो, मनोबल और साहस बढ़ाने के लिए क्रमशः मुख्य आरक्षी पद पर और निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर के पद पर नियुक्त करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित आदेश देने का निदेश हुआ हैः–

(1) अदम्य साहस एवं शौर्य प्रदर्शन करने वाले पुलिस बल के उक्त कर्मियों को यथास्थिति आरक्षी से मुख्य आरक्षी तथा उपनिरीक्षक से निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर के निःसंवर्गीय पद पर नियुक्त किया जायेगा।

(2) प्रत्येक वित्तीय वर्ष के लिए, यथास्थिति, मुख्य आरक्षी या निरीक्षक/कम्पनी कमाण्डर के निःसंवर्गीय पदों का सृजन राज्य सरकार द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के प्रस्ताव पर दिया जा सकेगा।

(3) पुलिस बल के ऐसे आरक्षी या उपनिरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर अदम्य साहस एवं शौर्य प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मी की कोटि में आयेंगे, जिन्होंने कुख्यात आतंकवादी या जघन्य अपराधी के साथ मुठभेड़ या उनकी गिरफ्तारी साहस और शौर्य प्रदर्शित किया हो या अपने कर्तव्य पालन के दौरान जोखिम भरा कार्य किया हो।

(4) उक्त निःसंवर्गीय पदों पर नियुक्ति पुलिस महानिदेशक के पूर्वानुमोदन के उपरांत नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जायेगी।

(5) यह आदेश इस विषय पर समय–समय पर जारी आदेशों में किसी अन्य बात के होते हुए भी प्रभावी होगा।

(6) यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

ह०/

(सुरेन्द्र मोहन)

प्रमुख सचिव, गृह

संख्या–665(1) / छः–पु०–1–24 / 93 तद्‌दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन्स।
4. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेन्ज।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, पी०ए०सी०, लखनऊ।

l;yXud&7-1

उत्तर प्रदेश शासन

गृह (पुलिस) अनुभाग–1

संख्या–665/छः–पु०–1–24/93

लखनऊः दिनांकः फरवरी, 3 ,1994

<u>कार्यालय ज्ञाप</u>

अधोहस्ताक्षरी को उत्तर प्रदेश पुलिस बल के ऐसे मुख्य आरक्षी को जो अदम्य साहस एवं शौर्य प्रदर्शन करें, यथास्थिति उपनिरीक्षक या प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति के सम्बन्ध में पुलिस अधिनियम, 1861 (अधिनियम संख्या 5 सन् 1861) की धारा 2 के अधीन निम्नलिखित आदेश देने का निदेश हुआ हैः–

(1) अदम्य साहस एवं शौर्य प्रदर्शन करने वाले मुख्य आरक्षियों के लिये समय–समय पर होने वाली उपनिरीक्षक /प्लाटून कमाण्डर के पद पर नियुक्ति हेतु विभागीय अभ्यर्थियों से भरी जाने वाली रिक्तियों में अधिकतम पांच प्रतिशत का आरक्षण दिया जायेगा।

(2) ऐसे मुख्य आरक्षी अदम्य साहस एवं शौर्य प्रर्दशन करने वाले मुख्य आरक्षी की कोटि में आयेंगे जिन्होने कुख्यात आतंकवादी या जघन्य अपराधी के साथ मुठभेड़ या उनकी गिरफ्तारी में अदम्य साहस और शौर्य प्रदर्शित किया हो या अपने कर्तव्य पालन के दौरान जोखिम भरा कार्य किया हो।

(3) उक्त कोटि के मुख्य आरक्षियों का यथास्थिति उपनिरीक्षक या प्लाटून कमाण्डर पद पर नियुक्ति हेतु आदेश नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के अनुमोदन के उपरान्त किया जायेगा। यह नियुक्ति अनन्तिम एवं अस्थायी होगी।

(4) खण्ड (3) के अन्तर्गत नियुक्त उपनिरीक्षक /प्लाटून कमाण्डर को नियुक्ति के पश्चात अगले आयोजित उपनिरीक्षक या प्लाटून कमाण्डर प्रशिक्षण कोर्स में प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा और प्रशिक्षण की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर उसकी नियमित नियुक्ति की जायेगी और उसके ज्येष्ठता क्रम का निर्धारण परीक्षा में प्राप्त क्रम के आधार पर किया जायेगा।

(5) खण्ड (1) के अधीन आरक्षित रिक्तियों पर चयनित व्यक्तियों को उन श्रेणियों में रखा जायेगा, जिनसे ये सम्बन्धित हैं यथा यदि कोई चयनित व्यक्ति अनुसूचित जाति से सम्बन्धित है तो उसे आवश्यक समायोजन करके अनुसूचित जाति के कोटे में रखा जायेगा।

(6) इस कोटि के लिये आरक्षित रिक्तियों को अग्रनीत नहीं किया जायेगा।

(7) यह आदेश इस विभाग पर समय–समय पर जारी आदेशों में किसी अन्य बात के होते हुये भी प्रभावी होगा।

(8) यह आदेश तात्कालिक प्रभाव से लागू होगा।

ह०/
(सुरेन्द्र मोहन)
प्रमुख सचिव गृह

संख्या–665(1)/छःपु०–1–24/93 तद्दिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. पुलिस महानिदेशक,उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन्स।
4. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, रेन्ज।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, पी०ए०सी०, लखनऊ।

आज्ञा से,
ह०/
(दिनेशचन्द्र)
संयुक्त सचिव,

lyXud&8

<u>उत्तर प्रदेश सरकार</u>

नियुक्ति विभाग

अनुभाग–4

अधिसूचना

7 अक्टूबर, 1974 ई०

सं० 6–12/1973–नियुक्ति–(4)–भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का तथा तदर्थ समस्त अन्य समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों को आश्रितों की भर्ती की विनियमित करने के लिए निम्नलिखित विशेष नियमावली बनाते हैः

उत्तर प्रदेश सेवा काल में मृत सरकारी सेवकों के
आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974

1– lf{kIr uke rFkk ÁkjEHk––(1) यह नियमावली, उत्तर प्रदेश सेवाकाल में मृत सरकारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती नियमावली, 1974 कहलायेगी।

(2) यह 21 दिसम्बर, 1973 से प्रवृत्त हुई समझी जायेगी।

2– ifjHkk"kk,& जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में––

(क) 'सरकारी सेवक' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवायोजित ऐसे सरकारी सेवक से है जो–

(1) ऐसे सेवायोजन में स्थायी था; या

(2) यद्यपि अस्थायी है तथापि ऐसे सेवायोजन में नियमित रूप से नियुक्त किया गया था; या

(3) यद्यपि नियमित रूप से नियुक्त नहीं है, तथापि ऐसे सेवायोजन में नियमित रिक्ति में तीन वर्ष की निरन्तर सेवा की है।

स्पष्टीकरण––'नियमित रूप से नियुक्त' का तात्पर्य, यथास्थिति, पद पर या सेवा में भर्ती के लिए अधिकथित प्रक्रिया के अनुसार नियुक्त किए जाने से है;

(ख) 'मृत सरकारी सेवक' का तात्पर्य ऐसे सरकारी सेवक से है जिसकी मृत्यु सेवा में रहते हुए हो जाय;

(ग) 'कुटुम्ब' के अन्तर्गत मृत सरकारी सेवक के निम्नलिखित सम्बन्धी होंगेः–

(1) पत्नी या पति;

(2) पुत्र;

(3) अविवाहित पुत्रियाँ तथा विधवा पुत्रियाँ।

(घ) 'कार्यालय का प्रधान' का तात्पर्य उस कार्यालय के प्रधान से है जिस

कार्यालय में मृत सरकारी सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व सेवारत था।

3– fu;ekoyh dk ykxw fd;k tkuk– यह नियमावली उन सेवाओं और पदों को छोड़कर जो उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के क्षेत्रान्तर्गत आते हैं, उत्तर प्रदेश के कार्यकलाप से सम्बन्धित लोकसेवाओं में और पदों पर मृत सकरारी सेवकों के आश्रितों की भर्ती पर लागू होगी।

4– bl fu;ekoyh dk v/;kjkgh ÁHkko–इस नियमावली के प्रारम्भ होने के समय प्रवृत्त किन्हीं नियमों, विनियमों या आदेशों में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, यह नियमावली तथा तदधीन जारी किया गया कोई आदेश प्रभावी होगा।

5– e`rd ds dqVqEc ds fdlh lnL; dh Hkrh–यदि इस नियमावली के प्रारम्भ होने के पश्चात् किसी सरकारी सेवक की सेवाकाल में मृत्यु हो जाय तो उसके कुटुम्ब के ऐसे एक सदस्य को जो केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वाभित्वाधीन या उसके द्वारा नियन्त्रित किसी निगम के अधीन पहले से सेवायोजित न हो, इस प्रयोजन के लिए आवेदन करने पर, भर्ती के सामान्य नियमों की शिथिल करते हुए, सरकारी सेवा में उपयुक्त सेवायोजन प्रदान किया जायेगा जो राज्य लोक सेवा आयोग के क्षेत्रान्तर्गत न हो, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि वह सदस्य उस पद के लिए विहित शैक्षिक अर्हता रखता हो तथा वह अन्य प्रकार से भी सरकारी सेवा के लिए अर्ह हो। ऐसी नौकरी अविलम्ब और यथाशाक्य उसी विभाग में दी जानी चाहिए, जिसमें मृत सरकारी सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व सेवायोजित था।

6– lsok;kstu ds fy, vkosnu&i= dh fo"k;&oLrq– इस नियमावली के अधीन नियुक्ति के लिए आवेदन–पत्र जिस पद पर नियुक्ति अभिलषित है, उस पद से सम्बन्धित नियुक्ति प्राधिकारी को सम्बोधित किया जायेगा, किन्तु वह उस कार्यालय के प्रधान को भेजा जायेगा, जहाँ मृत सरकारी सेवक अपनी मृत्यु के पूर्व कार्य कर रहा था। आवेदन–पत्र में, अन्य बातों के साथ–साथ निम्नलिखित सूचना दी जायेगीः–

(क) मृत सरकारी सेवक की मृत्यु का दिनांक, वह विभाग जहाँ और वह पद जिस पर वह अपनी मृत्यु के पूर्व कार्य कर रहा था;

(ख) मृतक के कुटुम्ब के सदस्यों के नाम, उनकी आयु तथा अन्य ब्योरे विशेषतया उनके विवाह, सेवायोजन तथा आय सम्बन्धी ब्योरे;

(ग) कुटुम्ब की वित्तीय दशा का ब्योरा; और

(घ) आवेदक की शैक्षिक तथा अन्य अर्हताएं, यदि कोई हों।

7– ÁfØ;k tc dqVqEc ds ,dkf/kd lnL; lsok;kstu pkgrs gksa––यदि मृत सरकारी सेवक के कुटुम्ब के एकाधिक सदस्य इस नियमावली के अधीन सेवायोजन चाहते हों तो कार्यालय का प्रधान सेवायोजित करने के लिए व्यक्ति की उपयुक्तता को विनिश्चित करेगा। समस्त कुटुम्ब, विशेषतया उसके विधवा तथा अवयस्क सदस्यों के कल्याण के निमित्त उसके सम्पूर्ण हित को भी ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया जायगा।

8& vk;| rFkk vU; vi{kkvk e f'kfFkyrk&&(1) इस नियमावली के अधीन नियुक्ति चाहने वाले अभ्यर्थी की आयु नियुक्ति के समय अठारह वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

(2) चयन के लिए प्रक्रिया सम्बन्धी अपेक्षाओं से, यथालिखित परीक्षा या चयन समिति द्वारा साक्षात्कार से मुक्त कर दिया जायगा किन्तु अभ्यर्थी पद विषयक प्रत्याशित कार्य तथा दक्षता के न्यूनतम स्तर को बनाए रखेगा, इस बात का समाधान करने के उद्देश्य से अभ्यर्थी का साक्षात्कार करने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी स्वाधीन होगा।

(3) इस नियमावली के अधीन कोई नियुक्ति केवल किसी विद्यमान रिक्ति के प्रति की जायगी।

9– I kekU; vgrkvk d I EcU/k e fu;fDr Ákf/kdkjh dk I ek/kku–किसी अभ्यर्थी को नियुक्त करने के पूर्व नियुक्ति प्राधिकारी अपना यह समाधान करेगा कि–

(क) अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा है कि वह सरकारी सेवा में सेवायोजन के लिए सभी प्रकार से उपयुक्त है;

टिप्पणी– संघ सरकार या किसी राज्य सरकार अथवा केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियन्त्रित किसी निगम द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं समझे जायेगे।

(ख) वह मानसिक तथा शरीरिक रूप से स्वस्थ है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त है जिसके कारण उसके द्वारा अपने कर्तव्यों का दक्षतापूर्वक पालन करने में बाधा पड़ने की संभावना हो तथा इस बात के लिये अभ्यर्थी से उस मामले में लागू नियमों के अनुसार समुचित चिकित्सा प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने और स्वस्थता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जायगी।

(ग) पुरुष अभ्यर्थी की दशा में, उसकी एक से अधिक पत्नी जीवित न हो और किसी महिला अभ्यर्थी की दशा में, उसने ऐसे व्यक्ति से विवाह न किया हो जिसकी पहले से ही एक पत्नी जीवित हो।

dfBukb;k dk nj dju dh 'kfDr

10– राज्य सरकार, इस नियमावली के किसी उपबन्ध के कार्यान्वयन में किसी कठिनाई को (जिसके विद्यमान होने के बारे में वह एकमात्र निर्णायक होगी) दूर करने के प्रयोजनार्थ कोई ऐसा सामान्य या विशेष आदेश दे सकती है, जिसे व्यवहार या लोक–हित में आवश्यक या समीचीन समझें।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 6/12-1973-Niyukti-4, dated October 7, 1974:

No. 6/12-1973-Niyukti-4

October 7, 1974

In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of the Constitution of India and all other powers enabling him in this behalf, the Governor of Uttar Pradesh is pleased to make the following special rules regulating the recruitment of the dependants of Government servants dying in harness:

THE UTTAR PRADESH RECRUITMENT OF DEPENDANTS OF GOVERNMENT SERVANTS DYING IN HARNESS RULES, 1974.

1. Short title and commencement-(1) These rules may be called the Uttar Pradesh Recruitment of Dependants of Government Servants Dying in Harness Rules, 1974.

(2) They shall be deemed to have come into force with effect from December 21, 1973.

2. Definitions- In these rules, unless the context otherwise requires:

(a) "Government servant" means a Government servant employed in connection with the affairs of Uttar Pradesh who-

(i) was permanent in such employment; or

(ii) though temporary had been regularly appointed in such employment; or

(iii) though not regularly appointed, had put in three years continuous service in a regular vacancy in such employment.

Explanation- "Regularly appointed" means appointed in accordance with the procedure laid down for recruitment to the post or service, as the case may be;

(b) "deceased Government servant" means a Government servant who dies while in service;

(c) "family" shall include the following relations of the deceased Government servant:

(i) Wife or husband;

(ii) Sons;

(iii) Unmarried and widowed daughters;

(d) "Head of Office" means Head of Office in which the deceased Government servant was serving prior to his death.

3. Application of the rules-These rules shall apply to recruitment of dependants of the deceased Government servants to public services and posts in connection with the affairs of State of Uttar Pradesh, except services and posts which are within the purview of the Uttar Pradesh Publice Service Commission.

4. Overriding effect of these rules- These rules and any orders issued thereunder shall have effect notwithstanding anything to the contrary contained in any rules, regulations or orders in force at the commencement of these rules.

5. Recruitment of a member of the family of the deceased- In case a Government servant dies in harness after the commencement of these rules, one member of his family who is not already employed under the Central Government or a State Government or a Corporation owned or controlled by the Central Government or a State Government shall, on making an application for the purpose, be given a suitable employment in Government service which is not within the purview of the State Public Service Commission in relaxation of the normal recruitment rules, provided such member fulfils the educational qualifications prescribed for the post and is also otherwise qualified for Government service. Such employment should be given without delay and, as far as possible, in the same department in which the deceased Government servant was employed prior to his death.

6. Contents of application for employment-An application for appointment under these rules shall be addressed to the appointing authority in repect of the post for which appointment is sought but it shall be sent to the Head of Office where the deceased Government servant was serving prior to his death. The application shall, inter alia, contain the following information:

(a) The date of the death of the deceased Government servant; the department in which he was working and the post which he was holding prior to his death;

(b) names, ages and other details pertaining to all the members of the family of the deceased, particularly about their marriage, employment and income;

(c) details of the financial condition of the family; and

(d) the educational and other qualifications, if any, of the applicant.

7. Procedure when more than one member of the family seeks employment—If more than one member of the family of the deceased Government servant seeks employment under these rules, the Head of Office shall decide about the suitability of the person for giving employment. The decision will be taken keeping in view also the overall interest of the welfare of the entire family, particularly the widow and the minor members thereof.

8. Relaxation from age and other requirements—(1) The candidate seeking appointment under these rules must not be less than 18 years at the time of appointment.

(2) The procedural requirements for selection, such as written test or interview by a selection committee or any other authority, shall be dispensed with, but it shall be open to the appointing authority to interview the candidate in order to satisfy itself that the candidate will be able to maintain the minimum standards of work and efficiency expected on the post.

(3) An appointment under these rules shall be made against an existing vacancy only.

9. Satisfaction of appointing authority as regards general qualifications.— Before a candidate is appointed, the appointing authority shall satisfy itself that:

(a) The character of the candidate is such as to render him suitable in all respect for employment in Government service**;**

मैं प्रमाणित करता हूँ कि यह केस विशेष चिकित्सा/एक अपंग के पुर्नवास/लम्बी बीमारी का है और प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत कैश मीमोज ही ऐसा अथवा कुल रुपया....................................वाउचर्स/कैश मीमोज ही ऐसी चिकित्सा/पुर्नवास से सम्बन्धित है। मैंने प्रस्तुत प्रमाण—पत्र भी देख लिये है वे सभी ठीक और सही है।

दिनांक सील मोहर सहित

चिकित्सक के हस्ताक्षर

vxlkj.k vf/kdkjh dh fVIi.kh

Hkkx&rhu

1. क्या रोगी सरकारी व्यय पर निःशुल्क चिकित्सा की अधिकारी है। यदि हाँ तो आर्थिक सहायता माँगने का क्या औचित्य है?
2. पुलिस अधीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा इस निमित्त कितनी आर्थिक सहायता किसी निधि से कब—कब दी जा चुकी है यदि ऐसी को सहायता नहीं की गयी है तो न देने का कारण क्या था?
3. क्या पुलिस अधीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक के अधीन किसी निधि से अपेक्षित सहायता प्रदान करना सम्भव है यदि नहीं तो कारण का उल्लेख करें।
4. पुलिस वेलफेयर फण्ड से पहले कब—कब और कितनी—कितनी तथा किस—किस

निमित्त आर्थिक सहायता प्रार्थी को दी जा चुकी है?

5. यदि रुग्णता/अपंगता आसाध्य/चिरस्थाई है तो मरीज के पुर्नवास के लिए क्या कार्यवाही की गयी है अथवा प्रस्तावित है?

6. यदि रोगी क्षय रोग से पीड़ित है तो उसे चिकित्सार्थ सेनीटोरियम भेजने के लिए क्या कार्यवाही की गयी अथवा की जा रही है?

7. पुलिस वेलफेयर फण्ड से न्यनतम कितनी आर्थिक सहायता की आप संस्तुति करते हैं, औचित्य सहित उसका उल्लेख करें।

दिनांक

हस्ताक्षर पद
सील/मोहर सहित

ÁcU/k lfefr d vkn'k

1. सहायतार्थ स्वीकृत धनराशि
2. शर्त यदि कोई लगाये जाये
3. प्रार्थना–पत्र अस्वीकृत

सेक्रेटरी कम ट्रेजरी के
हस्ताक्षर एवं मोहर

l;yXud&14

संख्या:4590 / आठ–7–327 / 75

प्रेषक,

श्री कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,

उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

गृह(पुलिस)अनुभाग–7 दिनांकःलखनऊः31 मार्च 1975

विषयः– पुलिस तथा पी०ए०सी० कर्मचारियों द्वारा सुख–सुविधा हेतु चन्दे के रूप में एकत्र की गयी धनराशि के समतुल्य धनराशि की व्यवस्था।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपके पत्र संख्या:12 / –1502–66, दिनांक 7–8–1974 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पुलिस तथा पी०ए०सी० कर्मचारियों को अधिक सुविधा प्रदान करने हेतु शासन ने यह निर्णय लिया है कि कर्मचारियों द्वारा चन्दें के रूप में सुख–सुविधा हेतु जितनी धनराशि एकत्र की गयी है उसके समतुल्य धनराशि (मैचिग ग्रान्ट) शासन द्वारा उनकी सुख–सुविधा हेतु इस वर्ष दे दी जाए। अतः श्रीराज्यपाल महोदय वर्तमान वित्तीय वर्ष 1974–75 में पुलिस / पी०ए०सी० कर्मचारियों के सुख–सुविधा पर 3,98,000 / – (रु. तीन लाख अठानवे हजार मात्र) तक अतिरिक्त व्यय किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते है।

2. इस धनराशि से शासन द्वारा स्वीकृत मदों पर ही व्यय उसी प्रकार से किया जायेगा, जिस प्रकार सुख–सुविधा के लिए हेतु किये गये 12,75,000 / – रु. के प्राविधान से व्यय किया जाता है।

3. इस मद पर होने वाला व्यय लेखाशीर्षक ''255–पुलिस आयोजनेत्तर(ज) पुलिस कर्मचारियों का कल्याण के अन्तर्गत एक नये प्राथमिक इकाई (2) ''पुलिस कल्याण निधि (बेनेबोलेन्ट फण्ड) के लिए अनुदान'' के नामें डाला जायेगा।

4. यह आदेश शासकीय संख्या:ई–12–736 / दस–75 दिनांक 24 मार्च,1975 द्वारा प्राप्त वित्त विभाग की अनुमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

ह०

कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता

lyXud&14-1

संख्या:4695 / आठ–7–327 / 73

प्रेषक,

श्री सुरेश चन्द्र दीक्षित,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

गृह (पुलिस) अनुभाग–7 दिनांक:लखनऊः 8 नवम्बर 1977

विषय:– पुलिस बेनीबोलेन्ट फण्ड के लिए स्वीकृत अनुदान में से पुलिस कर्मचारियों के खेल–कूद की व्यवस्था।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या:12–1502–66, दिनांक 31 अगस्त 1977 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके द्वारा वर्णित परिस्थिति में राज्यपाल महोदय शासनादेश संख्या:4590 / आठ–7–327 / 1973, दिनांक 31 मार्च, 1975 के प्रस्तर–2 में निहित आदेश के क्रम में पुलिस बेनीबोलेन्ट फण्ड के लिए शासन द्वारा स्वीकृत अनुदान की धनराशि का अधिकतम 10 प्रतिशत पुलिस / पी०ए०सी० कर्मचारियों के खेल–कूद की व्यवस्था पर भी व्यय करने की अनुमति प्रदान करते है।

2. यह आदेश अशासकीय संख्या:ई–12 / 2954 / दस–77, दिनांक 2 नवम्बर 1977 द्वारा प्राप्त वित्त विभाग की सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
ह० / सुरेश चन्द्र दीक्षित,
उप सचिव,

संख्या:

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित:–

1. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. वित्त(व्यय नियंत्रण)अनुभाग–12

आज्ञा से,
ह० / सुरेश चन्द्र दीक्षित,
उप सचिव,

l;yXud&15

संख्या–सा–3–1446 / दस–912–85

प्रेषक,

डा० जे०पी०सिंह,

वित्त सचिव,

उ०प्र०शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,

उत्तर प्रदेश,लखनऊ।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–3

लखनऊः दिनांक– 6 अगस्त,1985

विषय– पेंशन देयों की स्वीकृति की प्रक्रिया का विकेन्द्रीकरण।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर शासनादेश संख्या–सामन्य–3–1338 / दस–912–85, दिनांक–16 जुलाई, 1985 के क्रम में मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि महालेखाकार के स्तर से पेंशन प्राधिकार पत्र तथा पेंशन संबंधी अन्य देयों जैसे ग्रेच्युटी,पेंशन के राशिकरण आदि का प्राधिकार पत्र निर्गत करने में आ रही कठिनाईयों के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि उपरोक्त प्राधिकार पत्रों को निर्गत करने की कार्यवाही का विकेन्द्रीकरण किया जाय और यह कार्य अब महालेखाकार के बजाय आपके विभाग के मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा किया जाय। इस प्रणाली को आपके विभाग में 31–7–85 अथवा उसके उपरान्त सेवा निवृत्त हाने वाले सभी स्तर के कर्मचारियों तथा अधिकारियों के संबंध में प्रयोगात्मक रूप से लागू किया जायगा। इस प्रणाली की विस्तृत रूप रेखा निम्नवत् होगी –

(1) इस प्रणाली के अर्न्तगत उपरोक्त विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ संलग्न मुख्य लेखाधिकारी अथवा उनके स्तर के अन्य अधिकारी(यदि पद नाम में अन्तर हो) पेंशन,ग्रेज्युटी तथा राशिकरण की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सक्षम प्राधिकारी होंगे।

(2) यह प्रणाली उपरोक्त विभागों के उन अधिकारियों / कर्मचारियों पर लागू होगी जिनके वेतन अधिष्ठान बिल पर आहरित किये जाते हैं। ऐसे अधिकारी जो स्वयं बिल बनाकर सीधे कोषागार से अपना वेतन आहरित करते हैं,के संबंध में फिलहाल यह प्रणाली लागू नहीं की जायेगी। राजस्व विभाग में यह योजना केवल उन अधिकारियों / कर्मचारियों के लागू समझी जायेगी जो

राजस्व परिषद के अधीन कार्यरत हैं।

(3) यह प्रणाली ऐसे अधिकारियें/कर्मचारियों के संबंध में भी लागू होगी जो स्वेच्छा से सेवानिवृत्त प्राप्त करेंगे अथवा जिन्हें अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त किया जायेगा। इस प्रणाली के अन्तर्गत अशक्तता,पारिवारिक पेंशन तथा असाधारण पेंशन भी उपरोक्त सक्षम अधिकारी द्वारा ही स्वीकृत की जायेगी।

(4) यह प्रणाली उपरोक्त विभागों के ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू समझी जायेगी जो 31–7–85 अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्त होंगे। 31–7–85 के पूर्व जो व्यक्ति सेवानिवृत्त हो चुके हैं उनके पेंशन प्रपत्र महालेखाकार को ही भेजे जायेंगे और वे ही उनके पेंशन, ग्रेज्युटी, राशिकरण, पारिवारिक पेंशन तथा अन्य सेवानिवृत्ति देयों से संबंधित प्राधिकार पत्रों को निर्गत करेंगे।

(5) इस प्रणाली के अन्तर्गत संबंधित सक्षम अधिकारी द्वारा पेंशन संबंधित भी मामलों का निस्तारण किया जायेगा जैसे पेंशन की स्वीकृति, ग्रेज्युटी की स्वीकृति, पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति अथवा पेंशन के राशिकरण की स्वीकृति आदि।

(6) बीमा योजना के अन्तर्गत मिलने वाली धनराशि, भविष्य निर्वाह निधि के अर्न्तगत मिलने वाली धनराशि तथा सेवानिवृत्ति के समय अवशेष उपार्जित अवकाश के नकदीकरण से संबंधित मामले इस योजना से आच्छादित नहीं होगे। इनके संबंध में विभिन्न शासनादेशों के अन्तर्गत जो प्रक्रियायें निर्धारित हैं वही यथावत् लागू समझी जायेंगी।

(7) इस प्रणाली के अन्तर्गत पेंशन प्रपत्रों को तैयार करने का कार्य उस प्रक्रिया तथा समय–सारणी के अनुसार किया जायेगा जैसी वित्त विभाग द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–सा–3–2085/दस–907'76, दिनांक–13–5–77 में निर्धारित है। केवल अन्तर इतना ही होगा कि संबंधित अधिकारी द्वारा बांछित पेंशन प्रपत्र अब महालेखाकार को भेजने के बजाय प्रमुख विभागाध्यक्ष के साथ संलग्न मुख्य लेखा अधिकारी को भेजे जायेंगे। मुख्य लेखाधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वे उसे 6 माह की अवधि में ,जो उन्हें पेंशन प्रपत्रों का परीक्षण कर पेंशन निर्धारित करने हेतु मिलेगी, पेंशन प्रपत्रों का भली–भांति परीक्षण कर लें और यदि उनमें कोई त्रुटि/कमी हो तो उसे संबंधित कार्यालयाध्यक्ष से समय रहते ठीक करवा लें और सेवानिवृत्ति के एक माह पहले ही पेंशन, ग्रेज्युटी तथा राशिकरण के भुगतान आदेश उस कोषाधिकारी अथवा आहरण एवं वितरण अधिकारी को प्रेषित कर दें जहां से पेंशनर ने पेंशन प्राप्त करने का विकल्प दिया हो अथवा जहां से वह सेवानिवृत्त हुआ हो और उसकी एक प्रतिलिपि संबंधित कार्यालयाध्यक्ष/कोषाधिकारी तथा पेंशनर को भेज दें। हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाय कि ग्रेज्युटी के

राशिकरण की धनराशि का भुगतान संबंधित पेंशनर के सेवानिवृत्ति के बाद के माह की पहली तारीख को प्राप्त हो जाय तथा पेंशन का भुगतान सेवानिवृत्ति के दिनांक के एक माह के बाद की पहली तारीख को हो जाय।

(8) इस प्रणाली को नियमित रूप से चलाने हेतु पेंशन तथा अन्य प्राधिकार पत्रों की प्रतियां शासन द्वारा मुद्रित करवायी जायेगी और संबंधित अधिकारियों को भेजी जायेगी।

(9) संबंधित मुख्य लेखा अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वे अपने नमूने के हस्ताक्षर पहली बार महालेखाकार से सत्यापित करवाकर प्रदेश के सभी कोषाधिकारियों को सील्ड कवर में गोपनीय रूप से रजिस्ट्री से प्रेषित कर दें। इसकी एक प्रति महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) द्वितीय उ०प्र० इलाहाबाद को प्रेषित की जायेगी। अपने विभाग के कार्यालयाध्यक्षों/आहरण वितरण अधिकारियों के उपयोगार्थ वे अपने हस्ताक्षर प्रमुख विभागाध्यक्ष से सत्यापित करवायेंगे और उन्हें संबंधित अधिकारियों को प्रेषित करेंगे। उसके उपरान्त एक मुख्य लेखा अधिकारी के कार्यभार छोडने पर वह अपने उत्तराधिकारी के हस्ताक्षर परिचालनार्थ प्रमाणित कर देंगे।

(10) संबंधित मुख्य लेखा अधिकारी/कोषाधिकारियों/कार्यालयाध्यक्षों/आहरण एवं वितरण अधिकारियों को भेजे जाने वाले अपने नमूने हस्ताक्षरों पर तथा पेंशन तथा अन्य प्राधिकार पत्रों पर अपनी एक इम्बोंसिंग सील लगायेंगे। इस स्पेशन सील का व्यास लगभग 2 इंच होगा। संबंधित मुख्य लेखा अधिकारी इस सील को अपनी व्यक्तिगत कस्टडी में रखेंगे और स्वीकृति संबंधित हस्ताक्षर करते समय प्रपत्रों पर लगायेंगे।

2— इस उद्देश्य से कि नयी प्रणाली के कार्यान्यवन में मुख्य लेखा अधिकारियों को संबंधित कार्यालयाध्यक्षों से पेंशन प्रपत्र आदि मंगवाने में कठिनाई का सामना न करना पडे ,उपरोक्त विभागों के प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष अपने कार्यालय के एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी को इस प्रणाली के लागू करने हेतु समन्वय अधिकारी के रूप में नामित करेंगे। उपरोक्त विभागों के कार्यालयाध्यक्ष प्रतिवर्ष पहली जनवरी तथा पहली जुलाई को ऐसे व्यक्तियों की एक छमाही सूची तैयार करेंगे जो अगले 24 से 30 माह तक सेवानिवृत्त होने वाले हों तथा उसकी एक प्रति मुख्य लेखा अधिकारी को तथा एक प्रति उपरोक्तानुसार नामित प्रशासनिक अधिकारी को भेजेंगे। यदि सूचा शून्य हो तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष मुख्य लेखा अधिकारी को शून्य सूचना भेजेंगे। मुख्य लेखा अधिकारी तथा उपरोक्तानुसार नामित अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वे इन सूचियों में उल्लिखित नामों को अपने कार्यालय में निर्धारित प्रपत्र (फार्म—1) पर एक रजिस्टर में अंकित कर लें। यह रजिस्टर मास्टर रजिस्टर के रूप में उपयोग में लाया जायेगा तथा पेंशन प्रपत्रों की प्राप्ति तथा निर्गमन संबंधी सूचना इस रजिस्टर में दर्ज की जायेगी। जो पेंशन प्रपत्र प्राप्त होंगे उन्हें उपरोक्त रजिस्टर के अतिरिक्त एक अन्य रजिस्टर (फार्म—2) में दर्ज किया

जायेगा। यह रजिस्टर पेंशन चेक रजिस्टर कहलायेगा और स्वीकृति संबंधी पूर्ण सूचना का मुख्य रजिस्टर होगा। इस रजिस्टर को कभी बीड नहीं किया जायेगा और इसी रजिस्टर को भविष्य में संदर्भ हेतु तथा समय–समय पर होने वाले पेंशनों के पुनरीक्षण हेतु उपयोग में लाया जायेगा। पेंशन प्राधिकार पत्रों पर भी इस रजिस्टर के नम्बर का संदर्भ होगा और यही संदर्भ संबंधित पेंशनर के संबंध में भविष्य में उपयोग में लाया जायेगा। पुलिस विभाग संदर्भ संख्या के पहले शब्द पुलिस का प्रयोग करेंगे इसी प्रकार सिंचाई ,सार्वजनिक निर्माण तथा राजस्व विभाग शब्द सिंचाई सानिवि तथा राजस्व का प्रयोग करेंगे। बाद में यदि किसी व्यक्ति के पेंशन प्रपत्र निर्धारित समय–सारणी के अनुसार प्राप्त न हों तो मुख्य लेखा अधिकारी तथा उपरोक्तानुसार नामित अधिकारी का यह कर्तव्य होगा कि वे संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को पेंशन प्रपत्र भेजने के संबंध में पत्र भेंजे। यदि फिर भी किसी कार्यालयाध्यक्ष से पेंशन प्रपत्र प्राप्त न हों तो उपरोक्तानुसार नामित अधिकारी संबंधित कार्यालयाध्यक्ष के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें।

3– संबंधित पेंशन प्राधिकार पत्र के कोषाधिकारी के स्तर पर तथा ग्रेच्युटी / राशिकरण संबंधी प्राधिकार पत्र आहरण एवं वितरण अधिकारी के स्तर पर प्राप्त होने पर संबंधित अधिकारी उन्हें एक रजिस्टर जो वित्त हस्त पुस्तिका भाग–पांच,खण्ड दो के फार्म संख्या–51 (प्रारूप संलग्न)में निर्धारित है पर दर्ज कर लेंगे। कोषाधिकारी इसी रजिस्टर के क्रमांक को पेंशन प्राधिकार पत्र (दोनों प्रतियों) पर दर्ज करेंगे और कोषाधिकारी के कार्यालय में डिस्वर्सर्स हाफ को ढूंढने में उसका उपयोग करेंगे।

4– पेंशन प्रपत्रों के प्राप्त होने के उपरान्त मुख्य लेखा अधिकारी के कार्यालय में निम्न कार्यवाही अपेक्षित होगी :–

(1) वे यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पेंशन–प्रपत्र हर प्रकार से पूर्ण हैं।

(2) सेवा–पुस्तिका में सेवा संबंधी समस्त प्रविष्टियां पूर्ण हैं तथा वे उचित स्तर से प्रमाणित की गयी हैं। यदि सेवा पुस्तिका में कुछ अवधि / अवधियां सत्यापित न हो तो संबंधित सरकारी सेवक से, शासनादेश संख्या सा–3–1998 / दस / 932 / 80 दिनांक– 16 जनवरी, 1981 के पैरा 3 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार एक शपथ पत्र प्राप्त कर उस भाग को पेंशन के प्रयोजन हेतु अर्ह सेवा मान लेंगे।

(3) यदि अभिलेख पूर्ण हो तों निर्धारित प्रपत्र पर संबंधित सरकारी सेवक की सेवानिवृत्ति की तिथि से ठीक 10 माह पूर्व का औसत वेतन आगणित करेंगे और सेवा पुस्तिका की सहायता से उसकी अर्हकारी सेवा आगणति करेंगे। इन आंकणों के आधार पर पेंशन नियम एवं शाासनादेशों में उल्लिखित प्रक्रिया और दरों पर पेंशन का आगणन करने पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत करेंगें।

(4) इसी प्रकार के पेंशन नियमों में एवं शासनादेशों में उल्लिखित प्रक्रिया और

दरों पर मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति ग्रेज्युटी तथा पेंशन की राशिकरण की धनराशि का आगणन करेंगे और निर्धारित प्रपत्र पर प्राधिकार पत्रनिर्गत करेंगे।

(5) पेंशन तथा अन्य प्राधिकार पत्रों को निर्गत करते समय यह सुनिश्चित करना होगा कि वे उक्त पत्रों पर निर्धारित सभी सूचना सही सही भर दी गई है। जिससे संबंधित कोषाधिकारी अथवा आहरण एवं वितरण अधिकारी को उसका भुगतान करने में कठिनाई न हो।

(6) यदि किसी सरकारी सेवक की सेवा की अवधि बाहय सेवा की है तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष को पेंशन प्रपत्र भेजने के पहले यह सुनिश्चित करना होगा कि बाहय सेवायोजक द्वारा संबंधित अवधि के अवकाश एवं पेंशन अंशदान उन्हें भेज दिये गये हैं, अथवा/नहीं और यदि भेजे गये हो तो पेंशन प्रपत्रों के साथ उनकी चालान संख्या तथा कोषागारों के नाम तथा उस धनराशि की सूचना संलग्न करनी होगी जिनके माध्यम से अवकाश वेतन,अंशदान एवं पेंशन अंशदान जमा किये गये हों। यदि ऐसी सूचना उपलब्ध न हो तो पेंशन प्रपत्रों को भेजे जाने में बिलम्ब न किया जाये बल्कि कार्यालयाध्यक्ष यथा शीघ्र उसके बाद ऐसी सूचना एकत्रित करके मुख्य लेखाधिकारी को उपलब्ध करा दें। यदि फिर भी पेंशन स्वीकृति के संबंध में उक्त सूचना उपलब्ध न हो पाये तो मुख्य लेखाधिकारी पेंशन स्वीकृति संबंधी कार्य में ऐसी सूचना प्राप्त न होने के कारण बिलम्ब न करें किन्तु कार्यालयाध्यक्ष से निरंतर पत्र व्यवहार करके वांछित सूचना प्राप्त कर लें।

5— यदि कोई व्यक्ति उत्तर प्रदेश बाहर किसी अन्य प्रदेश के कोषागार के माध्यम से पेंशन आहरति करना चाहता है तो उसके लिये उसे फार्म संख्या—25 सी०एस०आर० की तीन प्रतियां भेजनी चाहिये। मुख्य लेखाधिकारी पेंशन आदि की स्वीकृति प्रदान कर फार्म संख्या—25 सी०एस०आर० की दो प्रतियां महालेखाकार लेखा एवं हकदारी, द्वितीय उ०प्र० को पेंशन स्वीकृति संबंधी अन्य प्रपत्रों के साथ इस आशय से प्रेषित करेंगे कि वे संबंधित महालेखाकार को उसकी पेंशन के वितरण करने हेतु संबंधित कोषाधिकारी को अधिकृत कर दें। महालेखाकार उ.प्र० संबंधित महालेखाकार को भेजे गये ऐसे पत्र की एक प्रति मुख्य लेखाधिकारी तथा एक प्रति संबंधित पेंशनर को भी भेजेंगे।

6— यदि कोई व्यक्ति प्रदेश में ही पेंशन का भुगतान अपनी नियुक्ति के स्थान के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से लेना चाहता है तो मुख्य लेखाधिकारी पेंशन प्राधिकार पत्र उस जिले के कोषाधिकारी को भेज देंगे और कवरिंग पत्र की एक प्रति कार्यालयाध्यक्ष को तथा एक प्रति संबंधित पेंशनर को भेजेंगे।

7— इस प्रणाली के अर्न्तगत उपरोक्त विभागों के मुख्य लेखाधिकारी द्वारा निर्गत किये गये पेंशन प्राधिकार पत्रों पर पहले तथा उसके उपरान्त किये जाने वाले मासिक भुगतान उस जिले के कोषाधिकारी द्वारा किये जायेंगे जहां से संबंधित पेंशनर अपनी पेंशन लेना चाहता हो। यदि कोई पेंशनर कोषागार के स्थान पर उप कोषागार से पेंशन आहरित

करना चाहता है तो पेंशन प्राधिकार पत्र जिले के कोषाधिकारी को भेजे जायेंगे तथा वे ही पेंशन आहरण करने हेतु संबंधित उप कोषागार को अधिकृत करेंगे। मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति, ग्रेच्युटी, तथा पेंशन के राशिकरण की धनराशियों का भुगतान कोषागार के माध्यम से नहीं किया जायेगा बल्कि संबंधित मुख्य लेखा अधिकारी इस प्रकार के भुगतानों के प्राधिकार पत्र उस आहरण एवं वितरण अधिकारी को प्रेषित करेंगे जहां से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी सेवानिवृत्त हुआ हो। यदि पेंशन का राशिकरण पेंशन स्वीकृति के साथ नहीं कराया गया है तो पेंशन राशिकृति धनराशि का भुगतान कोषाधिकारी द्वारा किया जायेगा तथा पेंशनर की पेंशन कोषाधिकारी द्वारा तद्नुसार घटा दी जायेगी।

संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी उपरोक्त भुगतानों के आहरण हेतु निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनायेंगे और उन्हें कोषागार से पारित करवाकर संबंधित व्यक्ति को उसका भुगतान कर देंगे। यदि भुगतान नियुक्ति के स्थान के अलावा किसी अन्य स्थान से किये जाने हेतु आवेदन किया जाये तो उस दशा में संबंधित व्यक्ति को बैंक डाप्ट के माध्यम से भुगतान कर दिया जायेगा। सिचाई तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग में चेक प्रणाली लागू है अतः संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी की ग्रेज्युटी एवं पेंशन के राशिकरण के भुगतान हेतु बिल बनाकर उन्हें कोषागार को भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।

8— पेंशन एवं अन्य देयों से संबंधित प्राधिकार पत्र निर्गत करने के उपरान्त एक अन्य अधिकारी द्वारा जो पेंशन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के अन्र्तगत कार्यरत होंगे तथा उन्हीं को सीधे उत्तरदायी होगे सभी प्राधिकार पत्रों की शत प्रतिशत कार्योत्तर संपरीक्षा की जायेगी। कार्योत्तर संपरीक्षा किये जाने के उपरान्त ऐसे अधिकारी निर्धारित प्रपत्र पर आवश्यक सूचना पेंशन अधिकारी को प्रेषित करेंगे। यदि कार्योत्तर संपरीक्षा के उपरान्त पेंशन अथवा अन्य देयों के संबंध में त्रुटि पायी गई हो तो मुख्य लेखा अधिकारी का दायित्व होगा कि वे त्रुटि सुधार करके प्रश्नगत पत्र पुनः निर्गत करें। अधिक भुगतान होने की दशा में कोषाधिकारी अथवा आहरण एवं वितरण अधिकारी संबंधित पेंशनर से अधिक भुगतान हुई धनराशि की वसूली की कार्यवाही करेंगे। पेंशन में अधिक भुगतान होने की दशा में यह वसूली किस्तों में की जा सकती है। अन्य भुगतानों के संबंध में सबंधित पेंशनर को अधिक भुगतान की धनराशि को एक मुश्त कैश में जमा करना होगा। इस हेतु संबंधित आहरण एवं वितरण अधिकारी पेंशनर को भुगतान किये जाने के पूर्व एक इन्डेमिनिटी बान्ड (फार्म—3) भरवा लेंगे जिस पर कार्यालय के दो अधिकारी एवं कर्मचारी का साक्ष्य प्राप्त किया जायेगा।

9— यदि किसी कारणवश सेवानिवृत्त के दिनांक से एक मास पूर्व किसी व्यक्ति की पेंशन अथवा मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति ग्रेज्युटी के संबंध में प्राधिकार पत्र निर्गत किया जाना संभव न हो पाये तो संबंधित कार्यालयाध्यक्ष का यह दायित्व होगा कि वे शासनादेश संख्या—सा—3—2085/दस—907—76 दि० 13—12—77 एवं सा—3—1797/दस—921—84 दिनांक— 13—2—85 में उल्लिखित प्रक्रिया के अनुसार संबंधित व्यक्ति को अनन्तिम पेंशन एवं ग्रेज्युटी स्वीकृत कर दें एवं शासनादेश संख्या—सा—3—2921/दस—भ०ले०—7—78

दि०27–1–79 के अन्तर्गत निर्धारित संलग्नक –1 पर आवश्यक सूचना महालेखाकार के स्थान पर विभाग के मुख्य लेखाधिकारी को प्रेषित कर दें और उसका आहरण पेंशन मामले में सेवानिवृत्ति के एक माह के बाद के माह की पहली तिथि से प्रारम्भ कर दें तथा मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति ग्रेज्युटी की धनराशि का भुगतान सेवानिवृत्ति के माह से अगले माह की पहली तिथि को ही कर दें।

10– मुख्य लेखा अधिकारी पेंशन तथा अन्य देयों से संबंधित प्राधिकार पत्र निर्गत करने के लिए अंतिम रूप से जिम्मेदार होंगे। यदि संबंधित अधिकारी/कर्मचारी अथवा कार्यालयाध्यक्ष द्वारा इनके निर्णय में कोई विवाद उत्पन्न किया जायेगा तो संबंधित अधिकारी/कर्मचारी, विभागाध्यक्ष को एक आवेदन पत्र प्रस्तुत करेंगे जो विभागाध्यक्ष द्वारा आवश्यक निर्णय हेतु शाासन को प्रेषित किया जायेगा।

11– भारत के संविधान के अनुच्छेद–283(2) के अर्न्तगत राज्यपाल द्वारा बनाये गये ट्रेजरी रूल्स में प्राविधान है कि कोषाधिकारी सामान्य प्रकार से भुगतान करने हेतु अधिकृत नहीं है,जब तक ऐसा भुगतान नियमों के अर्न्तगत किया जाना अपेक्षित न हो अथवा उनके लिये महालेखाकार का प्राधिकार पत्र उपलब्ध न हो। ट्रेजरी रूल्स–22 में यह प्राविधान है कि सरकारी सेवकों को मिलने वाली पेंशन की दरें महालेखाकार द्वारा कोषाधिकारी को सूचित की जायेगी। उपरोक्त प्रणाली को लागू करने हेतु संबंधित ट्रेजरी रूल्स को संशोधित करना होगा जिसमें समय लगने की संभावना है। अतः यह निर्णय लिया गया है कि संबंधित नियमों के संशोधन के औपचारिक आदेश निर्गत होने के पूर्व इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से उन्हें संशोधित माना जायेगा और संबंधित कोषाधिकारी मुख्य लेखा अधिकारी द्वारा जारी किये गये भुगतान प्राधिकार पत्रों पर भुगतान करने हेतु अधिकृत समझे जायेंगे।

12– उपरोक्त कार्य के लिए संबंधित विभागों में निम्नलिखित अस्थायी पदों के 28 फरवरी–1986 तक अथवा यदि उसके पूर्व समाप्त न कर दिये जाये, सृजन की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

		सहायक लेखा अधिकारी (690–1420)	लेखाकार (570–1100)	टंकक (354–550)	रिकार्डकीपर (430–685)	चपरासी (305–390)	योग
1	पुलिस विभाग	1	6	1	1	1	10
2	सार्वजनिक निर्माण विभाग	1	4	1	1	1	8
3	सिंचाई विभाग	1	5	1	1	1	9

		सहायक लेखा अधिकारी (690–1420)	लेखाकार (570–1100)	टंकक (354–550)	रिकार्डकीपर (430–685)	चपरासी (305–390)	योग
4	राजस्व विभाग	1	5	1	1	1	8
						कुल योग	35

उपरोक्त पदों में से निम्न पद संबंधित विभाग द्वारा वर्तमान स्टाफ में से भरे जायेंगे शेष पदों की सीधी भर्ती अथवा पदोन्नति से भरा जायेगा।

	लेखाकार
पुलिस विभाग	2
सार्वजनिक निर्माण विभाग	2
सिंचाई विभाग	2
राजस्व विभाग	2

उपरोक्तानुसार स्वीकृत सभी पदों पर कार्यरत कर्मचारी सीधे मुख्य लेखा अधिकारी के अधीनस्थ कार्य करेंगे और उन्हीं को उत्तरदायी होंगे। वही उनकी चरित्र पंजिका में प्रविष्टि करने हेतु अधिकृत होंगे।

13– उपरोक्त विभागों के मुख्य लेखा अधिकारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे इस बीच सभी पेंशन नियमों तथा शासनादेशों का अध्ययन कर लें जिससे पेंशन प्राधिकार पत्र निर्गत करने में कठिनाई न हों।

आपसे अनुरोध है कि आप उपरोक्त प्रणाली का भली प्रकार अध्ययन कर लें और उसे अपने विभाग में 4–8–85 से लागू करने की कृपा करें।

भवदीय

ह०/–

Mkå tåihå flg]

वित्त सचिव।

संख्याःसा–3–1446(1)/दस–912–85

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव, गृह विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग तथा राजस्व विभाग, लखनऊ।

2– महालेखाकार, (लेखा) प्रथम एवं द्वितीय, महालेखाकार (आडिट) तृतीय एवं चतुर्थ इलाहाबाद।

3– निदेशक, कोषागार, उ०प्र०, जवाहर भवन, लखनऊ।

4– प्रदेश के समस्त मंडलायुक्त।

5– प्रदेश के समस्त जिलाधिकारी।

6– प्रदेश के समस्त कोषाधिकारी।

7– पुलिस विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग तथा राजस्व विभाग के अधीनस्थ समस्त विभागाध्यक्ष तथा कार्यालयाध्यक्ष।

8– निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ०प्र०, इलाहाबाद।

9– पेंशन अधिकारी, विधान भवन, लखनऊ।

10– सचिव, कार्मिक विभाग, लखनऊ।

11– सचिवालय के समस्त अनुभाग।

12– निदेशक, सूचना विभाग, उ०प्र०, लखनऊ को आवश्यक प्रचार हेतु।

आज्ञा से,

ह०/–

on Ádk'k vxoky]

संयुक्त सचिव।

l;yXud&15-1

उत्तर प्रदेश शासन

वित्त (सामान्य) अनुभाग–3

संख्या–सा–3–1508 / दस–2008–308–97

लखनऊः दिनांकः 08 दिसम्बर 2008

dk;kZy; & Kki

fo"k;% वेतन समिति उ०प्र०, 2008 की संस्तुतियो को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2006 के उपरान्त सेवानिवृत्त / मृत कार्मिको की पेन्शन / ग्रेच्युटी / पारिवारिक पेन्शन एवं राशिकरण की दरो का पुनरीक्षण किया जाना।

उपरोक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय ने वेतन समिति उत्तर प्रदेश, 2008 की संस्तुतियो को स्वीकार करते हुये राज्य सरकार के सिविल पेन्शनरो / पारिवारिक पेन्शनरो के पेन्शन / पारिवारिक पेन्शन / ग्रेच्युटी एवं पेन्शन राशिकरण की दरो को निम्नप्रकार संशोधित किये जाने का आदेश दिये है। यह आदेश दिनांक 01.01.2006 से प्रभावी समझे जायेगे तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार पुनर्निधारण / समायोजन किया जायेगा।

2& यह आदेश राज्य सरकार के सभी सिविल पेन्शनरो / पारिवारिक पेन्शनरो पर (जो उ०प्र० लिब्लराइज्ड पेन्शन रूल्स 1961, उ०प्र० रिटायरमेन्ट बेनीफिट रूल्स 1961, नई पारिवारिक पेंशन योजना 1965, तथा शासनादेश संख्याःसा–3–969 / दस–933 / 85, दिनाँकः08.08.1986 के अन्तर्गत स्वीकृत पेंशन / पारिवारिक पेंशन प्राप्त कर रहे हैं) लागू समझे जायेंगे। यह आदेश अशक्तता पेंशन तथा असाधारण पेंशन नियमावली (गैर सरकारी व्यक्तियों की असाधारण पेंशन को छोड कर) के अन्तर्गत पेंशन पाने वाले पेंशनरों पर भी लागू समझे जायेंगे। किन्तु यह आदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों, शिक्षा विभाग के गैर सरकारी सेवकों, स्थाई निकायों तथा सार्वजनिक उपक्रमों आदि के सेवकों पर लागू नहीं होगे।

2&¼1½ ÁHkkoh gksus dh frfFk&

इस आदेश के अधीन की जा रही व्यवस्थाएं उन राजकीय कर्मचारियों पर लागू होंगी जो दिनांकः01.01.2006 को अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्त हुए हैं अथवा मृत हुए हैं। दिनांकः01.01.2006, के पूर्व सेवानिवृत्त / मृतसरकारी सेवकों की पेंशन / पारिवारिक पेंशन क पुनरीक्षण के सन्दर्भ में विस्तृत प्रक्रिया के सम्बन्ध में पृथक से आदेश निर्गत किये जा रहे हैं।

2&¼2½

जिन सरकारी सेवकों के मामले में दिनांकः01.01.2006 को अथवा उसके उपरान्त

पेंशन/पारिवारिक पेंशन/मृत्यु एवं सेवानिवृत्त ग्रेच्युटी एवं पेंशन के एक भाग के राशिकरण की स्वीकृति निर्गत की जा चुकी है, उनका पुनरीक्षण इस आदेश में निहित प्रक्रिया के अधीन किया जायेगा। यदि इस आदेश में निहित व्यवस्था के अधीन पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण पेंशनर के लिए लाभप्रद न हो, उन प्रकरणें में ऐसे पुनरीक्षण नहीं किया जायेगा।

3&¼1½ ifjyfC/k;k&

पेंशन एवं अन्य नैवृत्तिक लाभों(सेवानिवृत्तिक/डेथ ग्रेच्युटी को छोडकर) की गणना हेतु परिलब्धियों से तात्पर्य उस वेतन से है जैसाकि मूल नियम–9(21)(1) में परिभाषित है और जिसे कर्मचारी अपनी सेवानिवृत्ति की तिथि से ठीक पूर्व अथवा मृत्यु की तिथि को प्राप्त कर रहा था।

3 &¼2½

''वेतन'' से आशय उत्तर प्रदेश वेतन समिति 2008, की संस्तुतियों पर आधारित पुनरीक्षित वेतनमान में पे बैण्ड तथा लागू ग्रेड पे से है तथा इसमें अन्य किसी प्रकार का वेतन तथा विशेष वेतन आदि सम्मिलित नहीं है।

3&¼3½

सेवानिवृत्त/डेथ ग्रेच्युटी की गणना हेतु सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथि को अनुमन्य महॅगाई भत्ते को सम्मिलित किया जायेगा।

4&i`'ku

पेंशन की गणना पूर्व की भांति, औसत परिलब्धियों पर दिये जाने के साथ–साथ सेवानिवृत्ति के समय के वेतनमान में पुर्नस्थापित पे बैण्ड के न्यूनतम तथा पे ग्रेड के योग के 50 प्रतिशत के आधार पर भी की जायेगी और जो भी अधिक लाभप्रद हो अनुमन्य होगा, परन्तु न्यूनतम पेंशन की धनराशि रु.3500/–प्रतिमाह से कम तथा अधिकतम धनराशि राज्य सरकार के अधिकतम धनराशि राज्य सरकार के अधिकतम वेतन (दिनांक:01.01.2006) के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। तद्रनुसार राज्य सरकार की पेंशन की पूर्व व्यवस्था उक्त सीमा तक संशाधित समझी जायेगीं।

4&¼1½

सिवित सर्विस रेग्युलेशन के अनुच्छेद–474 की व्यवस्था के अधीन ऐसे सरकारी सेवकों जो दस वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करने से पूर्व सेवानिवृत्त हो जाते हैं उन्हें पेंशन अनुमन्य नहीं होती है, परन्तु उक्त श्रेणी के कार्मिक राज्य सरकार के नियमों के अधीन अनुमन्य सर्विस ग्रेच्युटी पाने के पात्र होंगे।

4&¼2½

वर्तमान में राज्य सरकार में पूर्ण पेंशन प्राप्त प्राप्त करने के लिए अधिकतम 33

वर्ष की अर्हकारी सेवा प्रदान करना अनिवार्य है, परन्तु तत्काल प्रभाव से उक्त व्यवस्था को संशोधित करते हुए यह व्यवस्था की जाती है कि सरकारी सेवक को पूर्ण पेंशन प्राप्त करने हेतु 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा, सेवा करना अनिवार्य है जो सरकारी सेवक 20 वर्ष की अर्हकारी सेवा पूर्ण करके सेवानिवृत्त होते हैं उन्हें अंतिम आहरित वेतन के 50 प्रतिशत अथवा अंतिम 10 माह में आहरित वेतन के औसत के आधार पर जो भी अधिक लाभप्रद हो, के आधार पर पेंशन अनुमन्य होगी।

4&¼3½

ऐसे सरकारी सेवक जो 10 वर्ष की अर्हकारी सेवा करने के उपरान्त सेवानिवृत्त होते हैं तथा पेंशन पाने के पात्र हैं , उन्हें भी उपरोक्त व्यवस्था के अधीन पेंशन स्वीकृत की जायेगीं।

4&¼4½

उपरोक्त प्रस्तर–4(2) एवं 4(3) की व्यवस्था इन आदेशों के जारी होने की तिथि से प्रभावी होंगे तथा उन सरकारी कार्मिकों पर लागू होंगे जो उक्त दिनांक को अथवा उसके उपरान्त सेवानिवृत्त होंगे। जो सरकारी सेवक दिनांकः01.01.2006 को अथवा उसके उपरान्त परन्तु इस कार्यालय–ज्ञाप के जारी होने के मध्य सेवानिवृत्त हुए हैं उन पर पेंशन संबंधी वही नियम लागू होंगे जो इस कार्यालय – ज्ञाप के जारी होने की तिथि के पूर्व लागू थे।

4&¼5½

पेन्शन की न्यून्तम धनराशि की सीमा रु. 3500/– प्रतिमाह तथा अधिकतम सरकारी सेवक द्वारा धारित अन्तिम वेतन के 50 प्रतिशत की धनराशि से अधिक नही होगी।(राज्य सरकार में दिनांकः 01.01.2006 से अधिकतम वेतन की धनराशि रु. 80,000/–है)।

4&¼6½

सिविल सर्विस रेग्युलेशन्स की संबंधित व्यवस्थाएं उपरोक्त प्रस्तर–1 से 5 में पुनरीक्षित व्यवस्था के अनुसार संशोधित समझी जाएगी, शेष व्यवस्थाएं यथावत लागू रहेंगी।

4&¼7½

वरिष्ठ पेंशनरों को सामान्य अनुमन्य पेंशन की धनराशि पर निम्न प्रकार निर्धारित अतिरिक्त पेंशन की अनुमन्य की जाएगीः–

i'kuj dh vk;q	vfrfjDr i'ku dh /kujkf'k
80 वर्ष से अधिक परन्तु 85 से कम	मूल पेंशन का 20 प्रतिशत प्रतिमाह
85 वर्ष से अधिक परन्तु 90 वर्ष की आयु	मूल पेंशन का 30 प्रतिशत प्रतिमाह

से कम	
90 वर्ष से अधिक परन्तु 95 वर्ष की आयु से कम	मूल पेंशन का 40 प्रतिशत प्रतिमाह
95 वर्ष से अधिक परन्तु 100 वर्ष की आयु से कम	मूल पेंशन का 50 प्रतिशत प्रतिमाह
100 वर्ष से अधिक आयु अथवा अधिक	मूल पेंशन का 100 प्रतिशत प्रतिमाह

पेन्शन स्वीकृत अधिकारी का यह दायित्व होगा कि पेन्शन प्राधिकार–पत्र में पेन्शनर की जन्म तिथि एवं आयु का स्पष्ट उल्लेख करें जिससे अनुमन्यता की तिथि को अतिरिक्त पेन्शन की धनराशि का आगणन एवं भुगतान करने में सुविधा हो। पी०पी०ओ० में अतिरिक्त पेन्शन की धनराशि अलग से प्रदर्शित की जायेगी उदाहरण तथा यदि पेन्शनर की आयु 80 वर्ष है और उसकी पेन्शन की धनराशि रु. 10,000.00 प्रतिमाह है तो उसकी मूल पेन्शन रु. 10,000/– तथा (ख) के अतिरिक्त पेन्शन रुपया 10,000.00 (ख) अतिरिक्त पेन्शन रुपया 3,000 प्रतिमाह होगी।

5& x:P;|Vh

5&¼1½

सभी प्रकार की ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा रु. 10 लाख होगी। इस प्रकार से उत्तर प्रदेश रिटायरमेन्ट बेनीफिट रूल्स 1961 को सम्वन्धित नियम को दिनांक 01.01. 2006 से संशोधित समझा जाएगा तथा नियम के अधीन सेवानिवृत्तिक/मृत्यु ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा रु. 10 लाख से अधिक नही होगी।

6& vgdkjh l: vfrfjDr l:ok dh x.kuk

उपरोक्त प्रस्तरो 1 से 5 में उल्लिखित पेन्शन हेतु अर्हकारी सेवा की गणना व्यवस्था के प्ररिप्रेक्षय में अतिरिक्त सेवा को पेन्शन हेतु अर्हकारी सेवा में गणना की व्यवस्था समाप्त हो जायेगी तथा सम्वन्धित नियम तद्नुसार संशोधित समझा जाएगा।

7& ub! ikfjokfjd iU'ku ;kstuk 1965

पारिवारिक पेन्शन की धनराशि सभी प्रकरणो में सेवानिवृत्ति/मृत्यु के समय आहरित मूल वेतन के 30 प्रतिशत होगी, जो न्यूनतम 3500 प्रतिमाह तथा अधिकतम 24,000/– होगी।

7&¼1½

वर्तमान में राज्य सरकार में सरकारी सेवक / पेन्शनर की मृत्यु की दशा में अधिकतम 07 वर्ष की सीमा तक अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तथा सामान्य पेन्शन से दुगुनी दर अथवा सामान्य दशा में अनुमन्य पेन्शन की धनराशि से अधिक नही तक

पारिवारिक पेन्शन अनुमन्य होती है। दिनांक 01.01.2006 से तथा उसके उपरान्त के प्रकरणों में 07 वर्ष की सीमा को बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया गया है। पेन्शनर की मृत्यु की दशा में उक्त अवधि में कोई संशोधन नही होगी। पूर्व व्यवस्था उक्त सीमा तक संशोधित समझी जाए।

7&¼2½

वृद्व पारिवारिक पेंशनरों की पारिवारिक पेंशन की धनराशि में निम्न प्रकार से अतिरिक्त पारिवारिक पेंशन अनुमन्य होगी।

ikfjokfjd isa'kuj dh vk;q	ikfjokfjd isa'ku dhvfrfjDr /kujkf'k
80 वर्ष परन्तु 85 वर्ष से कम	मूल पारिवारिक पेंशन का 20 प्रतिशत प्रतिमाह
85 वर्ष से परन्तु 90 वर्ष से से कम	मूल पेंशन पारिवाकर पेंशन का 30 प्रतिशत प्रतिमाह
90 वर्ष परन्तु 95 वर्ष से कम	मूल पारिवारिक पेंशन का 40 प्रतिशत प्रतिमाह
95 वर्ष से परन्तु 100 वर्ष से कम	मूल पारिवाकर पेंशन का 50 प्रतिशत प्रतिमाह
100 वर्ष या उससे अधिक	मूल पारिवारिक पेंशन का 100 प्रतिशत प्रतिमाह

उपरोक्त अतिरिक्त पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता के लिए शेष सभी कार्यवाही उपरोकत प्रस्तर–4 (7) के अनुसार की जायेगीं।

7&¼3½

पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता हेतु पारिवार को निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जायेगाः–

oxZ&1

¼d½ विधवा/विधुर, आजन्म अथवा पुर्नविवाह जो भी पहले हो,

¼[k½ पुत्र/पुत्री (विधवा पुत्री सहित) को विवाह/पुर्नविवाह अथवा 25 वर्ष की आयु तक जीविकोपार्जन की तिथि, जो भी पहले हो, तक।

oxZ&¼11½

¼x½ अविवाहित/विधवा/तलाकशुदा पुत्री, जो उपरोक्त वर्ग–1 से आच्छादित नहीं है, को विवाह/पुर्नविवाह तक अथवा जीविकोपार्जन की तिथि अथवा मृत्यु की तिथि तक, जो भी पहले हो,

¼?k½ ऐसे माता–पिता जो सरकारी सेवक पर उसके जीवनकाल में पूर्णतः आश्रित रहे हों तथा मृत सरकारी सेवक ने अपने पीछे कोई विधवा/विधुर अथवा बच्चे नहीं होतीं हैं। आश्रित माता–पिता अविवाहित/तलाकशुदा/विधवा पुत्री की पारिवारिक

पेंशन जीवनपर्यन्त मिलेगी।

वर्ग–11 से आच्छादित अविवाहित/विधवा/तलाकशुदा पुत्री अथवा आश्रित माता/पिता को पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता उसी दशा में होगी जब मृतक के परिवार में पात्र व्यक्ति उपलब्ध नहीं हैं तथा मृतक सरकारी सेवक के परिवार उसी ऐसी कोई सन्तान नहीं है जो विकलांग हों। पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता बच्चों में उसकी जन्मतिथि के क्रम में होगी अर्थात पहले जन्म लिये बच्चे को अनुमन्यता पहले होगी और उसकी पात्रता समाप्त होने के उपरान्त बाद में जन्म लेने वाले बच्चे की पात्रता स्थापित होगी।

7&¼4½

उपरोक्त व्यवस्था के अधीन पारिवारिक पेंशन हेतु आश्रित माने जाने का आधार पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम सीमा राशि तथा उस पर अनुमन्य महॅगाई राहत पर निर्धारित होगी।

7&¼5½

सन्तानहीन विधवा को पारिवारिक पेंशन का भुगतान उसके पुर्नविवाह के उपरान्त भी किया जायेगा। परन्तु शर्त यह है कि यदि विधवा की सभी व्यक्तिगत आय पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम धनराशि की सीमा के बराबर अथवा उससे अधिक हो जायेगी उस दशा में पारिवारिक पेंशन बन्द हो जायेगी। उक्त प्रकार के प्रकरणें में विधवा को संबंधित कोषागार को प्रत्येक छः माह पर एक प्रमाण–पत्र देना होगा जिसमें उसकी सभी श्रोतों से आय का उल्लेख होगा।

8&i'ku d ,d Hkkx dk jkf'kdj.k

8&¼1½

प्रत्येक सरकारी सेवक को यह सुविधा अनुमन्य होगी कि वह अपनी पेंशन के एक भाग जिसकी अधिकतम सीमा पेंशन की धनराशि 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी का राशिकरण करा ले।

9&¼2½

पेंशन राशिकरण की तालिका संबद्व है तथा इस हेतु उत्तर प्रदेश कम्युटेशन आफ पेंशन रूल्स को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जायेगा।

8&¼3½

पेंशन राशिकरण से संबंधित पुनरीक्षित तालिका उन सभी प्रकरणें में प्रभावी होगी जिनमें इस कार्यालय–ज्ञाप के निर्गत होने के उपरान्त राशिकरण कराया गया है जिन प्रकरणों में पेंशन राशिकरण की कार्यवाही इस कार्यालय–ज्ञाप के निर्गत होने से पूर्व संपन्न की जा चुकी है, उनमें राशिकरण की पूर्व तालिका में दर्शायी गयी दरों के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा। पेंशनरों को यह विकल्प भी होगा कि दिनांकः–01.01.2006

से पुनरीक्षित अतिरिक्त पेंशन के एक भाग (अधिकतम सीमा तक) का राशिकरण करा ले इस प्रकार अतिरिक्त पेंशन की धनराशि का राशिकरण का भुगतान पेंशन राशिकरण की नई तालिका में निर्धारित की गयी दरों के आधार पर किया जायेगा। इस कार्यालय–ज्ञाप के निर्गत होने की तिथि के उपरान्त राशिकरण के प्रकरणों में नई तालिका के अनुसार धनराशि आगणित की जायेगी। उपरोक्त व्यवस्थाओं के प्रकाश में उत्तर प्रदेश सिविल पेंशन (कम्युटेशन) रूल्स उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे।

9& ,Dl&xzfl;k ,d eq'r dEiUlsku

वर्तमान व्यवस्था के अधीन जिन सरकारी सेवको की मृत्यु सरकारी कार्य के दायित्वो के निर्वहन के फलस्वरूप हो जाती है उन्हे राज्य सरकार द्वारा एक्स–ग्रसिया की धनराशि का एक मुश्त भुगतान किया जाता है। इस कार्यालय–ज्ञाप के निर्गत होने की तिथि से पूर्व निर्धारित दरो में निम्नलिखित संशोधन किया जाता हैः–

(क)	यदि कर्तव्यपालन की अवधि में दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है	10]00 yk[k
(ख)	कर्तव्य पालन के समय आतंकवादी/अराजकतत्वों की गतिविधियो में हुयी हिंसा के फलस्वरूप हुयी मृत्यु	10]00 yk[k
(ग)	देश की सीमा पर अन्तराष्ट्रीय युद्ध या सीमा पर छुटपुट घटनाओ/अथवा लडाकू/आतंकवादियों अथवा अविादी आदि की गतिविधियो के फलस्वरूप मृत्यु होने पर	15]00 yk[k
(घ)	अति दुलर्भ पहाडी ऊचाँइयों/दुलर्भ सीमा अथवा प्रकृतिक विपदाओ अथवा अति खराब मौसम में कर्तव्य पालन करते हुये मृत्यु होने पर	15]00 yk[k

संगत नियम उक्त सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे।

10– ऐसे कार्मिको जिन्होने दिनांक 01.01.2006 से लागू नये वेतनमान को वरण करने का विकल्प दिया है, विकल्प देने की तिथि से 10 माह की अवद्यि के अन्दर सेवानिवृत्त हो जाते है उनकी पेन्शन की गणना हेतु निम्नलिखित व्यवस्था अपनाई जायेगीः–

(क) पुनरीक्षित वेतनमान/निर्धारित पे–बैण्ड तथा ग्रेड पे में आगणित धनराशि।

(ख) शेष अवधि के लिये दिनांक 01.01.2006 से पूर्व में अवधि में आहरित मूलवेतन/महगाँई वेतन तथा वास्तविक महगाँई भत्ता जो कि दिनांक 01.01.2006 को प्रभावी थे तथा संगत अवधि में आहरित किया गया है।

<u>सरकारी सेवक जिन्होने दिनांक 01.01.2006 से पूर्व में प्रभावी वेतनमान को बनाये रखने का विकल्प दिया है, के सम्वन्ध में विशेष व्यवस्थाः–</u>

12– ऐसे सरकारी सेवक जिन्होने दिनांक 01.01.2006 के पूर्व प्रभावी वेतनमान को बनाये रखने का विकल्प दिया है और अब दिनांक 01.01.2006 के उपरान्त सेवानिवृत्त हो रहे है उनकी पेन्शन/मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति उपादान की धनराशि का निर्धारण निम्नवत्

किया जायेगाः—

(1) ''परिलब्धियाँ'' शव्द से तात्पर्य उस वेतन से होगा जो मूल नियम 9(21)(ए)(1) तथा उस पर महँगाई वेतन तथा औसत AICPI-536 तक अनुमन्य महँगाई राहत (वर्ष 1982=100 के आधार पर) पर आगणित होगी।

(2) पेन्शन की गणना परिलब्धियो के 50 प्रतिशत की दर पर अथवा औसत परिलब्धियाँ, जो भी अधिक लाभप्रद, पर की जायेगी।

(3) मृत्यु एवं सेवानिवृत्तिक ग्रेच्युटी की गणना हेतु उपरोक्त 12(1) में परिभाषित परिलब्धि तथा उस पर इन आदेशो के निर्गत होने की तिथि के पूर्व अनुमन्य महँगाई भत्ता सम्मिलित होगा। ग्रेच्युटी की अधिकतम् सीमा रु. 3,50,000/— (तीन लाख पचास हजार) से अधिक नही होगी।

(4) पेनशन राशिकरण की दरे वही होगी जैसा की इन आदेशो के निर्गत होने के पूर्व प्रभावी थें।

(5) पारिवारिक पेन्शन की गणना/स्वीकृति उसी प्रकार होती रहेगी जैसी कि इन आदेशो के निर्गत होने के पूर्व प्रभावी थी एवं उसी गणना दिनांक 01.01.2006 से पूर्व लागू वेतनमान में मूलवेतन के आधार पर की जायेगी। उपरोक्त गणना हेतु AICPI-536 (वर्ष 1982=100 के आधार पर) निर्धारित महँगाई राहत, जैसी कि शासनादेश संख्याः सा—3—1746/दस— 308/05 दिनांक 02.12.2005 में बताई गई है को सम्मिलित किया जायेगा। इस प्रकार आगणित पारिवारिक पेन्शन की धनराशि पर AICPI-536 औसत के उपरान्त ही महँगाई राहत की गणना की जायेगी।

(6) उपरोक्त सन्दर्भित संशोधनो के फलस्वरूप सिविल सर्विस रेग्युलेशन्स/उत्तर प्रदेश रिटायर मेन्ट बेनीफिट रूल्स 1961/उ०प्र० लिब्रालइज पेन्शन रूल्स 1961/उ०प्र० असाधारण पेन्शन नियमावली एवं नई पारिवारिक पेन्शन स्कीम के आधीन यथाआवश्यक नियम/व्यवस्थाये संशोधित समझे जायेगें तथा शेष नियम व्यवस्थाये पूर्ववत् रहेगी।

(7) इस कार्यालय—ज्ञाप के आधार पर आगणित/अनुमन्य पेन्शन/पारिवारिक पेन्शन पर AICPI-536 के औसत के उपरान्त अनुमन्य कराये जाने वाला महँगाई राहत अनुमन्य होगा।

¼8½ vo'k"k Hkqxrku dh ÁfØ;k

दिनांक 01.01.2006 से दिनांक 30.11.2008 तक के देय अवशेष का 20 प्रतिशत भाग वित्तीय वर्ष 2008—09 में, 40 प्रतिशत भाग वित्तिय वर्ष 2008—10 तथा शेष 40 प्रतिशत का भुगतान वित्तिय वर्ष 2010—11 में किया जाये। पेन्शनरो/पारिवारिक पेन्शनरो को विभिन्न वित्तीय वर्षो में देय अवशेष का भुगतान नकद किया जाय। 80 वर्ष या उससे

अधिक आयु के पेन्शनरो/पारिवारिक पेन्शनरो को देय अवशेष का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष में ही किया जाय। पूर्व में भुगतान की गयी धनराशि समायोजित कर ली जायेगी।

किसी पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनर को देय अवशेष भुगतान प्राप्त किये जाने के पूर्व मृत्यु हो जाने की दशा में ऐसे पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनर के शेष देय भुगतान (अनुवर्ती वर्षो में देय भुगतान सहित) की धनराशि ऐसे पेन्शनर/पारिवारिक पेन्शनर द्वारा अधिकृत व्यक्ति को अथवा नियमानुसार विधिक उत्तराधिकारी को अविलम्व एक मुश्त नकद भुगतान कर दिया जाय।

ह०

(अनूप मिश्र)

प्रमुख सचिव, वित्त।

सेवा में,

(1) समस्त विभागध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष, उ०प्र०।

(2) समस्त कोषाधिकारी उ०प्र०।

(3) समस्त जिलाधिकारी उ०प्र०।

स्थानीय पेन्शनरो के संघटनो को देने हेतु
इसकी एक या दो प्रतिलिपियाँ
(कार्यालय सूचना पटल पर भी प्रदर्शित की जाय)
(प्रत्येक को 50 प्रतियाँ)
(कार्यालय सूचना पटल पर प्रदर्शित करने हेतु 05 प्रतियाँ)

l[;k lk&3&1508¼1½@10&2008 rnfnukd

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1—	सचिवालय के समस्त अनुभाग	प्रत्येक को एक प्रति
2—	सचिव विधान सभा, परिषद, विधान भवन लखनऊ	05 प्रतियाँ
3—	निदेशक, वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान, 24/3 इन्दिरा नगर लखनऊ	05 प्रतियाँ
4—	निदेशक, पेन्शन, उत्तर प्रदेश इन्दिरा भवन लखनऊ	05 प्रतियाँ
5—	सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रचारार्थ	05 प्रतियाँ
6—	मुख्य लेखाधिकारी, उ०प्र० पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद	05 प्रतियाँ
7—	मुख्य लेखाधिकारी शिक्षा विभाग उ०प्र० इलाहाबाद	05 प्रतियाँ

8– वित्त नियंत्रक, उद्योग निदेशालय, उ०प्र० कानपुर 05 प्रतियाँ

9– उपभूमि व्यवस्था आयुक्त (लेखा) राजस्व परिषद
उ०प्र० लखनऊ 05 प्रतियाँ

10– इरला चेक अनुभाग, सचिवालय, लखनऊ 05 प्रतियाँ

11– मुख्य लेखाधिकारी, सिचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग,
विक्रीकर 05 प्रतियाँ

विभाग, पशुपालन निदेशालय, कृषि विभाग तथा वनविभाग लखनऊ। नागरिक उड्यन निदेशालय, पर्यटन निदेशालय, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान, गन्ना तथा चीनी विभाग, राज्यपाल सचिवालय, आयुक्त चकबन्दी, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर, अधीनस्त सेवा चयन बोर्ड, लखनऊ, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा, कारागार, उ०प्र० लखनऊ, निबन्धक सहकारी समितियाँ, उ०प्र०, महानिरीक्षक होमगार्डस, उ०प्र०, प्रशासकीय प्रशिक्षण संस्थान, नैनीताल, आबकारी विभाग, इलाहाबाद, श्रमविभाग, कानपुर, लोकसेवा आयोग, उ०प्र० इलाहाबाद, परिवहन विभाग उ०प्र० लखनऊ, महानिदेशक स्वास्थ्य, उ०प्र० लखनऊ, परिवार कल्याण विभाग, उ०प्र०, चिकित्सा, शिक्षा विभाग, प्रौढ शिक्षा निदेशालय, मेडिकल कालेज आगरा, मेडिकल कालेज इलाहाबाद, मेडिकल कालेज कानपुर, मेडिकल कालेज, मेरठ, मेडिकल कालेज, झाँसी, मेडिकल कालेज, गोरखपुर।

आज्ञा से

ह०अस्पष्ट

(शिव प्रकाश)

विशेष सचिव।

COMMUTATION VALUE FOR A PENSION OF Re.1 PER ANNUM

Age next birthday	Commutation value expressed as number of year"s purchase	Age next birthday	Commutation value expressed as number of year"s purchase	Age next birthday	Commutation value expressed as number of year"s purchase
20	9.188	41	9.075	62	8.093
21	9.187	42	9.059	63	7.982
22	9.186	43	9.040	64	7.862
23	9.186	44	9.019	65	7.731
24	9.184	45	8.996	66	7.591
25	9.183	46	8.971	67	7.431
26	9.182	47	8.943	68	7.262

27	9.180	48	8.913	69	7.083
28	9.178	49	8.881	70	6.897
29	9.176	50	8.846	71	6.703
30	9.173	51	8.808	72	6.502
31	9.169	52	8.768	73	6.296
32	9.164	53	8.724	74	6.085
33	9.159	54	8.678	75	5.872
34	9.152	55	8.627	76	5.657
35	9.145	56	8.572	77	5.443
36	9.136	57	8.512	78	5.229
37	9.126	58	8.446	79	5.018
38	9.116	59	8.371	80	4.812
39	9.103	60	8.287	81	4.611
40	9.190	61	8.194		

l;yXud&15-2

CIVIL SERVICE REGULATIONS

INVALID PENSION ¼v'kDrrk isa'ku½

441. An invalid pension is awarded, on his retirement from the public service, to an officer who by bodily or mental infirmity is permanently incapacitated for the public service, of for the particular branch of it to which he belongs.

Rules regarding Medical Certificates

442. An officer applying for an invalid pension shall submit a medical certificate of incapacity in the manner specified below;

(a) If the officer submitting the application is on leave elsewhere than in India then the examination shall be arranged through the Indian Missions aboard by a Medical Board consisting of a Physician, a Surgeon and an Ophthalmogist, each of them having the status of a consultant. The services of doctors approved for the officers and staff of the Mission concerned shall be utilised for this purpose, provided they fulfill the above conditions. A lady doctor shall be included as a member of the Medical Board whenever a woman candidate is to be examined.

(b) If the officer submitting the application is in India, then the examining medical authority shall be:

(1) A Medical Board, in the case of all *Gazetted* Government servants and those *non-Gazetted* Servants whose pay, as defined in Fundamental rule 9 (21) exceeds Rs.400 per mensem.

(2) A Civil Surgeon or a Medical Officer of equivalent status in other cases.

(c) Except in the case of the officer on leave elsewhere than in India, no medical certificate of incapacity for service may be granted unless the applicant produces a letter to show the head of his office or department is aware of his intention to appear before the Medical Officer. The Medical Officer shall also be supplied by the head of the office or department in which the applicant is employed with a statement of what appears from official records to be the applicant's age. Where the applicant has a service book,

the age recorded there should be reported.

443.(a) A succinct statement of the medical case, and of the treatment adopted, should, if possible, be appended.

(b) If the examining Medical Officer, although unable to discover any specific disease in the officer, considers him incapacitated for further service by general debility while still under the age of fifty-five years, he should give detailed reasons for his opinion, and, if possible a second medical opinion should always in such a case be obtained.

(c) In a case of this kind, special explanation will be expected from the head of the office or department on the grounds on which it is proposed to invalid the officer.

444. A simple certificate that inefficiency is due to old age or mental decay from advancing years, is not sufficient in the case of an officer whose recorded age is less than fifty five years, but a Medical Officer is at liberty, when certifying that the officer is incapacitated for further service by general debility to state his reasons for believing them to be understood.

Form of Medical Certificate elsewhere than India

445. The form of medical certificate given by the Medical Board arranged by the Indian Mission abroad, respecting an officer applying for Invalid pension while on leave elsewhere than India, shall be as follows:

> "We have carefully examined................................. taking into account all the facts of case as well as his present condition, we consider that he is incapable of discharging the duties of his situation, and that such incapability is likely to be permanent. His incapacity does not appear to us to have been caused by irregular or intemperate habits".

Note- If the incapacity is obviously the result of intemperance, substitute for the last sentence; "In our opinion his incapacity is the result of irregular or intemperate habits".

(If the incapacity does not appear to be complete and permanent, the certificate should be modified accordingly and the following additon should be made).

> "We are of the opinion that A/B, is fit for further service of a less laborious character than that which he has been doing (or may after resting for........... months, be fit for further service of a less laborious character

than that which he has been doing.)"

446. If any doubt arises regarding the validity of a certificate by the Medical Board arranged by the Indian Mission abroad, the Audit Officer must not of his own motion reject the certificate as invalid but must submit the matter for the decision of the State Government.

FORM OF MEDICAL CERTIFICATE IN INDIA

447. (a) The form of the certificate to be given respecting an officer applying for pension in India is as follows:

"Certificate that I(we) have carefully examined AB son of CD, a………… in the………… His age is by his own statement………….. years, and by appearance about…………….year. I(we) consider AB, to be completely and permanently incapaciated for further service of any kind (or in the Department to which he belongs) in consequence of (here state disease or cause). His incapacity does not appear to me(us) to have been caused by irregular or intemperate habits."

Note- If the capacity is the result of irregular or intemperate habits, the following with be substituted for the last sentence :

"In my (our) opinion his incapacity is directly due to………… has been accelerated or aggravated by irregular or intemperate habits."

If the incapacity does not appear to be complete and permanent the certificate should be modified accordingly and the following addition should be made:

I am (we are) of opinion that A B is fit for further service of a less laborious character than that which he has been doing (or say after resting for………….. months, be fit for further service of a less laborious character than that which he has been doing).

(b) The object of the alternative certificate (of partial incapacity), is that an officer should, if possible, be employed even on lower pay, so that the expense of pensioning him may be avoided. If there is no means of employing him even on lower pay, then he may be admitted to pension; but it should be considered whether, in view of his capacity for partially earning a living, it is necessary to grant to him the full pension admissible under rule.

lyXud&15-3

संख्या–6929पी / आठ–1000(17)65

सेवा में,

महालेखाकार (तृतीय)

उत्तर प्रदेश,

इलाहाबाद।–211001

गृह (पुलिस विभाग) 23 जनवरी,1980

विषयः– उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन) नियमावली 1961 जैसा कि इसे वर्ष 1975 में संशोधित किया गया है, के नियम–3 की व्याख्या स्व० कान्स० श्री विजय बहादुर सिंह के आश्रितों को उत्तर प्रदेश (असाधारण पेंशन) नियमावली–1961 के अन्तर्गत पेंशन दिया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याःपी०आर०आई० / IV/174436/78-79/2418, दिनांक 7–12–1978 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन)नियमावली–1961 का नियम–3 जैसा कि इसे अधिसूचना संख्याः1406पी / आठ–6–1000(17) / 65, दिनांक 7 जुलाई, 1971 द्वारा संशोधित किया गया था, के अनुसार ऐसे सभी मामलों में उपरोक्त नियमावली के अन्तर्गत "एवार्ड" देय होगा, जिनमें कि उन नियमों से आच्छादित होने वाला पुलिस अधिकारी / कर्मचारी कर्तव्यपालन के दौरान मारा जाय या उसकी मृत्यु हो जाय। कर्तव्यपालन के दौरान यदि मृत्यु हृदय रोग अथवा सेरीब्रल थ्राम्बोसिस से हो जाय तो भी उनका मामला इन नियमों की परिधि में आयेगा।

इस सम्बन्ध में यह कहना भी अप्रसांगिक न होगा कि 12वीं बटालियन पी०ए०सी० फतेहपुर के कान्सटेबिल स्व० श्री रामायण सिंह की मृत्यु कर्तव्यपालन के दौरान बीमार होने के परिणामस्वरूप हुई थी और डाक्टरों द्वारा उसकी मृत्यु का कारण "सेरीब्रल थ्राम्बोसिस" बताया गया था। इस मामले में आपने उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन) नियमावली–1961 के अन्तर्गत "एवार्ड" स्वीकृत किये जाने का प्रस्ताव अपने पत्र संख्याःपी०आर०आई० / 111–ए– 174021 / 78–79 / 1781, दिनांक 22–9–1978 में संस्तुति सहित भेजा था और लोक सेवा आयोग ने भी "एवार्ड" देय बताया था। शासन ने एवार्ड की ग्राह्यता के बारे में विधिक परामर्श प्राप्त किया था, जो निम्नप्रकार हैः–

"The constable in this case will be said to have died in the course of performance of his duty within the meaning of rule 3 and as such he is entitled to

benefit therein the operation of the rule is confined to case where a member of police force is killed. It also extends to a case where such a person dies in the course of performance of duty even without an encounter with dacoits or armed criminals etc.

अतः स्व० कान्स० विजयबहादुर सिंह स्व० कान्सटेबिल ड्राइवर राधे प्रसाद, स्व० कान्स० वीरेन्द्र सिंह तथा स्व० श्री के०सी० जोशी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, मथुरा के मामलों में तद्नुसार विचार करके अपनी राय सहित शासन को प्रस्ताव भेजने की कृपा करें। यह प्रस्ताव आपको अलग से लौटाये जा रहे है।

भवदीय,
ह०/–
श्री लाल शुक्ल,
संयुक्त सचिव।

<u>संख्याः6929(1)पी/आठ–6–1000(17) तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि गृह(पुलिस सेवायें)अनुभाग–सचिवालय,लखनऊ को स्व० श्री के०सी० जोशी तत्कालीन पुलिस अधीक्षक,मथुरा के मामले में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से,
ह०/–
श्री लाल शुक्ल,
संयुक्त सचिव।

l;yXud&15-4

संख्याः—सा—3—1340 / दस—88—916—88

Á"kd]

श्री बी०के० सक्सेना,

प्रमुख सचिव,उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख

कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त(सामान्य) अनुभाग—3 लखनऊः दिनांकः 19 अगस्त, 1988

fo"k;%&विशेष जोखिम भरे कार्य करते समय गम्भीर रूप से घायल अथवा मृत्यु होने पर सरकारी सेवको को मिलने वाली विशेष आर्थिक सहायता को अधिक उदार बनाया जाना।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सरकारी सेवकों द्वारा अपने पद के कर्तव्यो का पालन करते हुये विशेष जोखिम भरे कार्य करते समय घायल हो जाने अथवा मृत्यु हो जाने पर सरकारी सेवको तथा उनके परिवार को उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज (असाधारण पेन्शन) नियमावली के अर्न्तगत विशेष लाभ दिये जाने की व्यवस्था की गयी है। समय की तेजी से बदलती हुई परिस्थितियों एवं विकास की गति के साथ विशेष जोखिम के कार्यो का क्षेत्र काफी बढ गया है और इसके साथ ही ऐसी घटनाओ में भी वृद्वि हुई है। उदाहरण स्वरूप विशेष जोखिम की निम्नलिखित परिस्थितिया हो सकती हैः—

(1) डकैतों एवं बदमाशों से मुठभेड,

(2) विदेशी आक्रमणकारियों से संघर्ष,

(3) आतंकवादी तत्वो से मुठभेड,

(4) हिंसात्मक भीड को नियुंत्रित करना अथवा तितर—बितर करते समय,

(5) दैवी आपदाओ जैसे बाढ, भू—स्खलन हिमस्खलन, भूकम्प इत्यादि में सेवा करते हुये तथा अन्य आपातकाल यथा आग बुझाते समय अथवा रक्षा करते समय।

(6) सक्रीय सेवा करते समय— उदाहरणतः—

(i) ट्रेफिक नियंत्रण करते समय किसी गाडी की चपेट में आने की स्थिति में–

(ii) मोटर गाडी चलाते समय वर्षाकाल में पहिया फिसलने के कारण चालक की मृत्यु–

(iii) लेविल क्रासिंग पर बिना रोशनी की रेलगाडी से टकराने के कारण मृत्यु–

(iv) प्रशिक्षण देते समय प्रशिक्षार्थी की चूक से गोली/ग्रेनेड चल जाने से प्रशिक्षार्थी की मृत्यु–

2– उपर्युक्त परिस्थितियों में सरकारी सेवको द्वारा पूरी लगन और तत्परता के साथ सरकारी कार्यो का संपादन किये जाने तथा विशेष जोखिम भरे कार्यो से निपटने में सरकारी सेवाको का मनोबल बनाये रखने के उद्देश्य से राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज (असाधारण) पेनशन नियमावली में विशेष जोखिम के कार्यो के लिये उपलब्ध वर्तमान लाभों तथा तात्कालिक आर्थिक सहायता से समुचित वृद्वि किये जाने के लिये निम्नलिखित स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते है–

(1) कर्तव्य पालन के दौरान जो अधिकारी/कर्मचारी विशेष जोखिम की परिस्थितियों में गम्भीर रूप से घायल हो जाने के कारण सेवा में वनाये रखने के योग्य न रहे जाये और अन्य किसी कार्य को करने में भी सक्षम न रहे तो ऐसे 100 प्रतिशत अक्षम हो गये घायल सेवको को भी वही पेन्शन दी जायेगी जो उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज (असाधारण) पेन्शन के नियम 10 के अर्न्तगत विशेष जोखिम के फलस्वरूप मृत्यु होने की दशा में अनुमन्य होती है। 10 प्रतिशत अक्षमता के लिये मेडिकल बोर्ड की संस्तुति/प्रमाण–पत्र आवश्यक होगा।

(2) सरकारी सेवको को विशेष जोखिम के फलस्वरूप मृत्यु पर उनके परिवारों को उपर्युक्त नियमावली के नियम 10 के शेड्यूल 111 –एक अर्न्तगत तात्कालिक एवं दीर्घकालीन राहत के रूप में अनुमन्य उपादान (ग्रेच्युटी) के अतिरिक्त वर्ग 1,2,3, एवं 4, के कर्मचारियों के लिये क्रमशः 50,000 रु. 40,000 रु. 30,000 एवं 20,000 अनुग्रह राशि के रूप में दिया जायेगा। इस प्रकार ग्रेच्युटी एवं अनुग्रह को मिलाकर न्यूनतम रु. 41,000 व अधिकतम रु. 1,05,000 मृतक के परिवार को अनुमन्य हो जायेगा। श्रेणी 3 व 4 के कर्मचारियों के सम्वन्ध में अनुग्रह राशि के भुगतान करने के लिये विभागाध्यक्ष को प्राधिकृत किया जाता है तथा श्रेणी 1 व 2 के अधिकारियो के सम्वन्ध में शासन के प्रशासकीय विभागो को प्राधिकृत किया जाता है।

(3) कर्तव्य पालन के दौरान जो सरकारी/कर्मचारी गम्भीर रूप से घायल हो जाते है उन्हे तत्काल आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है। अभी केवल

पुलिस जनो के लिये गृह (पुलिस) अनुभाग–6 के शासनादेश संख्याः 4805 पी/अ/आठ–6–1739/77, दिनांक 05 दिसम्बर, 1977 में रु. 2500 की आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था है। अब उक्त शासनादेश की व्यवस्था का अतिक्रमण करते हुये कर्तव्य–पालन के दौरान गम्भीर रूप से घायल हुये समस्त विभागो के कर्मचारियों को रु. 5000 (रु. पाँच हजार) की आर्थिक सहायता अनुमन्य होगी जिसे भुगतान करने का अधिकार प्रशासकीय विभागो को होगा, किन्तु जो प्रशाकीय विभाग उचित समझे बिना वित्त विभागो की सहमति के यह अधिकार अपने विभागाध्यक्षों को दे सकते है परन्तु इस की सूचना उन्हें वित्त (सामान्य अनुभाग–3/सम्वन्धित वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग को भी देनी होगी।

3– उपर्युक्त सुविधाये इस आदेश के जारी होनी की तिथि से देय होगी।

4– उक्त मद संख्या 2 (2) व 2(3) में स्वीकृत सुविधाओ के लिये आवश्यक प्राविधान सम्बन्धित प्रशासनिक विभाग अपने आय–व्ययक में करायेंगे मद संख्याः 2(1) के सम्वन्ध में उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज (असाधारण) पेन्शन नियमावली के सुसंगत प्राविधान उपरोक्तानुसार संशोधित माने जायेंगे तथा औपचारिक संशोधन यथा समय अलग से जारी किये जायेगे।

भवदीय,
ह०/–
बी०के० सक्सैना,
प्रमुख सचिव।

lyXud&15-5

संख्या सा–3–1713/दस–87–933/89 दिनांकः28 जुलाई,1989

प्रेषक,

डॉ० वी० के० सक्सेना,

प्रमुख सचिव, वित्त विभाग,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,

उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–3

दिनांकः28 जुलाई,1989

Hkkx&6

[k.M&1 ¼fu;e rFkk ÁfØ;k½

6& xzP;qVh&

¼d½ lsokfuo`fRr xzP;qVh&

दिनांक 01.01.1986 के उपरान्त सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी केवल उन्हीं सरकारी सेवकों को अनुमन्य है जिन्होंने पाच वर्ष की अर्हकारी सेवा पूरी कर ली हो। सेवानिवृत्ति गेच्युटी की धनराशि अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिए अंतिम आहरित परिलब्धियों के 1/4 के बराबर होगी जिसका अधिकतम परिलबि्धियों के साढे सोलह गुने के बराबर अथवा रुपये एक लाख, जो भी कम हो , से अधिक नहीं होगी। उदाहरणार्थ यदि मूल नियम 9(21)(1) में परिभाषित वेतन रु. 1660/–है और पेंशन अर्ह सेवा 30 वर्ष है तो सेवानिवृत्ति गेच्युटी

=1x4x1660x60=24,900/- होगी।

¼[k½ e`R;q xzP;qVh

मृत्यु ग्रेच्युटी की दरें निम्न प्रकार हैंः–

क्र०	सेवा अवधि	मृत्यु ग्रेच्युटी की दर
1–	एक वर्ष से कम	परिलब्धियों का दोगुना
2–	एक वर्ष अथवा उससे अधिक किंन्तु पांच वर्ष से कम	परिलब्धियों का छः गुना

3–	पांच वर्ष अथवा उससे अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम	परिलब्धियों का 12 गुना
4–	20 वर्ष या उससे अधिक	अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिए परिलब्धियों के 1/2 के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित परिलब्धियों के 33 गुने के बराबर अथवा रुपये एक लाख, जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी।

7– ग्रेच्युटी भुगतान हेतु परिवार की परिभाषाः–

परिवार में निम्नलिखित सदस्य सम्मिलित हैंः–

(क) पत्नी/पति

(ख) पुत्र

(ग) अविवाहित तथा विधवा पुत्रियाँ

(घ) 18 वर्ष की आयु से कम भाई, अविवाहित तथा विधवा बहनें (ऐसी सौतेली और गोद ली गयी सन्तानें भी)

(सौतेले भाई, बहन भी)

(ड) पिता/माता

(च) विवाहित पुत्रियां(सौतेली पुत्रियां भी)

(छ) पूर्व मृत पुत्र की सन्तान भी

lyXud&15-6

सरकारी गजट

उत्तर प्रदेश सरकार

वित्त (सामान्य)अनुभाग–3

संख्याःसा–3–379/दस–2005–301(9)2003

लखनऊ, 28 मार्च, 2005

––––

अधिसूचना

iåvkå&124

राज्य सरकार ने अपने दीर्घकालीन राजकोषीय हिता और केन्द्र सरकार द्वारा अपनायी गयी रीति के विस्तृत अनुसरण को दृष्टिगत रखते हुये राज्य सरकार की सेवा में और ऐसे समस्त शासन के नियंत्रणाधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं और शासन से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों में जिनमें राज्य कर्मचारियों की वर्तमान पेंशन योजना की भांति पेंशन योजना लागू है और उनका वित्त पोषण राज्य सरकार की समेकित निधि से किया जाता है, नये प्रवेशकों पर वर्तमान में परिभाषित लाभ पेंशन योजना के स्थान पर नवपरिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू करने के निम्नलिखित प्रस्ताव को अनुमोदित किया हैः–

(1) राज्य सरकारी सेवा में और ऊपर उल्लिखित राज्य नियंत्रणाधीन समस्त स्वायत्तशासी संस्थाओं /राज्य सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में समस्त नयी भर्ती पर 01 अप्रैल, 2005 से नई परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना अनिवार्यरूप से लागू होगी। तथापि वर्तमान पेंशन योजना से आच्छादित ऐसे कर्मचारी जिनकी सेवायें 01 अपैल, 2005 को 10 वर्ष से कम की हो , भी वर्तमान पेंशन योजना के स्थान पर नई पेंशन योजना का विकल्प दे सकते हैं।

(2) नई परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अन्तर्गत वेतन और महँगाई भत्ते के 10 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि का मासिक अंशदान किया जायेगा। इसी के समतुल्य सेवायोजक का अंशदान राज्य सरकार अथवा सम्बन्धित स्वायत्तशासी संस्था/निजी शिक्षण संस्था द्वारा किया जायेगा। तथापि सम्बन्धित स्वायत्तशासी संस्थाओं /निजी शिक्षण संस्थाओं को सेवायोजक के अंशदान के लिए तब तक अनुदान दिया जायेगा जब तक ये संस्थायें ऐसा अंशदान करने हेतु स्वंय सक्षम न हो जांय। अंशदान तथा निवेश से होने वाली आय को एक खाते में जमा किया जायेगा। जो पेंशन टियर–1 खाता होगा। सेवा अवधि में इस खाते से किसी भी आहरण की अनुमति नहीं दी जायेगी। नये प्रवेशकों को जो नई परिभाषित अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित होंगे, परिभाषित लाभ सह सामान्य भविष्य निधि योजना के वर्तमान उपबन्धों के लाभ नहीं प्राप्त होंगे।

(3) चूंकि नई भर्तीशुदा लोक सामान्य भविष्य निधि अंशदान करने में सक्षम नहीं होंगे, अतः वे पेंशन एक–टियर खाते के अतिरिक्त एक स्वैच्छिक दो–टियर खाता भी रख सकते हैं। तथापित, सेवायोजक टियर–दो खाते में कोई अंशदान नहीं होगा। दो–टियर खाते में आस्तियों का निवेश/प्रबन्धन ठीक उसी प्रक्रिया के अनुसार किया जायेगा जो पेंशन एक –टियर खाते के लिए है। तथापि कर्मचारी अपने धन के "द्वितीय टियर" के सम्पूर्ण अंश या उसके किसी भाग को किसी भी समय निकालने के लिए स्वतन्त्र होगा।

(4) यदि कोई कर्मचारी अपने सेवानिवृत्ति के समय प्रणाली के टियर–1 को सामान्यता छोड़ सकेगा। ऐसा करते समय कर्मचारी से अनिवार्यरूप से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह किसी मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी से एक वार्षिकी का क्रय करे और उसमें अपनी पेंशन सम्पत्ति के 40 प्रतिशत का निवेश करे जिससे कि वह सेवानिवृत्ति के समय अपने जीवनकाल के लिए तथा उसके आश्रित माता–पिता तथा उसके विवाहित के लिए पेंशन की व्यवस्था कर सके। शेष पेंशन सम्पत्ति कर्मचारी द्वारा एकमुश्त रूप में प्राप्त की जायेगी, जिसे वे किसी भी रीति में उपयोग करने के लिए स्वतन्त्र होगा। कर्मचारी द्वारा सेवानिवृत्ति के पूर्व ही पेंशन टियर–एक को छोड़ने की दशा में अनिवार्य वार्षिकीकरण निवेश पेंशन सम्पत्ति का 80 प्रतिशत होगा।

(5) ऐसे अनेक पेंशन निधि प्रबन्धक होंगे जो मुख्य रूप से 3 श्रेणियों के निवेशपरक विकल्प प्रस्तावित करेंगे। पेंशन निधि प्रबन्धक तथा अभिलेखपाल संयुक्त रूप से विगत कार्य–कलाप के बारे में असानी से समझी जाने वाली सूचना देंगे जिससे कि कर्मचारी निवेशात्मक विकल्पों में से सूचित विकल्पों को चुन सके।

2– नवीन पेंशन प्रणाली के प्रचालनीकरण के लिए प्रभावी दिनांक : 1 अप्रैल, 2005 होगी।

आज्ञा से,

ह०/–

रीता शर्मा,

वित्त आयुक्त एवं प्रमुख सचिव।

lyXud&15-7

संख्या–3676पी / छः–पु–6–10–1000(32)2004

प्रेषक,

हृदय नारायण,

संयुक्त सचिव,

उ०प्र० शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय,

इलाहाबाद।

गृह(पुलिस)अनुभाग–

लखनऊःदिनांकःअक्टूबर 20, 2010

विषयः– दिनांकः01–04–2005 से अंशदायी पेंशन योजना लागू होने के बाद नियुक्त पुलिस कर्मियों की मृत्यु कर्तव्यपालन के दौरान होने पर उनके आश्रित परिवार को असाधारण पेंशन स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

––––––

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके अर्द्ध शासकीय पत्र संख्याःचार–1600–2004, दिनांकः अक्टूबर 15, 2010 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि दिनांकः01–04–2005 से अंशदायी पेंशन योजना लागू होने के बाद नियुक्त पुलिस कर्मियों की मृत्यु कर्तव्यपालन के दौरान होने पर उनके आश्रित परिवार को असाधारण पेंशन का लाभ नही मिल पा रहा था। शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त, यह निर्णय लिया गया है कि अन्तरिम व्यवस्था के अन्तर्गत दिनांकः01–04–2005 को अथवा उसके बाद नियुक्त पुलिस कर्मियों के आश्रितों को उ०प्र० पुलिस (असाधारण पेंशन) नियमावली, 1961(प्रथम संशोधन–1975) के प्रावधानों के अनुसार असाधारण पेंशन की सुविधा अनुमन्य होगी।

2– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्याःसा–3–1139 / दस–2010, दिनांकःअक्टूबर 20, 2010 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

ह० /

(हृदय नारायण)

संयुक्त सचिव,

l¡yXud&15-8

अधिसूचना संख्या—1406—पी० / आठ—अनु०—6—1000(17)—65

दिनांकः जुलाई 7, 1975

<u>विषयः</u> उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन)(प्रथम संशोधन) नियमावली 1975।

Subject: U.P.Police (Extra Ordinary Pension) (First amendment) Rules, 1975.

संविधान के अनुच्छेद 309 के प्रतिबन्धात्मक खण्ड के अधीन शक्ति का प्रयोग करके,

राज्यपाल, उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन) नियमावली, 1961 को संशोधित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:—

mRrj Án'k ifyl ¼vlk/kkj.k i'ku½ ¼ÁFke l'kks/ku½ fu;ekoyh 1975

1- lf{kIr uke vkj ÁkjEHk¼&

(1) यह नियमावली उत्तर प्रदेश पुलिस (असाधारण पेंशन) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 1975 कहलाएगी।

(2)यह 1 अप्रैल, 1972 से प्रवृत्त समझी जायेगी।

2- fu;e 3 rFkk 5 dk l'kks/ku¼&

उत्तर प्रदेश पुलिस(असाधारण पेंशन) नियमावली, 1961 में, नीचे स्तम्भ—1 में दिए गए नियमों के

स्थान पर, स्तम्भ—2 में दिए गए नियम रख दिये जाय।

	LrEHk&1 ¼orZeku fu;e½		LrEHk&2 ¼,rn}kjk ÁfrLFkkfir fu;e½
3	यह नियमावली राज्यपाल के नियम बनाने के नियंत्रण के अधीन ऐसे समस्त अराजपत्रित पुलिस कर्मचारियों पर लागू होगी चाहे वह स्थायी रूप से सेवायोजित हों अथवा अस्थायी रूप में, जो डाकुओं या सशस्त्र अपराधियों अथवा विदेशी प्रतिरोधियों से लड़ने में मारे जायें।	3	यह नियमावली राज्यपाल के बनाए नियम से नियंत्रित होने वाले स्थायी या अस्थायी रूप से सेवायोजित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों (राजपत्रित और अराजपत्रित दोनों) पर लागू होगी, जो डाकुओं या सशस्त्र अपराधियों या विदेशी प्रतिरोधियों से लड़ने में या किसी अन्य कर्तव्यों का पालन करने के दौरान मारे जायं या जिनकी मृत्यु हो जाय।
4	प्रतिबन्ध यह है कि पुलिस कर्मचारी के परिवार को जिसे इस नियमावली के अधीन अभिनिर्णय	4	प्रतिबन्ध यह है कि ऐसे पुलिस कर्मचारी के परिवार को जिसे इस नियमावली के अधीन अभिनिर्णय दिया

	नहीं दिया गया हो, उ०प्र० सिविल सर्विसेज (एक्स्ट्रा आर्डिनरी पेंशन) रूल्स के अधीन कोई अभिनिर्णय नहीं दिया जायेगा और न यू०पी० लिबरलाइज्ड पेंशन रूल्स, 1961 अथवा यू०पी० रिटायरमेन्ट बेनीफिट रूल्स 1961 के अधीन कोई पारिवारिक पेंशन/आनुतोषिक और न यू०पी० कन्ट्रीब्यूटरी प्राविडेन्ट पेंशन फन्ड रूल्स के अधीन सरकारी अंशदान दिया जायेगा।		गया हो, उत्तर प्रदेश सिविल सर्विसेज (एक्स्ट्रा आर्डिनरी पेंशन) रूल्स के अधीन कोई अभिनिर्णय नहीं दिया जाएगा और न यू०पी० लिबरलाइज्ड पेंशन रूल्स, 1961 अथवा यू०पी० रिटायरमेन्ट बेनीफिट रूल्स 1961 के अधीन कोई पारिवारिक पेंशन/आनुतोषिक और न यू०पी० कन्ट्रीब्यूटरी प्राविडेन्ट पेंशन फन्ड रूल्स के अधीन सरकारी अंशदान दिया जायगा।
5	ऐसी मृत्यु के सम्बन्ध में कोई अभिनिर्णय नहीं लिया जायगा, को किसी रोग से अथवा ऐसे कारण से हुई हो, जो डाकुओं या सशस्त्र अपराधियों या विदेशी प्रतिरोधियों से लड़ने में चोट लगने से भिन्न हो।	5	कोई अभिनिर्णय नियम 3 में उल्लिखित कारणों से भिन्न किसी कारण से हुई मृत्यु के सम्बन्ध में नहीं दिया जाएगा।

l;yXud&15-9

mRrj Án'k 'kklu

l[;k lk&4&393@nl&99&200@88

वित्त(सामान्य) अनुभाग–4 (लखनऊः दिनांकः 1 जुलाई, 1999)

dk;kZy;&Kki

fo"k;&सेवानिवृत्ति आदि मामलो में सरकारी सेवको के अवकाश लेखो में जमा अर्जित अवकाश के अदले में धनराशि का नकद भुगतान।

उपर्युक्त विषय पर अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्प्रति राज्य सरकार के सेवको को अधिवर्षता पर सेवानिवृत्त होने पर, सेवारत मृत्यु होने पर, निलम्बनाधीन रहते हुये सेवानिवृत्त होने पर, अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिये जाने पर स्वेच्छा सेवानिवृत्ति ग्रहण करने पर, नोटिस अथवा नोटिस के बदले वेतन और भत्ते देकर अथवा नियुक्ति के निवन्धनो एवं शर्तो के अनुसार अन्यथा सेवा समाप्त कर दिये जाने पर, सेवानिवृत्ति के पश्चात पुनर्योजन की समाप्ती पर, चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा आगे के लिये पूर्णतया और स्थाई स्प से असमर्थ घोषित कर दिये जाने पर, अवकाश लेखे में जमा अर्जित अवकाश के बदले में नकद धनराशि के भुगतान की सुविधा कार्यालय–ज्ञाप संख्याः जी–4–1002/दस–200–77 दिनांक 26 अप्रैल, 1978, संख्याः सामान्य–4–1327/दस–200–77, दिनांक 18 जून, 1979, संख्याः– सामान्य–4–1687/दस–83–200/77–टी०सी०– दिनांक 25 जुलाई, 1983 तथा संख्याः– सा–4–1283/दस–200/88, दिनांक 17 सितम्बर, 1988 में निहित शर्तो के अर्न्तगत 240 दिन की अधिकतम सीमा के अधीन ग्राह्य है।

2& उपर्युक्त के सम्वन्ध में वेतन समिति, उ०प्र०, 1998 के सातवें प्रतिवेदन पर लिये गये निर्णयानुसार राज्यपाल महोदय उपर्युक्त आदेशो में उल्लिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धो के अधीन अवकाश वेतन के समतुल्य नकद भुगतान अधिकतम 240 दिन के स्थान पर 300 दिन तक के अर्जित अवकाश तक सीमित रखने की स्वीकृति सहर्ष प्रदान करते है।

3& शासन के कार्यालय–ज्ञाप संख्या–सा–4–1283/दस–200/88, दिनांक 17 सितम्बर, 1988 में सेवानिवृत्ति के दिनाक को अवकाश लेखे में जमा उपार्जित अवकाश के समतुल्य नकद धनराशि का आगणन निम्नलिखित सूत्र के अनुसार किये जाने की व्यवस्था हैः–

सेवानिवृत्ति के दिनांक को अनुज्ञेय वेतन एवं भत्ते समतुल्य––––––––––––	240 दिन की अधिकतम सीमा के अधीन सेवानिवृत्ति के दिनांक को सम्वन्धित नकद सरकारी सेवक के अवकाश खाते में जमा अवशेष उपार्जित अवकाश के दिनों की संख्या 30

उक्त प्रस्तर–2 में लिये गये निर्णय के फलस्वरूप अब 240 दिन के स्थान पर 300 दिन रख करके नकद समतुल्य का आगणन किया जाये।

4& यह आदेश तत्काल प्रभावी होगे।

5& सम्वन्धित अवकाश नियमो में आवश्यक संशोधन किये जाने की कार्यवाही प्रथक से की जायेगी।

ह०/–
मु० हलीम खॉ
सचिव।

l;yXud&15-10

<u>संख्या– सा–3–489 / दस–91387</u>

प्रेषक,

श्री वेद प्रकाश अग्रवाल,

संयुक्त सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष

उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–3 लखनऊः दिनांक 16 मई, 1987

विषयः– पेन्शनर की मृत्यु हो जाने पर उनके जीवन–कालीन पेन्शन के अवशेष का भुगतान किये जाने हेतु नामांकन।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर शासनादेश संख्याः ए–1–1428 / दस–3(4) / 1962, दिनांक 23 मई, 962 संख्या सा–3– 1660 / दस–2013–83, दिनांक 22 दिसम्बर, 1983(प्रतिलिपि संलग्न) की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन की जानकारी में अब भी ऐसे मामले आ रहे है जिनमें पेन्शनर द्वारा अपनी जीवनकालीन पेन्शन हेतु कोई नामांकन नही किया गया है जिससे पेन्शनरो के परिवार को कठिनाई होने के साथ–साथ अनावश्यक पत्र व्यवहार भी करना पडता है। सरकारी कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर पेन्शन स्वीकृति के लिये भरे जाने बाले प्रपत्रो में प्रपत्र संख्या 30 में उपरोक्त नामांकन के सम्वन्ध में आवश्यक व्यवस्था उपलब्ध है और पेन्शन प्रकरणो को अग्रसारित करते समय इस आवश्यक चेक कर लिया जाना चाहिये। इसी प्रकार उपरोक्त शासनादेश दिनांक 23 मई, 1962 में जारी आदेशो के अनुसार वर्तमान पेन्शनरो से, यदि उन्होने नामांकन पत्र नही भरा है, तो नामांकन कराया जा सकता है।

2– अतएव आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त शासनादेश दिनांक 23 मई, 1962 तथा 22 दिसम्बर, 1983 में जारी आदेशो का कडाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
ह० / –
वेद प्रकाश अग्रवाल
संयुक्त सचिव,

संख्याः सा–3–489(1)/दस–913–87

Áfrfyfi: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1) निदेशक, कोषागार एवं लेखा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

2) समस्त कोषाधिकारी/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश

3) महालेखाकार, द्वितीय (लेखा), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आज्ञा से

ह०/–

(वेद प्रकाश अग्रवाल)

संयुक्त सचिव।

I yXud&15-11

<u>पेंशन/सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी/राशिकरण के लिए पेंशन प्रपत्र</u>

<u>Hkkx&1</u>

सेवा में,

....(कार्यालयाध्यक्ष का पदनाम तथा पता)

....

महोदय,

मेरा विवरण निम्नवत् है। मुझे पेंशन, सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी तथा पेंशन का राशिकरण स्वीकृत करने की कृपा करें।

1. नाम...

2. पिता/पति का नाम...

3. सेवानिवृत्ति के पश्चात् का पताः–
   (क) स्थायी निवास स्थान..
   (ख) पत्र व्यवहार का पता..

4. जन्म तिथि..

5. सेवा प्रारम्भ करने की तिथि...

6. सेवा निवृत्ति का तिथि...

7. अन्तिम पद जहाँ से सेवानिवृत्त हुए का पदनाम तथा कार्यालय/विभाग का नाम एवं पता..............................

8. मृत्यु होने की दशा में नामिनी का नाम एवं पता जिसे जीवन कालीन अवशेष का भुगतान किया जाय.........

9. पेंशन का भाग या पेंशन की धनराशि जिसका राशिकरण अपेक्षित है.......................
   ....

10. भुगतान का विवरणः–

क्र०	परिवार के सदस्यों का नाम	जन्म तिथि	सरकारी सेवक से सम्बन्ध	विवाहित/अविवाहित	पता
1					
2					
3					

भवदीय/भवदीया

सरकारी सेवक के हस्ताक्षर

?kk"k.kk

मैं एततद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा प्रस्तुत किया गया उपर्युक्त विवरण सही है। मुझे नियमानुसार पेंशन/सेवा अनुतोषिक, सेवानिवृत्त ग्रेच्युटी तथा पेंशन का राशिकरण स्वीकृत कर दिया जाय। मैं भली–भाँति अवगत हूँ कि यदि मुझे इस प्रार्थना–पत्र के आधार पर उपर्युक्त मदों में भुगतान की गई धनराशियाँ नियमानुसार अनुमन्य धनराशियों से अधिक पायी जायेंगी तो मुझे अधिक प्राप्त धनराशियाँ वापस करनी होंगी। मैं वचन देता/देती हूँ की मुझे उपरोक्तानुसार आगणित वास्तविक धनराशि की स्वीकृति के उपरान्त उपरोक्तानुसार स्वीकृत धनराशि के पुनरीक्षित किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होगी और मैं अधिक प्राप्त धनराशि को तत्काल शासन को वापस कर दूँगा/दूँगी।

सरकारी सेवक के हस्ताक्षर

दो साक्षी जिनकी उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये(यथा सम्भव उसी कार्यालय के सदस्य होने चाहिए जहाँ से सेवानिवृत्त हुये)

1. नाम...............
   हस्ताक्षर..........
   पदनाम.............
   पता.................

2. नाम..........
   हस्ताक्षर......
   पदनाम........
   पता..........

भाग– पारिवारिक पेंशन तथा म्त्यु ग्रेच्युटी के लिए

प्रार्थना–पत्र

सेवा में,

....(कार्यालयाध्यक्ष का पद नाम तथा पता)

....

महोदय,

मेरा तथा मृत सरकारी सेवक का विवरण निम्नवत् है। मुझे पारिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्यूटी स्वीकृत करने की कृपा करें।

1– मृत सरकारी सेवक का नाम..

2– मृत सरकारी सेवक के पिता/पति का नाम......................................

3– मृत सरकारी सेवक द्वारा अन्तिम पद का नाम तथा विभाग/कार्यालय का नाम व पता.................................

4— क्या मृत सरकारी सेवक पेंशन पा रहा था? यदि हाँ तोः—

(क) सेवानिवृत्ति का दिनांक................................

(ख) पेशन भुगतानादेश संख्या.................................

(ग) पेशन प्राधिकृत करने वाले अधिकारी का नाम एवं पता.......................

5— प्राथी काः—

(क) नाम..

(ख) पिता/पति का नाम.........................

(ग) जन्मतिथि...

(घ) मृत सरकारी सेवक से सम्बन्ध.............

6— मृत्यु के उपरान्त विधवा अथवा परिवार के सम्बन्धित सदस्य का पता जिसे पारिवारिक पेशन स्वीकृत की जायेगीः—

(क) स्थायी निवास स्थान...........................

(ख) पत्र व्यवहार का पता.............................

7— सरकारी सेवक की मृत्यु का दिनांक (मृत्यु प्रमाण—पत्र संलग्न है)

8— मृतक सरकारी सेवक का विवरणः—

क्रमांक	परिवार के सदस्यों का नाम	जन्म तिथि	सरकारी सेवक से सम्बन्ध	विवाहित	अविवाहित पता
1	2	3	4	5	6
1					
2					
3					

9— कोषागार का नाम जहाँ से भुगतान अपेक्षित है।

10. अन्तिम पारिवारिक पेंशन/ग्रेच्युटी की धनराशि (यदि कोई हों)

(क) पारिवारिक पेंशन

(ख) मृत्यु ग्रेच्युटी

प्रार्थी के हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान

¼III½

<u>घोषणा</u>

मैं...पत्नी/पति,पुत्र/पुत्री स्व० ....की (विभाग/कार्यालय का नाम)...द्वारा दी जाने वाली परिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी स्वीकार करते हुये यह घोषित करता/करती हूँ कि यदि नियमानुसार अनुमन्य परिवारिक पेंशन तथा मृत्यु ग्रेच्युटी से अधिक धनराशि किसी त्रृटिवश भुगतान कर दी जाती है तो उसके पुनरीक्षण में तथा अधिक भुगतान की गई धनराशि की वापसी में मुझे कोई आपत्ति न होगी।

<u>दो साक्षियों के हस्ताक्षर</u> *प्रार्थी के हस्ताक्षर*

1. नाम..
   पदनाम..
   पता...
2. नाम ....
   पदनाम ....
   पता ....

कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर

<u>भाग–3 प्रार्थी का विवरण</u>

1. सरकारी सेवक का नाम पदनाम तथा कार्यालय का नाम
2. सरकारी सेवक की मृत्यु की दशा में पारिवारिक पेंशन/मृत्यु ग्रेच्युटी हेतु प्रार्थी का नाम तथा सरकारी सेवक से सम्बन्ध
3. नमूने के हस्ताक्षरः–
   (क) सरकारी सेवक के (उसके जीवित रहने पर करवाये जायेंगे).............
   (ख) सरकारी सेवक की पत्नी/पति या अन्य प्रार्थी के (उसके जीवित रहने अथवा मृत्यु होने दोनों दशाओं में करवाये जायेंगे) ....
4. यदि सरकारी सेवक या उसकी (पत्नी/पति अथवा अन्य प्रार्थी, अग्रेजी, हिन्दी अथवा उर्दू में हस्ताक्षर करने में असमर्थ है तो दायें अथवा बायें अंगूठे एवं अंगुलियों के निशानः–
   (क) सरकारी सेवक के ....
   (ख) पत्नी/पति या अन्य प्रार्थी के ....
5. वैयक्तिक पहचान

(क) सरकारी सेवक/परिवारिक पेंशनर की ऊँचाई ....

(ख) सरकारी सेवक/पारिवारिक पेंशनर के पहचान चिन्ह ....

6. सरकारी सेवक की पत्नी/पति के साथ पासपोर्ट आकार में संयुक्त फोटो/मृत्यु की दशा में प्रार्थी का पासपोर्ट आकार में अपना (फोटो की तीन प्रतियाँ दी जायेंगी) जिसमें से दो फार्म्स पर चिपकाई जायेंगी तथा एक प्रति एक छोटे लिफाफे में पेंशन प्रपत्र के साथ अलग से लगा दी जायेगी। प्रदेश के बाहर पेंशन लेने पर पाँच प्रतियाँ प्रस्तुत की जायेंगी, जिनमें से चार फार्मस् पर तथा पाँचवीं एक छोटे लिफाफे में पेंशन प्रपत्र के साथ अलग से लगा दी जायेंगी।

विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर तथा पद का नाम

¼**IV**½

<u>भाग–4 सेवा का इतिहास</u>

सरकारी सेवक का नाम..

क्रमांक...

कब से कब तक (केवल दिनांक दिये जायें).................................

पद का नाम जिस पर कार्य किया (स्थान सहित) अवकाश, असाधारण अवकाश, निलम्बन, प्रोन्नति, पदवनति, प्रतिनियुक्ति, व्यवधान की अवधियां भी इंगित की जायें ....

स्तम्भ–3 में दर्शाई गई अवधि का प्रकार ....

यदि कोई अवधि पेंशनयुक्त नहीं है तो कारण सहित उसका विवरण दिया जाय ....

हस्ताक्षर

(कार्यालयाध्यक्ष का नाम एवं पद)

<u>भाग–5 कार्यालयाध्यक्ष के उपयोग हेतु</u>

1. सरकारी सेवक का नाम ....
2. सरकारी सेवक की जन्मतिथि ....
3. सेवा में आने का दिनांक ....

4. सेवानिवृत्ति का दिनांक ....

5. कुल अवधि (4.3).........................वर्ष ....माह ....दिन.................

6. सैन्य सेवा जो पेंशन के लिए अर्ह है, की अवधि..

7. अन्य सेवा (यदि कोई हो) जिसे पेंशन हेतु अर्ह माना गया................................

8. पेंशन अनर्ह सेवाः—

   (क) 20 वर्ष की आयु प्राप्त करने के पूर्व के सेवा...

   (ख) सेवा में विच्छेद...

   (ग) पेंशन के लिये अनर्ह निलम्बन की अवधि...

   (घ) कोई अन्य सेवा जो पेंशन हेतु अनर्ह हो (कारण सहित उल्लेख किया जाय)

   योग वर्ष....................माह..............................दिन.............................

   पेंशन हेतु अर्ह सेवा की कुल अवधि (5+6+7-8) या..................छमाही

10. पेंशन का प्रकार...........................प्रतिकर/अशक्तता/रिटायरिंग/अधिवर्षता

11. सेवानिवृत्ति के दिनांक को मूलनियम 9 (21) (1) में परिभाषित वेतन

12. औसत परिलब्धियों का आगणन

vfUre nl ekl eaÁkIr ifjyfC/k;k

धारित पद	दिनांक से	दिनांक तक	परिलब्धियाँ मूल नियम 9 (21)(1) में परिभाषित	अन्य
1	2	3	4	5

योग (स्तम्भ–4 का) ÷ 10 = रु.

13. सर्विस ग्रेच्युटी का आगणन......................

   (पेंशन अर्ह सेवा 10 वर्ष कम होने पर पेंशन के स्थान पर अनुमन्य)

14. सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी का आगणन..................................

15. सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी की धनराशि से कटौती (यदि कोई हो)................

16. शुद्ध सेवा निवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी की...................................

17. परिवारिक पेंशन का आगणनः—

   (क) सामान्य दर...........................

   (ख) 7 वर्ष की सेवा के उपरान्त मृत्यु की दशा में दिनांक................... से रु.... ....

18. पेंशन/परिवारिक पेंशन प्रारम्भ होने का दिनांक ....

19. पेंशन का भाग अथवा धनराशि जिसका राशिकरण अनुमन्य है.......................

20. राशिकृत मूल्य का अगणन...

21. राशिकरण के उपरान्त अनुमन्य पेंशन की धनराशि रु......................................

22. कोषागार का नाम जहाँ से पेंशन/सेवानिवृत्ति अथवा/मृत्यु ग्रेच्युटी/राशिकरण के भुगतान आहरित किये जायेंगे..........

23. अनन्तिम पेंशन/पारिवारिक पेंशन (यदि कोई स्वीकृति की गई हो)......................... ....

24. अनन्तिम सेवानिवृत्ति/मृत्यु ग्रेच्युटी (यदि कोई स्वीकृति की गई हो)...................... ....

25. पेंशन प्रपत्रों के प्रेषण की तिथि के पूर्व अर्थात् दिनांक (ये तिथि सेवानिवृत्ति के ठीक आठ माह पूर्व होनी चाहिये) तक ....

1. भवन निमार्ण में रु.............................की धनराशि देना शेष है/कोई धनराशि शेष नहीं है:

2. मोटरकार/मोटरसाइकिल/स्कूटर/मोपेड आदि अग्रिम में से रु......................... की धनराशि शेष है/कोई धनराशि शेष नहीं है।

3. किसी अन्य प्रकार के अग्रिम में से रु.............................की धनराशि शेष है/कोई धनराशि शेष नहीं है।

4. सरकारी भवन में आवास करने हेतु दिनांक.................तक रु................की धनराशि किराये के रूप में अवशेष है/कोई धनराशि अवशेष नहीं है तथा सेवानिवृत्ति के दिनांक...... ....तक रु.................और देना शेष रह जायेगा।

5. आडिट के परिणाम रु.............................की धनराशि देय है/ कोई धनराशि शेष नहीं है।

6. विभागीय अथवा किसी अन्य कार्यवाही के परिणामस्वरूप रु............की धनराशि देय है/कोई धनाराशि देय नहीं है।

7. अन्य मदों में (मद स्पष्ट की जाय) रु.,............................की धनराशि देय है/कोई धनराशि देय नहीं है।

8. श्री..............................(सरकारी सेवक का नाम के विरुद्ध कोई न्यायिक / विभागीय अथवा प्रशासनिक जाँच लम्बित नही हैं। यदि लम्बित है तो उसका संक्षिप्त विवरण, जैसे यदि सरकार को वित्तीय हानि पहुँचाई गयी हो तो उसका आधार एवं धनराशि अथवा यदि गम्भीर दुराचार के दोषी हों तो उसका विवरण दिया जाय।

विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर तथा पद नाम

l;yXud&16

संख्या–एस०ई०–2314 / दस–2008–बीमा–19 / 2002

प्रेषक

श्री अनूप मिश्र,

प्रमुख सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष तथा प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,

उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (सेवायें) अनुभाग–1 लखनऊः दिनांक 08 दिसम्बर 2008

विषय : वेतन समिति–2008 के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजनाओं के अन्तर्गत मासिक अभिदान एवं आच्छादन की धनराशि का दिनांक 01 जनवरी, 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर पुनरीक्षण।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों के वेतनमान आदि के पुनरीक्षण हेतु गठित वेतन समिति–2008 के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुतियों को कतिपय संशोधनों के साथ शासकीय संकल्प संख्या–वे०आ०–2–1313 / दस–2008–59(एम) / 2008, दिनांक 08 दिसम्बर 2008 द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।

2– वेतन समिति–2008 के प्रथम प्रतिवेदन को स्वीकार कर लिये जाने के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के अन्तर्गत मासिक अभिदान एवं आच्छादन के निमित्त दिनांक 01 जनवरी 2006 से लागू पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के आधार पर निम्न तालिका के अनुसार सामूहिक बीमा आच्छादन की धनराशि, मासिक अभिदान की दर, बीमा निधि एवं बचत निधि की पुनरीक्षित दरों को लागू किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

क्रमांक	पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन	मासिक अभिदान की दर	बीमा निधि	बचत निधि	बीमा आच्छादन की धनराशि
1.	रु. 5401 से अधिक	400	120	280	4,00,000

2.	रु. 2801 से रु. 5400 तक	200	60	140	2,00,000
3.	रु. 2800 तक	100	30	70	1,00,000

3– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उक्त तालिका में अंकित पुनरीक्षित वेतनमानों की संरचना में अनुमन्य ग्रेड वेतन के अनुरूप मासिक अभिदान की दरों एवं बीमा आच्छादन को निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के आधीन लागू किया जायेगा:–

(क) उक्त आदेश दिनांक 01.12.2008 से प्रभावी माने जायेंगे।

(ख) पूर्व में निस्तारित किसी प्रकरण को इस शासनादेश के परिप्रेक्ष्य में पुनर्जीवित नहीं किया जायेगा।

(ग) वेतनमानों की संरचना का उक्त वर्गीकरण मात्र सामूहिक बीमा योजना के अन्तर्गत कटौती की जाने वाली धनराशि तथा उसके विरुद्ध देय आच्छादन तक ही सीमित है तथा इसका सेवा संवर्गो के वर्गीकरण से कोई सम्बन्ध नहीं है।

(घ) उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा एवं बचत योजना के संबंध में पूर्व निर्गत समस्त शासनादेश इस सीमा तक संशोधित समझे जायेंगे।

भवदीय,
ह०/–
(अनूप मिश्र)
प्रमुख सचिव।

संख्या–एस०ई०–2314(1)/दस–2008 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– श्री राज्यपाल, सचिवालय।
2– विधान सभा/विधान परिषद सचिवालय।
3– सचिवालय के समस्त अनुभाग।
4– निदेशक कोषागार व लेखा उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5– निदेशक, उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय, विकासदीप, 22, स्टेशन रोड, लखनऊ।
6– पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
7– प्रधान महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
8– समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश/इरला चेक/भुगतान व लेखाधिकारी, नई दिल्ली।

आज्ञा से,
ह०/–
(भगवान दास)
उप सचिव।

lyXud&16-1

राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा योजना का नामांकन पत्र

मैं..एतद्द्वारा निम्नलिखित व्यक्ति/व्यक्तियों को जो शासनादेश संख्याः बीमा– 56/दस–85–3–1981 दिनांक 10 जनवरी 1986 में दी गयी सूची के अनुसार मेरी सेवारत अवस्था में मृत्यु हो जाने पर सामूहिक जीवन बीमा योजना के अधीन देय धनराशि अथवा सेवानिवृत्ति के बाद उक्त योजना के अधीन मुझे प्राप्त होने वाली धनराशि को प्राप्त करने के पूर्व मृत्यु हो जाने की दशा में उक्त धनराशि को प्राप्त करने हेतु नामित करता/करती हूँ।

नाम व्यक्ति/ व्यक्तियों का अवैध हो का/के नाम व पूरा पता	अधि० /कर्म० से संबंध	नामित व्यक्तियों की आयु	प्रत्येक नामित व्यक्ति का देय अंश	आकस्मिकतायें जिनके पर नामांकन जाएगा।	उन व्यक्ति/व्यक्तियों के नाम, आयु, देय अंश तथा पता/पते जिसे/जिन्हें नामित व्यक्ति/ व्यक्तियों के मृत्यु के दशा में नामित व्यक्ति/व्यक्तियों के अधिकार प्राप्त हो जायेंगें।	यदि कालम(1) व कालम (6) में नामित व्यक्ति/ व्यक्तियों में से कोई अवस्यक हो तो प्राकृतिक संरक्षक का आयु, पता व अवस्यक से संबंध।
1	2	3	4	5	6	7

नोट : यदि कालम (1) व (6) में नामित किये गये व्यक्तियों में कोई अवस्यक हो तो उनकी आयु के साथ–साथ उनकी जन्मतिथि अंकित की जाए।

दिनांक :

स्थान :

साक्षी	(1)	हस्ताक्षर	नाम	पता प्रतिहस्ताक्षरित	हस्ताक्षर व सील कार्यालय/ विभागाध्यक्ष दिनांक	सहकारी अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर पद विभाग
	(2)					

l;yXud&16-2

<u>सेवानिवृत्त / सेवा से पृथक होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों / अधिकारियों के सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी दावों के प्रेषण हेतु प्रपत्र</u>

<u>जी०आई०एस० फार्म संख्या–28</u>

(यह प्रपत्र तीन प्रतियों में सभी स्तम्भों को सम्बोधित कार्यालय द्वारा भरकर सामूहिक बीमा निदेशालय को प्रेषित करना हैं)

(सेवा निव्त अथवा सेवा से पृथक होने वाले राज्य सरकार के कर्मचारियों / अधिकारियों के सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी दावों के प्रेषण हेतु)

सेवा में,

निदेशक
राज्य कर्मचारी सामूहिक बीमा निदेशालय
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या   दिनांक................................

महोदय,

मैं उत्तर प्रदेश राज्य सरकार के अधिकारियों / कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा योजना के अर्न्तगत सेवा से पृथक होने का अधिकारी / कर्मचार (मृत्यु को दशा छोड़कर) का दावा निम्न प्रकार से प्रस्तुत करता हूँ।

(1) अधिकारी / कर्मचारी का नाम ....

(2) पिता / पति का नाम ....

(3) पद नाम..

(4) राजपत्रित / अराजपत्रित..

(5) वेतनमान..

(6) राजपत्रित के मामलें :–

(अ) समूह क में आने का दिनांक..

(ब) समूह ख में आगे का दिनांक...

(7) (क) विभाग कायालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद लखनऊ

(ख) विभागाध्यक्ष पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ

(8) जन्मतिथि...

(अ) अंको में...

(ब) शब्दों में...

(9) (अ) सेवा में नियुक्ति का दिनांक

(ब) योजना में प्रवेश का दिनांक..

(10) (अ) रु. 5 प्रमिमाह अभि० देने की अवधि.....................से........................तक

(ब) रु. 10 प्रमिमाह अभि० देने की अवधि....................से........................तक

(स) रु. 15 प्रमिमाह अभि० देने की अवधि....................से........................तक

(द) रु. 30 प्रमिमाह अभि० देने की अवधि....................से........................तक

(य) रु. 60 प्रतिमाह अभि० देने की अवधि....................से.......................तक

(11) योजना निर्गमन की तिथि...

(12) योजना के निर्गमन का कारण..

(13) (अ) लाभग्रही का नाम...

(ब) पता...

(स) संबंध...

¼1) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी/कर्मचारी अल्पकालीन रिक्तियों अथवा सीजनल कार्य के लिये नियुक्ति नहीं था।

(2) प्रमाणित किया जाता है अधिकारी/कर्मचारी के सामूहिक बीमा योजना सम्बन्धी कटौती नियमित रूप से एवं निर्धारित पद के अधिकारी/ कर्मचारी की अधिवर्षता से अन्यथा पृथक होने तक की गयी है।

(3) प्रमाणित किया जाता है अधिकारी/कर्मचारी की जन्म तिथि का सत्यापन सम्बन्धित अभिलेखों से कर लिया गया है।

(4) प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी/कर्मचारी के दावें का प्रेषण प्रथम बार किया जा रहा है और इससे पूर्व अधिकारी/कर्मचारी को देय सामूहिक बीमा की धनराशि का भुगतान नहीं किया गया है।

(5) मैं एतद्द्वारा पुष्टि करता हूँ कि उपरोक्त विवरण सही है और उक्त विवरणों के आधार पर दावे के भुगतान का आग्रह करता हूँ मैं यह भी आश्वस्त करता हूँ कि भुगतान प्राप्त होने पर लाभग्राही से रसीदी स्टैम्प लगी भुगतान की धनराशि की प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लूंगा और इसकी सूचना सामूहिक बीमा निदेशालय को रसीद प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर प्रेषित कर दूंगा।

दिनांक .... कार्यालयाध्यक्ष

आहरण एवं वितरण अधिकारी के

स्थान.............................. हस्ताक्षर.................................

बैंक का नाम .... हस्ताक्षरकर्ता का नाम.................

खाता संख्या .... हस्ताक्षरकर्ता का पद नाम............

कार्यालय मोहर.........................

प्रतिलिपि उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद को सूचनार्थ प्रेषित।

lyXud&17

.... यहाँ से मोड़िए ....

lokfuoRr@eR;q ykHk dkMZ

पत्रावली संख्याः

कार्यालय

नाम लाभार्थी

पिता / पति का नाम

PNO

ग्रामः–

थाना

जनपद

lsokfuoRr@ e`rd dfeZ;ksa ds vkfJrksa dk fooj.k

क्र०सं०	नाम	सम्बन्ध	जन्मतिथि	विवरण
1		आश्रित पिता		
2		आश्रित माता		
3		आश्रित पत्नी		
4		आश्रित पुत्र/पुत्री		
5				
6				
7				
8				
9				
10	आश्रित के सेवायोजन के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण			

नोटः– सेवायोजन के सम्बन्ध में पूर्ण विवरण यथा प्रस्ताव भेजे जाने की तिथि पुलिस मुख्यालय द्वारा की गयी कार्यवाही व अद्यतन स्थिति का पूर्ण विवरण पत्र संख्या व दिनांक सहित अंकित किया जाय।

अधिकारी का नाम...पिता / पति का नाम............................PNO…..........
दिनांक मृत्यु / सेवानिवृत्त........................ दिनांक / भर्ती...............................

सेवानिवृत्त / मृत्यु की परिस्थिति...

मद	पत्रावली संख्या	अनुमन्य धनराशि	भुगतान की गयी धनराशि	दिनांक भुगतान सीओ नं०	शेष धनराशि	दिनांक अन्तिम भुगतान मय सीओ नं०
1– अवशेष वेतन						
2– उपार्जित अवकाश का नगदीकरण						
3– अवशेष यात्रा भत्ता						
4– मेस एडवांस की वापसी						
5– बोनस						
6– आसाधारण / परिवारिक पेशन						
7– उपादान (गेच्युटी)						
8– अनुग्रह धनराशि (एक्स–ग्रेसिया)						
9– अनुकम्पा निधि से सहायता						
10– उ०प्र० पुलिस आर्म्ड फोर्सेज सहायता संस्थान से सहायता						

11– सामूहिक बीमा योजना						
12– सामान्य भविष्य निर्वाह निधि का अन्तिम निष्कासन						
13– सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से सम्बद्व बीमा योजना						
14– दुर्घटना बीमा योजना						
15–						
16–						
17–						
18–						

हस्ताक्षर

दिनांकः–

पुलिसअधीक्षक / कार्यालयाध्यक्ष

l;yXud&18

उत्तर प्रदेश सरकार

वित्त (सामान्य) अनुभाग–4

संख्या–सा–4–152/दस–94–501–75

लखनऊ, दिनांक 25 अप्रैल, 1994

—————————

कार्यालय–ज्ञाप

विषय : भविष्य निर्वाह निधि के अभिदाता राज्य कर्मचारियों के भविष्य निर्वाह निधि में जमा धनराशि से सम्बद्ध बीमा योजना के अन्तर्गत भुगतान की जाने वाली धनराशि की अधिकतम सीमा में वृद्धि।

अधोहस्ताक्षरी की यह कहने का निदेश हुआ है कि भविष्य निधि के अभिदाताओं में अधिक बचत करने की प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करने तथा उनके परिवार को अतिरिक्त सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए राज्यपाल महोदय ने उनके भविष्य निर्वाह निधि में जमा धनराशि से सम्बद्ध एक बीमा योजना (Deposit Linked Insurance Scheme) जिसके अन्तर्गत अभिदाता को बिना प्रीमियम दिए बीमा के अनुरूप लाभ मिल सके, वित्त विभाग की राजाज्ञा संख्या–सा–4–209/दस–501–75, दिनांक 5 दिसम्बर, 1979 द्वारा लागू किए जाने की स्वीकृति प्रदान की थी। उत्तर प्रदेश द्वितीय वेतन आयोग 1979–80 की संस्तुतियों के कार्यान्वयन के फलस्वरूप उक्त राजाज्ञा के प्रस्तर–3, (iii) (क) में उल्लिखित सेवा समूहों के वेतनमान को वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुसार कार्यालय ज्ञाप संख्या–सा–4–553/दस–85–501–79, दिनांक 4 अप्रैल, 1985 द्वारा संशोधित किया गया था। इस योजना के उदारीकरण के उद्देश्य से राज्यपाल महोदय उपर्युक्त दोनों राजाज्ञा के प्रस्तर–3 में आंशिक संशोधन करते हुए उसे निम्न रूप में प्रतिस्थापित किए जाने हेतु सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:–

(1) सेवाकाल में अभिदाता की मृत्यु हो जाने पर उसकी निधि में जमा अवशेष धनराशि को संगत नियमों के अनुसार प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति/व्यक्तियों को निम्नलिखित पैराग्राफ(3) की शर्तों के अधीन उस अभिदाता की मृत्यु के पूर्ववर्ती 3 वर्षों में उसके भविष्य निधि खाते में अवशेष धनराशि के औसत के बराबर अतिरिक्त धनराशि स्वीकार की जाएगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि योजना के अन्तर्गत किसी एक मामले में इस अतिरिक्त देय धनराशि की अधिकतम सीमा 30,000 रु. से अधिक नहीं होगी।

(2) अंशदायी भविष्य निधि (सी०पी०एफ०) के मामले में केवल अभिदाता के अभियान की धनराशि तथा उसपर अनुमन्य ब्याज की धनराशि ही इस प्रयोजन के लिए अवशेष धनराशि मानी जाएगी।

(3) उपरोक्त लाभ निम्न शर्तो के पूरी होने पर ही प्राप्त होगाः–

(क) मृत्यु के पूर्ववर्ती 3 वर्षो के दौरान ऐसे अभिदाता के खाते में विद्यमान अतिशेष किसी भी समय निम्नलिखित सीमा से कम न हुआ होः–

	राशि रु.
(एक) अभिदाता जिसने उपर्युक्त 3 वर्ष की अवधि के वृहत् भाग में ऐसा पदधारण किया हो जिसके वेतनमान का अधिकतम 4,000 रु. या अधिक हो।	12,000
(दो) अभिदाता जिसने उपर्युक्त 3 वर्ष की अवधि के वृहत् भाग में ऐसा पदधारण किया हो जिसके वेतनमान का अधिकतम 2,900 रु. या उससे अधिक किन्तु 4,000 रु. से कम हो।	7,500
(तीन) अभिदाता जिसने उपर्युक्त 3 वर्ष की अवधि के वृहत् भाग में ऐसा पदधारण किया हो, जिसके वेतनमान का अधिकतम 1,151 रु. या उससे अधिक किन्तु 2,900 रु. से कम हो।	4,500
(चार) अभिदाता जिसने उपर्युक्त 3 वर्ष की अवधि के वृहत् भाग में ऐसा पदधारण किया हो जिसके वेतनमान का अधिकतम 1,151 रु. से कम हो।	3,000

(ख) इस योजना के अधीन देय अतिरिक्त धनराशि 30,000 रु. से अधिक नहीं होगी।

(ग) अभिदाता ने अपनी मृत्यु के समय कम से कम 5 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली हो।

2– उक्त 5 दिसम्बर, 1979 की राजाज्ञा की शेष शर्ते पूर्ववत् लागू रहेंगी।

3– यह संशोधन शासनादेश निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होगा।

4– सभी विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों से यह निवेदन है कि वे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को इस राजाज्ञा से अविलम्ब अवगत करा दें।

ह०/–

अनूप मिश्र,

विशेष सचिव।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

<u>संख्या–सा–4–152(1)/दस–94–501–75, तद्दिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– शासन के समस्त सचिव।

2– सचिवालय के समस्त अनुभाग।

3– सचिव, विधान सभा/परिषद, उत्तर प्रदेश।

4– प्रधानाचार्य, वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

5– महालेखाकार(लेखा) प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आज्ञा से,
ह०/–
गणेश दत्त दीक्षित,
संयुक्त सचिव।

lyXud&19

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश,

उत्तर प्रदेश सरकार,

वित्त (सामान्य) अनुभाग–4

संख्या जी०–4 / 890–10–502–1985,

लखनऊ, 29, अक्टूबर, 1985

निधि से अग्रिम

निधि से अग्रिम 13–(1) द्वितीय अनुसूची में विनिदिष्ट समूचित प्राधिकारी के विवेक पर, उप नियम(2) (3) (4) (5) (6) या (7) में उल्लिखित शर्तो के अधीन रहते हुए, किसी अभिदाता को निधि में उसके खाते में जमा धनराशि से अस्थायी अग्रिम (पूर्ण रुपये में) दिया जा सकता है।

टिप्पणीः–आवेदन पत्र और स्वीकृति आदेश के प्रपत्र संलग्नक ''क'' में दिये गये है।

(2) कोई अग्रिम तब तक स्वीकृत नहीं किया जायेगा जब तक स्वीकृति प्राधिकारी का समाधान न हो जाय कि आवेदक की आर्थिक परिस्थितियां उसको न्यायोचित ठहराती है और कि उसका व्यय निम्नलिखित उद्देश्य पर न कि अन्यथा किया जायेगा, अर्थात––

(एक) बिमारी, प्रसवावस्था या विकलांगता के सम्बन्ध में व्यय जिसके अन्तर्गत, जहॉ आवश्यक हो, अभिदाता, उसके परिवार के सदस्यों या उस पर वास्तव में आश्रित किस अन्य व्यक्ति का यात्रा व्यय भी हो, की पूर्ति परः

(दो) उच्च शिक्षा के व्यय की पूर्ति पर जिसके अन्तर्गत जहा आवश्यक हो, अभिदाता, उसके परिवार के सदस्यों या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी अन्य व्यक्ति का निम्नलिखित दशाओं में यात्रा व्यय भी है अर्थात,–

(क) हाई स्कूल स्तर के बाद शैक्षिक, प्राविधिक वृत्तिक या व्यायवासयिक पाठ्यक्रम के लिए भारत के बाहर शिक्षा, और

(ख) हाई स्कूल स्तर के बाद भारत में चिकित्सा, अभियन्त्रण या अन्य प्राविधिक या विशेषित पाठ्यक्रम।

(तीन) अभिदाता की प्रास्थिति के अनुकूल पैमाने पर आबद्धकर व्यय की पूर्ति पर जिसे अभिदाता द्वारा रूढ़िगत प्रथा के अनुसार अभिदाता के विवाह के संबंध में या उसके परिवार के सदस्यों या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी अन्य व्यक्ति के विवाह, अन्त्येष्टि या अन्य गृहकर्म के संबंध मे उपगत करना हो,

(चार) अभिदाता, उसके परिवार के किसी सदस्य या उस पर वास्ववािक रूप से आश्रित किसी व्यक्ति द्वारा या उसके विरुद्ध संस्थित विधिक कार्यवाहियों के

व्यय की पूर्ति पर,

(पाँच) अभिदाता के प्रतिवाद के व्यय की पूर्ति पर, जहाँ वह अपनी ओर से किसी तथा कथित पदीय कदाचार के संबंध में जाँच में अपना प्रतिवाद करने के लिए किसी विधि व्यवसायों को नियुक्त करें,

(छः) गृह या गृह स्थल के लिये या उसके निवास के लिए गृह निर्माण या उसके गृह के पुननिर्माण, मरस्मत या उसमे परिवर्द्धन या परिवर्तन के लिये या गृह निर्माण योजना जिसके अन्तर्गत स्व–वित्त पोषित योजना भी है,के अधीन किसी विकास प्राधिकरण, स्थानीय निकाय, आवास परिषद या गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा उसे गृह स्थल या गृह के आवंटन के लिए भुगतान करने के लिए व्यय या उसके भाग की पूर्ति पर,

(सात) अभिदाता के उपयोग के लिए मोटर साइकिल, स्कूटर (जिसके अन्तर्गत मोपेड भी है), साइकिल, रेफिजरेटर, रूम कूलर, कुकिंग गैस कनेक्शन या टेलीविजन सेट की लागत के व्यय की पूर्ति परः

परन्तु राज्यपाल विशेष परिस्थितियों में उपर्युक्त उपखंड (एक) से (सात) में उल्लिखित प्रयोजनों से भिन्न प्रयोजन के लिये किसी अभिदाता की अग्रिम का भुगतान करने की स्वीकृति दे सकते है यदि राज्यपाल उसके समर्थन में दिये गये औचित्य से संतुष्ट हो जायें।

(3) स्वीकृति प्राधिकारी आग्रिम देने के लिए उसके कारणो अभिलिखित करेगा।

(4) विशेष कारणों के सिवाय कोई अग्रिम–

(एक) अभिदाता के तीन मास के वेतन या निधि में उसके खाते में जमा धनराशि के आधे से, इनमें जो भी कम हो, अधिक नहीं होगा, या

(दो) तक तक नहीं दिया जायेगा जब तक कि समस्त पूर्ववर्ती अग्रिमों का अंतिम प्रतिपादन करने के पश्चात कम से कम बारह मास व्यतीत न हो जाय।

परन्तु जब तक पहले से दी गयी किसी अग्रिम धनराशि तथा आवेदित नयी अग्रिम धनराशि को योग प्रथम अग्रिम दने के समय खंड (एक) के अधीन अनुमन्य धनराशि से अधिक न हो तब तक द्वितीय अग्रिम या अनुवर्ती अग्रिमों की स्वीकृति के लिए विशेष कारणों की अपेक्षा नहीं की जायेगी और एसे अग्रिम द्वितीय अनुसूची के पैरा एक में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा स्वीकृति किये जा सकते है भले ही खण्ड (दो) में उल्लिखित शर्त की पूर्ति न होती हो।

स्पष्टीकरणः– इस परन्तुक में पद से दी गयी किसी अग्रिम धनराशि'' का तात्पर्य वास्तव में दी गयी धनराशि या धनराशियों से है न कि किसी प्रतिदान के पश्चात् विद्यमान अतिशेष।

(5) जब किसी पूर्ववर्ती अग्रिम की अंतिम किस्त के प्रतिदान की पूर्ति के पूर्व उपनियम (4) के अधीन कोई अग्रिम स्वीकृति किया जाय तब किसी पूर्ववर्ती अग्रिम के वसूल न किये गये शेष को इस प्रकार स्वीकृत अग्रिम में जोड़ दिया जायेगा और वसूली की किश्तें सहत धनराशि के निर्देश मे होगी।

(6) किसी अग्रिम की धनराशि का निर्धारण करने में स्वीकृति प्राधिकारी निधि में अभिदाता के खाते में जमा धनराशि पर सम्यक् ध्यान देगा। जब कभी अभिदाता अपने सामान्य भविष्य निधि पास बुक या नियम–27 के अधीन लेखा अधिकारी द्वारा जारी किये गये सामान्य भविष्य निधि लेखा के नवीनतम उपलब्ध विवरण तथा अनुवर्ती अभिदनों के साक्ष्य सहित निधि, में अपने जमा खाते में विद्यमान धनराशि के सम्बन्ध में सक्षम प्राधिकारी का समाधान करने की स्थिति में हो तो सक्षम प्राधिकारी सीमा के भीतर अग्रिम स्वीकृति कर सकता है। ऐसा करने में सक्षम प्राधिकारी अभिदाता को पहले से स्वीकृति किसी अग्रिम या प्रत्याहरण को ध्यान में रखेगा। अग्रिम की स्वीकृति में सामान्य भविष्य निधि खाता संख्या अवश्य इंगित होना चाहिए और उसकी एक प्रति सामान्य भविष्य निधि पासबुक रखने वाले आहरण एवं वितरण अधिकारी और लेखा अधिकारी को भी पृष्ठांकित की जायेगी।

(7) साधारणतथा अभिदाता का कोई अग्रिम उसकी सेवानिवृत्ति या अधिवर्षता के पूर्ववर्ती अन्तिम छः मास के दौरान स्वीकृत नहीं किया जायेगा। किसी विशेष मामले में जिसमें ऐसे अग्रिम की स्वीकृति अपरिहार्य हो उसे स्वीकृति किया जा सकता है किन्तु स्वीकृति प्राधिकारी का यह सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व होगा कि ऐसी स्वीकृति समुह ''घ'' के कर्मचारियों के मामले में लेखा अधिकारी को और अन्य अभिदाताओं के मामले में आहरण एवं वितरण कार्यालयों और लेखा अधिकारी का तुरन्त दे दी जाय और उसकी प्राप्ति की सूचना उनमें अविलम्ब प्राप्त कर ली जाय। उपर्युक्त अधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि अग्रिम की धनराशि यदि सेवानिवृत्त के पूर्व अभिदाता से पूर्ण रूप से वसूल न की गयी हो तो सम्यकरूप से उसका समायोजन नियम–24 के उपनियम (5) के खंड (ख) के, जो भी लागू हो, अधीन उसको भुगतान की जाने वाली धनराशि के प्रति किया जायेगा।

vfxeks dh olyh

14–(1) अभिदाता से किसी अग्रिम की वसूली ऐसी बराबर मासिक किस्तों की संख्या में की जायेगी जैसा स्वीकृति प्राधिकारी निर्देश दे, किन्तु ऐसी संख्या बारह से कम जब तक अभिदाता ऐसा न चाहे और चौबीस से अधिक नहीं होगी। विशेष मामलों में जहाँ अग्रिम की धनराशि नियम–13 के उप नियम (4) के अधीन अभिदाता के तीन मास के वेतन से अधिक हो, स्वीकृति प्राधिकारी किस्तो की ऐसी संख्या, निर्धारित कर सकता है जो चौबीस से अधिक किन्तु किसी भी मामलें में छत्तीस से अधीक नहीं हो। प्रत्येक मामले

में यह सुनिश्चित किया जायेगा कि किस्ते ऐसी रीति से निर्धारित की जाय कि अग्रिम की समस्त धनराशि अधिक से अधिक अभिदाता की सेवानिवृत्ति या अधिवर्षिता के दिनांक के पूर्ववर्ती छः मास तक वसूल हो जाये। कोई अभिदाता अपने विकल्प पर एक मास में एक से अधिक किस्तो का प्रतिदान कर सकता है। प्रत्येक किस्त पूर्ण रुपयों मे होगी, ऐसी किस्तों का निर्धारण करने में अग्रिम की धनराशि का यदि आवश्यक हो तो बढ़ाया या कम किया जा सकता है।

(2) वसूली नियम–10 में विहित रीति से की जायेगी और उस मास के जिसमें अग्रिम आहरित किया गया हो, अनुवर्ती मास के लिये वेतन दिये जाने से प्रारम्भ होगी। जब अभिदाता जीवन निर्वाह अनुदान प्राप्त कर रहा हो या किसी कलेण्डर मास में उस दिन या इससे अधिक के लिए छुट्टी पर हो जिसमे न तो कोई छुट्टी वेतन मिलता हो और न, यथास्थिति, आधा वेतन के बराबर छुट्टी वेतन या अर्द्ध औसत वेतन मिलता हो तब वसूली सिवाय अभिदाता की सम्मति के नहीं की जायेगी। अभिदाता को दिये गये वेतन के किसी अग्रिम की वसूली के दौरान अभिदाता के लिखित अनुरोध पर निधि से लिये गये अग्रिम की वसूली प्राधिकारी द्वारा स्थगित की जा सकती है।

(3) यदि कोई अग्रिम अभिदाता को स्वीकृति किया गया हो और उस के द्वारा आहरित कर लिया गया हो और बाद में प्रतिदान पूरा होने के पूर्व अग्रिम नामंजूर कर दिया जाय तो प्रत्याहित धनराशि का सम्पूर्ण या अतिशेष अभिदाता द्वारा निधि में तुरन्त प्रतिदान कर दिया जायेगा और चूक करने पर स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा अभिदाता की परिलब्धियाँ से एक मुश्त या बारह से अनधिक ऐसे मासिक किस्तो में, जैसा किसी अग्रिम की जिसके दिये जाने के लिए नियम–13 के उपनियम (4) के अधीन विशेष कारण अपेक्षित हो, स्वीकृति के लिए समक्ष प्राधिकारी द्वारा निवेश दिया जाय, कटौती करके वसूल किये जाने का आदेश दिया जायेगा।

(4) इस नियम के अधीन की गयी वसूलियां उसी प्रकार निधि में अभिदाता के लेखे में जमा की जायगी जिस प्रकार वे की गयी हो।

vkfxe dk nk"k

पूर्ण उपयोग 15– इस नियमावली में किसी बात के होते हुए भी, यदि स्वीकृति प्राधिकारी का समाधान हो जाय कि नियम 13 के अधीन निधि से अग्रिम के रूप में आहरित धनराशि का उपयोग उस प्रयोजन से जिसके लिए स्वीकृति अभिलिखित की गयी हो, भिन्न प्रयोजन के लिए किया गया हो तो यह अभिदाता को निधि में प्रश्नगत धनराशि का प्रतिदान तुरन्त करने का निदेश देगा, या चूक करने पर अभिदाता की परिलब्धियों से एक मुश्त कटौती करने

वसूल करने का आदेश देगा और यदि प्रतिदान की जाने वाली कुल धनराशि अभिदाता की परिब्धियों के आधे से अधिक हो तो वसूली ऐसी मासिक किस्तों में की जायेगी जैसी अबधारित की जाय।

fuf/k d: vfUre ÁR;kgj.k

16–(1) इसमें विनिदिष्ट शर्तो के अधीन रहते हुए, अन्तिम प्रत्याहरण जो प्रतिदेय नहीं होगा, नियम–13 के उपनियम (4) के अधीन विशेष कारणो से कोई अग्रिम स्वीकृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय निम्नलिखित प्रकार से स्वीकृति किया जा सकता है:–

टिप्पणी:– आवेदन पत्र और स्वीकृति आदेश के प्रपत्र संलग्नक ''ख'' में दिये गये है।

(क) अभिदाता द्वारा बीस वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत निलम्बन की अवधि, यदि उसके पश्चात् बहाली हो गई हो, और सेवा की अन्य खण्डित अवधियां यदि कोई हो, भी है) पूरी करने के पश्चात् या अधिवर्षता पर उनकी सेवा–निवृत्ति के दिनांक के पूर्वराशि से निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए अर्थात्:–

(ए) निम्नलिखित मामलों में:–

(एक) हाई स्कूल के बाद शैक्षिक, प्राविधिक, वृत्तिक या व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए भारत के बाहर शिक्षा, और

(दो) हाई स्कूल के बाद भारत में चिकित्सा, अभियन्त्रण या अन्य प्राविधिक या विशेषित पाठ्यक्रम में, अभिदाता या अभिदाता के किसी, आश्रित संतान के उच्चस्तर शिक्षा पर व्यय जिसके अन्तर्गत जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी है, की पूर्ति के लिये,

(बी) अभिदाता के पुत्रों या पुत्रियों और उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी अन्य संबंधी के विवाह के संबंध में व्यय की पूर्ति के लिए,

(सी) अभिदाता, उसके परिवार के सदस्यों या उस पर वास्तविक रूप से आश्रित किसी अन्य व्यक्ति की बीमारी, प्रसवावस्था या विकलांगता के संबंध मे व्यय जिसके अन्तर्गत, जहां आवश्यक हो, यात्रा व्यय भी है, की पूर्ति के लिये,

(ख) अभिदाता द्वारा बीस वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत निलम्बन की अवधि यदि उसके बाद बहाली हुई हो, और सेवा की अन्य खण्डित अवधियां यदि कोई हो, भी है) पूरा करने के पश्चात या अधिवर्षता पर उसकी सेवानिवृत्ति के दिनांक के पूर्ववर्ती दस वर्ष की अवधि के भीतर, जो भी पहले हो, और फाइनेन्शियल हैण्डबुक, खण्ड–5 भाग–1 में दिये गये नियमों के अधीन मोटर

कार, मोटर साइकिल या स्कूटर (जिसके अन्तर्गत मोपेड भी है) के क्रय के लिये, अग्रिम की पात्रता के लिए प्रवृत्त वेतन के संबंध में निर्बन्धनों के अधीन रहते हुए, निधि में उसके जमाखाते में विद्यमान धनराशि से निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजनों के लिए, अर्थातः––

(एक) फाइनेन्शियल हैण्डबुक, खण्ड–5, भाग–1 में दिये गये नियमों के अधीन मोटर कार, मोटर साइकिल या स्कूटर (जिसके अन्तर्गत मोपेड भी है) क्रय करने या इस प्रयोजन के लिए पहले से लिये गये अग्रिम के प्रतिदान के लिये,

(दो) उसकी मोटरकार, मोटर साइकिल या स्कूटर की व्यापक मरम्मत या उसके ओवरहाल करने के लिये

(ग) अभिदाता द्वारा पन्द्रह वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत निलम्बन की अवधि, यदि उसके बाद बहाली हुई हो, और सेवा की अन्य खण्डित अवधियां, यदि कोई हो, भी है) पूरी करने के पश्चात या अधिवर्षता पर उसकी सेवा निवृत्ति के दिनांक के पूर्ववर्ती दस वर्ष के भीतर, जो भी पहले हो, निधि में उसके जमा खाते में विद्यमान धनराशि में निम्नलिखित एक या अधिक प्रयोजन के लिये, अर्थातः–

(क) उसके आवास के लिए उपयुक्त गृह बनाने या उपर्युक्त गृह या तैयार फ्लैट के अर्जन के लिए जिसके अन्तर्गत स्थल का मूल्य भी हैः–

(ख) उसके आवास के लिए उपयुक्त गृह बनाने या उपयुक्त गृह या तैयार बने फ्लैट के अर्जन के लिये स्पष्ट रूप से लिये गये ऋण के मुद् बकाया धनराशि का प्रतिदान करने के लिए,

(ग) उसके आवास के लिए गृह बनाने के लिए स्थल क्रय करने या इस प्रयोजन के लिए स्पष्ट रूप से लिये गये ऋण के मद् किसी बकाया धनराशि का प्रतिदान करने के लिए,

(घ) अभिदाता द्वारा पहले से स्वामित्व में रखे गये या अर्जित किये गये गृह या फलैट के, पुननिर्माण करने या उसमें परिवर्धन या परिवर्तन करने के लियेः

(ङ) पैतृक गृह का पुनरुद्धार, परिवर्धन या परिवर्तन या अनुरक्षण करने के लिये,

(च) उपखण्ड (ग) के अधीन क्रय किये गये स्थल पर गृह का निर्माण करने के लिये।

(घ) अभिदाता द्वारा तीन वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत निलम्बन की अविध, यदि उसके बाद बहाली हो गई हो, और सेवा की अन्य खण्डित अवधियां, यदि कोई हो, भी है) पूरी करने के पश्चात् अभिदाता द्वारा अपने स्वय के जीवन

पर या अभिदाता और उसकी पत्नी उसके पति के संयुक्त जीवन पर ली गयी जीवन बीमा की चार से अनधिक पालिसियों जिसके अन्तर्गत निधि से अब तक वित्त पोषित की जा रही पालिसियां भी है, के प्रीमियम/ प्रीमियां का निधि में उसके जमाखाते में विद्यमान धनराशि से भुगतान करने के प्रयोजन के लिये।

(ङ) अभिदाता की सेवानिवृत्ति के दिनांक के पूर्ववर्ती बारह मास के भीतर निधि के उसके जमाखाते में विद्यमान धनराशि से किसी फार्म का भूमि या कारबार का भू–गृहादि या दोनों का अर्जन करने के प्रयोजन के लिये।

टिप्पणीः– इस नियम के अधीन एक प्रयोजन के लिए केवल एक प्रत्याहरण की अनुमति दी जायेगी। किन्तु विभिन्न संतानों का विवाह या विभिन्न अवसरों पर बीमारी या गृह या फ्लैट में ऐसा अग्रेतर परिवर्द्धन या परिवर्तन करने के लिये जो उस क्षेत्र की जिसमें ऐसा गृह या फ्लैट स्थित हो नगरपालिका निकाय द्वारा सम्यक रूप से अनुमोदित नये नक्शे के अनुसार हो, या जीवन बीमा की पालिसियों के प्रीमियम/प्रीमियां के भुगतान और विभिन्न वर्षो में संतानो की शिक्षा का एक ही प्रयोजन नहीं समझा जायेगा। यदि दो या अधिक विवाह साथ–साथ सम्पन्न किये जाने हों तो प्रत्येक विवाह के सम्बन्ध में अनुमन्य धनराशि का अवधारण उसी प्रकार किया जायेगा, मानों एक के पश्चात दूसरा प्रत्याहरण पृथक–पृथक स्वीकृत किया गया हो।

टिप्पणीः– एक ही गृह को पूरा करने के लिए खण्ड (ग) के उपखण्ड (क) या (ख) के अधीन द्वितीय या अनुवर्ती प्रत्याहरण की अनुमति टिप्पणी–5 के अधीन निर्धारित सीमा तक की जायेगी।

टिप्पणीः–3 जीवन बीमा की समस्त पालिसियों के प्रीमियम/प्रीमियां के भुगतान के लिए एक वर्ष में केवल एक प्रत्याहरण की अनुमति दी जायेगी।

टिप्पणीः–4 ऐसा अभिदाता जो फाइनेन्शियल हैण्डबुक, खण्ड–5, भाग–1 में दिये गये नियमों के अधीन गृह निर्माण के प्रयोजन के लिए किसी अग्रिम का लाभ उठा चुका हो या जिसे इस सम्बन्ध में किसी अन्य सरकारी श्रोत्र से कोई सहायता प्राप्त हो गयी हो, खण्ड (ग) के उपखण्ड (क), (ग), (घ) और (च) के अधीन उनमें विनिदिष्ट प्रयोजनो के लिये और नियम–17 के उपनियम (1) के विनिदिष्ट प्रयोजनों के लिये गये किसी ऋण के प्रतिदान के प्रयोजन के लिए भी अन्तिम प्रत्याहरण की स्वीकृति के लिए प्रात्र होगा।

टिप्पणीः–5 ऐसा गृह, फ्लैट या गृह के लिये स्थल जिसके लिए उपर्युक्तानुसार, धनराशि प्रत्याहरण करने का प्रस्ताव है, अभिदाता के ड्यूटी के स्थान पर या सेवानिवृत्ति के पश्चात उसके आवास के अभिप्रेत स्थान पर स्थित होगा। यदि अभिदाता के पास कोई पैतृक गृह है या उसने सरकार से

लिये गये ऋण की सहायता से अपनी ड्यूटी के स्थान से भिन्न स्थान पर गृह का निर्माण कर लिया हो तो वह अपनी ड्यूटी के स्थान पर किसी गृह स्थल के क्रय के लिए या किसी अन्य गृह के निर्माण के लिए या तैयार बने फ्लैट का अर्जन करने के लिये खण्ड (ग) के उपखण्ड (क), (ग) और (च) के अधीन अन्तिम प्रत्याहरण की स्वीकृति के लिये प्रात्र होगा।

टिप्पणी–6 खण्ड (ग) में विनिदिष्ट प्रयोजनो के लिए प्रत्याहरण स्वीकृति प्राधिकारी द्वारा स्वयं यह समाधान करने के पश्चात् स्वीकृति किया जायेगा किया जायेगा कि:–

(एक) धनराशि, अभिदाता द्वारा उल्लिखित प्रयोजनों के लिये वास्तव में अपेक्षित है,

(दो) अभिदाता का प्रस्तावित स्थल पर कब्जा है या वह तुरन्त उस पर किसी गृह का निर्माण करने का अधिकार अर्जित करना चाहता है,

(तीन) प्रत्याहरण धनराशि और ऐसी अन्य निजी बचत, यदि कोई हो, जो अभिदाता की हो, प्रस्तावित प्रकार के गृह के निर्माण, अर्जन या मोचन करने के लिये पर्याप्त होगी,

(चार) गृह स्थल, गृह या तैयार बने फ्लैट के क्रय के लिये प्रत्याहरण के मामले में अभिदाता गृह स्थल, गृह या फ्लैट जिसके अन्तर्गत स्थल भी है, पर निर्विवाद हक प्राप्त, करेगा,

(पाँच) उपर्युक्त खण्ड (चार) में निर्दिष्ट प्रयोजनों के लिये अभिदाता ने ऐसे आवश्यक विलेख–पत्र और कागजात स्वीकृति प्राधिकारी को प्रस्तुत कर दिये है जिससे प्रश्नगत सम्पति के संबंध में उसका हक साबित हो।

टिप्पणी–7 खंड (ग) के उपखंड (ख) के अधीन प्रत्याहरण के लिए प्रस्तावित धनराशि और उपखण्ड (क) के अधीन पूर्व प्रत्याहरित धनराशि, यदि कोई हो, आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के दिनांक को विद्यमान अतिशेष के तीन चौथाई (3/4) से अधिक नहीं होगी।

टिप्पणी–8 खंड (ग) के उपखंड (क) या (घ) के अधीन प्रत्याहरण की अनुमति उस दशा में भी दी जायेगी जहाँ गृह स्थल पत्नी या पति के नाम मे हो यदि वह अभिदाता द्वारा किये गये नामांकन में भविष्य निधि पाने के लिए प्रथम नामांकिनी हो।

स्पष्टीकरण–1 जहां अभिदाता संयुक्त सम्पत्ति में ऐसे अंश से भिन्न जो स्वतंन्त्र आवासिक प्रयोजना के लिए उपयुक्त न हो पहले से किसी गृह स्थल या गृह फ्लैट का स्वीमी हो, वहां उसे यथास्थिति, गृह स्थल या गृह फ्लैट के क्रय, निर्माण, अर्जन या मोचन के लिए कोई प्रत्याहरण स्वीकृति नहीं किया जायेगा।

स्पष्टीकरण–2 स्थानीय निकायों से पट्टै पर किसी भूखण्ड के अर्जन या ऐसे भू–खण्ड पर गृह निर्माण करने के लिए भी प्रत्याहरण की अनुमति दी जा सकेगी।

स्पस्टीकरण–3 गृह निर्माण के प्रयोजन के लिये, लिये गये किसी प्रकार के ऋण के चाहे वह किसी निजी पक्षकार से या फाइनेन्शिल हैण्डबुक, खण्ड–5, भाग–1 के अधीन सरकार से या निम्न या मध्यम आय वर्ग आवास योजना के अधीन लिया गया हो, प्रतिदान के लिये प्रत्याहरण अनुक्षेय है।

टिप्पणी–9 नियम 17 के उपनियम (1) के खंड (ख) में निर्धारित आर्थिक सीमा के अधीन रहते हुए, मोटर कार, मोटर साइकिल या स्कूटर (जिसके अन्तर्गत मोपेड भी है) के क्रय के लिए भी प्रत्याहरणा की भी अनुमति दी जायगी चाहे अभिदाता ने फाइनेन्शियल हैण्डबुक, खण्ड–5, भाग–1, में दिये गये नियमों के अधीन उसी प्रयोजन के लिए पहले से ही कोई अग्रिम ले लिया हो, परन्तु इन दाने स्त्रोतो से ली गयी कुल धनराशि, यथास्थिति, मोटरकार, मोटर साइकिल या स्कूटर के वास्तविक मूल्य से अधिक न हो।

टिप्पणी–10 जीवन बीमा पालिसियां जिनके संबंध में खंड (घ) के जमीन प्रत्याहरण स्वीकृत किया जाय, अभिदाता की पत्नी या पति और संतान या उनमें से किसी एक से भिन्न किसी अन्य हिताधिकारी के लाभ के लिये ली गई नहीं होनी चाहिए।

टिप्पणी–11 (1) यदि नियम–13 के अधीन कोई अग्रिम उसी प्रयोजन के लिये और उसी समय स्वीकृति किया जा रहा हो तो इस नियम के अधीन प्रत्याहरण स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(2) जब अभिदाता अपने सामान्य भविष्य निधि पासबुक या नियम–27 के अधीन लेखा अधिकारी द्वारा जारी किये गये सामान्य भविष्य निधि लेखा के नवीनतम उपलब्ध विवरण तथा अनुवर्ती अभिदानो के साक्ष्य के निर्देश में निधि में अपने जमा खाते में विद्यमान धनराशि के संबंध में सक्षम प्राधिकारी का समाधान करने की स्थिति में हो तो सक्षम प्राधिकारी विहित सीमा के भीतर प्रत्याहरण स्वीकृत कर सकता है ऐसा करने में सक्षम प्राधिकारी अभिदाता के पक्ष में पहले से स्वीकृति किसी प्रत्याहरण या अग्रिम को ध्यान में रखेगा। प्रत्याहरण के लिए स्वीकृति में सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या अवश्य इंगित होना चाहिए और उसकी एक प्रति सामान्य भविष्य निधि लेखा संख्या अवश्य इंगित होना चाहिए और उसी एक प्रति सामान्य भविष्य निधि पासबुक रखने वाले आहरण एवं वितरण अधिकारी को तथा लेखा अधिकारी को भी पृष्ठांकित की जायेगी।

(3) साधारणतया किसी अभिदाता को अधिवर्षता पर उसकी सेवानिवृत्ति को

पूर्ववर्ती अन्तिम छः माह के दौरान कोई प्रत्याहरण स्वीकृति नहीं किया जायेगा। विशेष मामले में जिसमें ऐसे प्रत्याहरण की स्वीकृति अपरिहार्य हो, उसे स्वीकृत किया जा सकता है किन्तु स्वीकृति प्राधिकारी का यह सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व होगा कि ऐसी स्वीकृति की सूचना समूह (घ) के कर्मचारियों के मामले में लेखा अधिकारी को और, अन्य अभिदाताओं के मामले में आहरण एवं वितरण अधिकारी और लेखाधिकारी को तुरन्त अधिसूचित की जाय और उसकी प्राप्ति की सूचना उनसे अविलम्ब प्राप्त कर ली जाय। उपर्युक्त प्राधिकारियों द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रत्याहरण की धनराशि नियम–24 के उप नियम (4) या उपनियम (5) के खंड (ख) के इनमें जो भी प्रयोज्य हो, अधीन अभिदाता को भुगतान की जाने वाली धनराशि के प्रति सम्यक रूप से समायोजित की जाय।

lyXud&19-1

(प्रोफार्मा–I)

(क) सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से vLFkkbZ vfxze के लिए आवेदन पत्र

1. अभिदाता का नाम..

2. खाता संख्या...

3. पदनाम..

4. वेतन...

5. प्रार्थना–पत्र देने की तिथि को अभिदाता के खाते में जमा धनराशि का विवरण

   (1) वर्ष..................................की लेखा पर्ची (एकाउन्ट स्लिप) के अनुसार जमा धनराशि............................

   (2) माह..........................से माह..........................तक अभिदान द्वारा जमा धनराशि

   (3) अग्रिम की वापसी (रिफण्ड ऑफ एडवान्स) द्वारा जमा.. ....

   (4) निष्कासित धनराशि का विवरणः–

      (क) अन्तिम निष्कासन...........माह/वर्ष ....से................माह/वर्ष तक...........

      (ख) अस्थाई अग्रिम माह वर्ष................से.......................माह वर्ष तक

   (5) शुद्व जमा धनराशि...

6. पूर्ववर्ती अग्रिम यदि शेष हो तो धनराशि और उस अग्रिम का प्रयोजन....................

7. अब माँगे जा रहे अग्रिम धनराशि ....

8. (क) इस अग्रिम का प्रयोजन...

   (ख) जिस नियमानुसार अनुमन्य है उसका संदर्भ..

9. समेकित अग्रिम की धनराशि (मद 6 7) तथा जितनी मासिक किस्तों में समेकित अग्रिम धनराशि की अदायगी की जानी है.

10. अभिदाता की आर्थिक स्थिति का पूरा विवरण जिससें प्रार्थना का औचित्य सिद्व हो सके.................................

दिनांक..................................

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

अनुभाग/विभाग

layXud&19-2

(प्रोफार्मा–II)

(ख) सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से vLFkkbZ vfxze स्वीकार किये जाने का फार्म

1. एतद्द्वारा श्री/श्रीमती/कुमारी..को उनके सा०भ०नि० खाता संख्या ....प्रयोजन के लिए खर्च की व्यवस्था करने हेतु...के अस्थाई अग्रिम कीस्वीकृति नियम संख्या...रुपये (शब्दों में) ....के अनुसार दी जाती है।

2. अग्रिम स्वीकृत......................................रुपये की............................मासिक किस्तों में वसूल किया जायेगा जिसकी पहली किस्त................................माह के वेतन जो ....माह में देय होगा, से प्रारम्भ होगी।

3. राजाज्ञा संख्या........................दिनांक..........................के अनुसार स्वीकृत तथा भुगतान किये गये..........................रुपये (शब्दों में).. ....के रकम की वसूली सभी बाकी है। यह शेष धनराशि और अब स्वीकृत की गई अग्रिम की धनराशि जिसका कुल योग...रुपये ....(शब्दों में) ....होता है कि वसूली .... रुपये की............................मासिक किस्तों में की जायेगी, जिसकी पहली किस्त....... ....माह के वेतन जो ....माह में देय होगा, से प्रारम्भ होगी।

4. श्री/श्रीमती/कुमारी... के खाते में दिनांक ....को जमा धनराशि का विवरण निम्न प्रकार हैः–

   (1) वर्ष................की लेखापर्ची के अनुसार जमा शेष ....रुपया

   (2) बाद में...

       (क) अभिदान के रूप में माह..................से ....तक ....रुपया

       (ख) पूर्व स्वीकृत अग्रिम की वसूली माह....................से........................तक.... ....रुपया

   (3) कालम (1) तथा (2) का योग..............................रुपया

   (4) निष्कासन यदि कोई हो, की धनराशि............रुपया

   (5) स्वीकृति की तिथि को शेष कालम (3) में से कालम (4) घटाकर................... ....रुपया

दिनांक..................................

हस्ताक्षर
स्वीकृति देने वाला अधिकारी
पदनाम व विभाग

l;yXud&19-3

(प्रोफार्मा–III)

(क) सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से vfUre fu"dklu के लिए आवेदन पत्र

कार्यालय का नाम..

1. अभिदाता का नाम..
2. खाता संख्या विभागीय प्रत्यक्ष सहित (With Department Prefix)...........................
3. पदनाम..
4. वेतन..
5. सेवा में आने की तिथि अधिवार्षिकी (Superannuation)...
6. प्रार्थना–पत्र देने की तिथि को अभिदाता के खाते में जमा धनराशि का विवरणः–

   (1) वर्ष...................................की लेखापर्ची (एकाउन्ट स्लिप) विभागीय लेजर के अनुसार..................... जमा धनराशि

   (2) माह.........................से...................तक अभिदान द्वारा जमा धनराशि.............

   (3) अग्रिम की वापसी (रिफण्ड ऑफ एडवान्स) द्वारा जमा................................. ....

   (4) निष्कासित धनराशि का विवरणः–

      (क) अन्तिम निष्कासन (फाइनल विदड्राल) माह/वर्ष..............से......... .....माह/वर्ष तक रु.

      (ख) अस्थाई अग्रिम (टेम्पोरेरी एडवान्स) माह/वर्ष.................से .... .माह/वर्ष तक रु........

7. अन्तिम निष्कासन (फाइनल विदड्राल) की...
8. (क) अन्तिम निष्कासन (फाइनल विदड्राल) का प्रयोजन..............................

   (ख) नियम/राजाज्ञा संख्या जिसके/जिनके अन्तर्गत की गई है।

9. क्या इसी प्रयोजन के लिए इससे पूर्व भी कोई अन्तिम प्रत्याहरण (फाइनल विदड्राल) लिया गया था, यदि हाँ तो धनराशि और वर्ष बतायें.................................. ....

दिनांक..

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम पद नाम

अनुभाग/विभाग

l;yXud&19-4

(प्रोफार्मा-IV)

(ख) सामान्य भविष्य निर्वाह निधि से अन्तिम निष्कासन (Final Withdrawal) स्वीकार किये जाने का फार्म

1. एतद्द्वारा श्री/श्रीमती/कुमारी को उनके सामान्य भविष्य निर्वाह निधि खाता संख्या ....से.................................प्रयोजन..................के व्यय वहन करने हेतु रुपये (शब्दों में)...का अन्तिम निष्कासन भविष्य निधि नियम 16/17 के अनुसार किया जाता है।

2. अन्तिम निष्कासन की धनराशि नियम–16 के निर्धारित की गयी सीमाओं से अधिक नहीं होगी। मूल नियम (फण्डामेन्टल रूल्स) में यथा परिभाषित अनका मूल वेतन.... ....रुपया है।

3. यह प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी........................ने दिनांक........ ....को अपनी सरकारी सेवा के ....वर्ष पूरे कर लिये है।– वर्ष में अधिवर्षता पर सेवानिवृत्त होंगे/होंगी।

4. दिनांक ....की तिथि के अनुसार श्री/श्रीमती/कुमारी के खाते में जमा अवशेष राशि का व्यौरा निम्न प्रकार हैः–

(1) वर्ष..............................की लेखापर्ची के अनुसार जमा अवशेष की धनराशि............ रुपया

(2) दिनांक ....से दिनांक..............................तक प्रतिमाह.............रुपये की दर से अभिदान (SUBSCRIPTION) ....रुपये

(3) दिनांक..................................से दिनांक ....तक प्रतिमाह...............रुपये की दर से अग्रिम की वसूली..रुपया

(4) मद (1) (2) तथा (3) का योग...

(5) बाद में स्वीकृत अन्तिम निष्कासन यदि कोई हो,.......................................रुपया स्वीकृति प्रदान करने की तिथि को अवशेष मद (4) में से मद (5) घटाइये रु.. ....

5. (क) वर्ष...........................की लेखापर्ची के पश्चात इस कार्यालय द्वारा श्री......... ....को पिछली बार आदेश संख्या................................दिनांक...................................द्वारा रुपये का अन्तिम निष्कासन स्वीकार किया गया था।

(ख) ज्ञात हुआ कि श्री......................................को (जैसा कि उन्होंने बताया है) .... (स्वीकृत कर्ता) द्वारा पिछली बार अंशतः अन्तिम निष्कासन के रूप में रुपया..........................स्वीकृति प्रदान की गई थी।

(सक्षम अधिकारी)

lyXud&20

<u>संख्याः सा–4–62/दस–96–604–82</u>

प्रेषक,

श्री पी०के० मिश्र,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–4 लखनऊः दिनांक 18 मार्च, 1996

विषयः– <u>ljdkjh lsodksa dh vodk'k ;k=k lqfo/kk dh LohÑfrA</u>

महोदय,

उपरोक्त विषय पर आपका ध्यान शासनादेश संख्याः सा–4–628/दस–604–82, दिनांक 1–4–82, संख्याः सा–4–1647/ दस–604/दस–82, दिनांक 30–9–82, संख्याः सा–42583/दस–82–604–82, दिनांक 20–12–82, संख्याः सा–4–572/दस–604–82, दिनांक 5–3–83 एवं संख्याः सा–4–1682/दस–85–604–82, दिनांक 9–10–85 की ओर आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि अवकाश यात्रा सुविधा की व्यवस्था की और अधिक उदार बनाने के दृष्टिकोण से राज्यपाल महोदय ने इस शासनादेश के अनुलग्नक के अनुसार इस विषय पर विस्तृत अनुदेश निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की है। उपर्युक्त संदर्भित पूर्व निर्गत शासनादेश तद्नुसार अतिक्रमित समझे जायेंगे।

2– संशोधित रूप में यह सुविधा इन आदेशों के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होगी।

भवदीय
ह०/–
पी०के० मिश्र,
सचिव।

संख्याः सा–4–62(1)/दस–96–604–82, तद्‌दिनाँक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, ऑडिट प्रथम तथा द्वितीय, उ०प्र०, इलाहाबाद।

2– महालेखाकार, लेखा प्रथम तिाा द्वितीय, उ०प्र०, इलाहाबाद।

3– सचिव, विधान सभा/विधान परिषद्, विधान भवन, लखनऊ।

4– प्रधानाचाय्र, वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण केन्द्र, लखनऊ।

5– सचिवालय के समस्त अनुभाग।

6– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग।

आज्ञा से,
ह०/–
शिव प्रकाश,
संयुक्त सचिव।

शासनादेश संख्याः सा–4–62(1)/दस–96–604–82 का अनुलग्नक

उत्तर प्रदेश सरकार के अधिकारियों तथा कर्मचारियों की अवकाश यात्रा सुविधा की स्वीकृति के सम्बन्ध में अनुदेश :–

1& vodk'k ;k=k l|fo/kk dk vfHkkÁk; %&

इस सुविधा के अन्तर्गत सरकारी सेवकों की अवकाश के दौरान भारत में स्थित किसी स्थान के भ्रमण हेतु जाने तथा वापस आने के सम्बन्ध में सरकारी सेवको तथा उनके परिवार के सदस्यों द्वारा की गई यात्राओं के लिए कतिपय शर्तों के अधीन यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति अनुमन्य होगी।

2& ik=rk dk {k= %&

अवकाश यात्रा सुविधा नियमित पूर्णकालिक सरकारी सेवकों को पांच वर्ष की निरन्तर सेवा पूर्ण करने के उपरान्त कलेण्डर वर्ष के आधार पर अनुमन्य होगी।

यह सुविधा ऐसे सरकारी सेवकों को भी अनुमन्य होगी, जो सार्वजनिक उपक्रमों में प्रतिनियुक्ति पर हैं परन्तु जो वरिष्ठ अधिकारी सार्वजनिक उपक्रमों के उपक्रमों के अध्यक्ष अथवा प्रबन्ध निदेशक के पदों पर जायेंगे, उन्हें यह सुविधा नहीं उपलब्ध होगी। प्रतिनियुक्ति पर गये कर्मचारियों को यह सुविधा उसी दशा में मिलेगी जब सम्बन्धित उपक्रम उसका पूरा व्यय वहन करने के लिए तैयार हो। यह सुविधा निम्नांकित को अनुमन्य नहीं होगी :–

(1) ऐसे सरकारी सेवक जो राज्य सरकारी पूर्णकालिक सेवा में नहीं हैं।

(2) ऐसे सरकारी सेवक जिनक वेतन/भत्तों का भुगतान आकस्मिक व्यय (कान्टिजेन्सीज) से किया जाता है।

(3) वर्कचार्जड कर्मचारी।

(4) ऐसी सरकारी सेवक जिन्हें राज्य सरकार के नियमों से भिन्न किन्हीं अन्य नियमों के अन्तर्गत पहले से ही अवकाश यात्रा सुविधा अथवा इसी प्रकृति की कोई अन्य सुविधा ग्राह्य है।

3& lqfo/kk dh vko`fRr %&

यह सुविधा प्रत्येक 10 वर्ष की सेवा अवधि में एक बार अनुमन्य होगी। इप्रकार 5 वर्ष से 10 वर्ष की सेवावधि में प्रथम बार, 11 से 20 वर्ष की सेवावधि में दूसरी बार, 21 वर्ष से 30 वर्ष की सेवावधि में तीसरी बार तथा 30 से अधिक सेवा होने की स्थिति में चौथी बार अनुमन्य होगी। प्रतिबन्ध यह भी है कि पूर्व में अवकाश यात्रा सुविधा के आधार पर कोई अतिरिक्त अनुमन्यता देय नहीं होगी।

4& ifjokj dY;k.k dk;Øe ds vUrxZr xzhudkMZ ¼ifjp;&i=½ /kkjdksa dks ,d vfrfjDr vodk'k ;k=k lqfo/kk dh vuqeU;rk %&

ग्रीनकार्ड धारकों को उनके सम्पूर्ण सेवाकाल में एक अतिरिक्त अवकाश यात्रा सुविधा अनुमन्य होगी। ग्रीनकार्ड धारक अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति उक्त सुविधा सामान्य नियमों के अन्तर्गत प्राप्त कर सकते हैं। ग्रीन कार्ड के आधार पर अतिरिक्त सुविधा वह किसी भी एक अवसर पर अवकाश यात्रा सुविधा प्राप्त करने के चार वर्ष पश्चात् किसी भी समय किन्तु केवल एक बार सुविधानुसार उपभोग कर सकते हैं।

5& ojh;rk rFkk 20 Áfr'kr dk ÁfrcU/k %&

यह सुविधा ज्येष्ठता के आधार पर प्रदान की जायेगी अर्थात् ज्येष्ठ सरकारी सेवक को यह सुविधा पहले अनुमन्य होगी और उससे कनिष्ठ सरकारी सेवक को यह सुविधा उसके बाद ग्राह्य होगी।

किसी कैलेन्डर वर्ष में सरकारी सेवकों के किसी संवर्ग विशेष में इस सुविधा के लिये पात्र सरकारी सेवकों में से 20% से अधिक सरकारी सेवकों को यह सुविधा स्वीकृत नहीं की जायेगी, जिसे संवर्ग विशेष के नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

6& vf/kdre nwjh %&

अवकाश यात्रा सुविधा भारत वर्ष में किसी भी स्थान पर आने–जाने के लिये न्यूनतम दूरी वाले रास्ते के आधार पर अनुमन्य होगी। गन्तव्य स्थान पर जाते समय अथवा वापसी में सरकारी सेवक तथा उसके परिवार द्वारा रास्ते में एक अथवा उससे अधिक स्थानों पर रुकने अथवा अवस्थान किये जाने में आपत्ति नहीं होगी परन्तु उसे किराया निर्धारित दूरी के लिये सीधे टिकट के आधार पर ही अनुमन्य होगा।

7& ifjokj dh ifjHkk"kk %&

यह सुविधा सम्बन्धित सरकारी सेवक की सम्मिलित करे हुए परिवार के केवल चार सदस्यों तक ही सीमित रहेगी। इस सुविधा के प्रयोजनों के लिये परिवार की वही परिभाषा मान्य होगी जो वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–3 के नियम–6 में स्थानान्तरण के सम्बन्ध में दी गयी है, जिसका उद्धरण निम्न प्रकार है:

Family means a government servant's wife or husband, as the case may be, legitimate children and step-children residing with and wholly dependent upon the government servant and it includes in addition, parents, sisters and minor brothers, if residing with and wholly dependent upon the, government servant, but does not include more than one wife for the purpose of these rules.

NOTES-(1) An adopted child shall be considered to be a legitimate child if, under the personal law of the government servant, adoption is legally recognized as conferring on it the status of a natural child.

(2) A government servant's legitimate daughters, step-daughters and sisters whose gauna or rukhsat has been performed, shall not be regarded as wholly dependent upon the government servant.

8& vodk'k dh ÁÑfr ,oa udnhdj.k dh vuqeU;rk :–

इस सुविधा का उपभोग करने के लिए कर्मचारी द्वारा न्यूनतम 15 दिन का उपार्जित अवकाश का उपभोग करना अनिवार्य होगा। जिस कैलेण्डर वर्ष में इस सुविधा का उपभोग कर्मचारी द्वारा किया जायेगा उस कैलेण्डर वर्ष में उसे अर्जित अवकाश का नकदीकरण आधी अवधि के लिये अर्थात् यथास्थिति 15 दिन अथवा 8 दिन के लिए अनुमन्य होगा। नकदीकरण की राशि का आगणन निम्न सूत्र के अनुसार किया जायेगा–

<u>अभ्यर्पण के दिनांक की अनुशेय वेतन एवं भत्ते</u> X अभ्यर्पित दिनों की संख्या

30

9& ljdkjh lsod rFkk mlds ifjokj ds lnL;ksa ds fy;s vf/kÑr Js.kh%&

सरकारी सेवक तथा उसके परिवार के सदस्यों की रेल की उस श्रेणी में यात्रा की सुविधा अनुमन्य होगी, जिसके लिए सरकारी सेवक यात्रा भत्ता नियमों के अधीन दौरे पर यात्रा करने के लिये सामान्यतः अधिकृत है।

10& okrkuqdwfyr dksp rFkk ok;q;ku ls ;k=k :–

इस सुविधा के अन्तर्गत रेल के वातानुकूलित कोच अथवा वायुयान से यात्रा नहीं की जा सकेगी।

11& mPprj@fuEurj Js.kh esa ;k=k :–

यदि रेल यात्रा अधिकृत श्रेणी से उच्चतर श्रेणी में की गयी है, तो सरकारी

सेवक को अधिकृत श्रेणी का किराया अनुमन्य होग। यदि यात्रा अधिकृत श्रेणी से निम्नतर श्रेणी में की जाती है, तो उस स्थिति में रेल की निम्नतर श्रेणी का वास्तविक किराया अनुमन्य होगा।

12& vkuq"kafxd HkRrk rFkk nSfud HkRrk oftZr :–

इस सुविधा के अन्तर्गत यात्रा पर कोई आनुषंगिक भत्ता तथा दैनिक भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

13& jsyekxZ ls lEc) LFkkuksa ds chp lM+d ;k=k :–

रेल मार्ग से जुड़े स्थानों के बीच सड़क से यात्रा करने पर सरकारी सेवक को रेल की अधिकृत श्रेणी का किराया (यदि यात्रा वास्तव में रेल से की गई होती) अथवा सरकारी सेवक द्वारा सड़क यात्रा पर किया गया वास्तविक व्यय, इन दोनों में जो भी कम हो, ग्राह्य होगा।

14& ,sls LFkkuksa ds chp ;k=k tks jsy ekxZ ls lEc) ugha gS :–

ऐसे स्थान जो कि रेल मार्ग से सम्बद्ध नहीं है, यदि सरकारी सेवक द्वारा उन स्थानों की यात्रा स्टीमर अथवा जलयान/बस द्वारा की जाती हे तो ऐसी स्थिति में उक्त यात्रा हेतु रेल की प्रथम श्रेणी के लिए अधिकृत सरकारी सेवकों को स्टीमर अथवा जलयान के प्रथम श्रेणी/केबिन/डीलक्स बस कोच का किराया अनुमन्य होगा तथा अन्य कर्मचारियों को स्टीमर अथवा जलयान/बस की साधारण श्रेणी का किराया अनुमन्य होगा।

15& pkVZMZ cl vFkok Lis'ky jsyxkM+h ls ;k=k :–

यदि यात्रा चार्टर्ड बस अथवा स्पेशल यात्रा रेलगाड़ी से की जाती है, तो सरकारी सेवक तथा उसके परिवार के सदस्यों को रेल की अधिकृत श्रेणी का किराया (यदि यात्रा वास्तव में रेल द्वारा की गयी होती) अथवा चार्टर्ड बस अथवा स्पेशल यात्रा रेलगाड़ी का किराया, इन दोनों में जो भी कम हो, ग्राह्य होगा।

16& lM+d ehy HkRrk oftZr :–

इस सुविधा के अन्तर्गत सड़क यात्राओं के लिए सड़क मील भत्ता अनुमन्य नहीं होगा।

17& ;fn ifr@iRuh nksuksa ljdkjh lsod gksa :–

यदि पति तथा पत्नी दोनों ही सरकारी सेवक हों तथा पति और पत्नी दोनों को उक्त सुविधा अनुमन्य हो तो उस स्थिति में यह सुविधा पति अथवा पत्नी में से किसी एक को ग्राह्य होगी।

18& nkos dk O;ixr gks tkuk %&

यदि सरकारी सेवक इस सुविधा के सम्बन्ध में अपना दावा वास्तविक यात्रा के एक वर्ष के अन्दर प्रस्तुत नहीं करता है, तो उसका दावा व्यपगत हो जायेगा।

19& vfxze dh LohÑfr :–

(1) इस सुविधा का उपभोग करने के लिए राजकीय सेवकों को अग्रिम स्वीकृत किया जा सकता है। अग्रिम की अधिकतम धनराशि दोनों ओर की यात्रा के लिए व्यय की अनुमानित धनराशि जिसकी राज्य सरकार को प्रतिपूर्ति करनी होगी, के 4/5 भाग तक सीमित होगी।

(2) अग्रिम दोनों ओर यात्रा के लिए यात्रा प्रारम्भ करने के पूर्व इस प्रतिबन्ध के साथ आहरित किया जा सकता है कि राजकीय सेवक द्वारा लिये गये अवकाश की अवधि 3 माह या 90 दिन से अधिक न हो। यदि अवकाश की अवधि तीन माह या 90 दिन से अधिक होगी तो केवल गन्तव्य स्थान तक जाने के लिएही अग्रिम आहरित किया जा सकेगा।

(3) यदि अवकाश की अवधि तीन माह या 90 दिन से अधिक हो जाती है और अग्रिम दोनों ओर की यात्रा के लिए पहले ही आहरित किया जा चुका है तो सरकारी सेवक को आधी धनराशि तत्काल वापस करनी होगी।

(4) अस्थायी राजकीय सेवकों की अग्रिम एक स्थायी राजकीय सेवक की जमानत देने पर स्वीकृत किया जकेगा।

(5) अग्रिम कार्यालयाध्यक्ष द्वारा स्वीकृत किया जायेगा।

(6) अग्रिम की स्वीकृति से 30 दिन के अन्दर यदि यात्रा प्रारम्भ नहीं की जाती है तो अग्रिम की पूर्ण धनराशि एकमुश्त वापस की जायेगी।

(7) आहरित अग्रिम के समायोजन हेतु राजकीय सेवक द्वारा अपना दावा वापसी यात्रा पूर्ण होने के एक माह के अन्दर प्रस्तुत किया जायेगा और चालू वित्तीय वर्ष के अन्दर इसका समायोजन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) इस योजना के अन्तर्गत आहरित अग्रिम का लेख यात्रा पूर्ण होने के बाद उसी प्रकार प्रस्तुत किया जायेगा जिस प्रकार से राजकीय सेवक द्वारा सरकारी कार्य से यात्रा के लिए आहरित अग्रिम के सम्बन्ध में प्रस्तुत किया जाता है।

20&nkok ÁLrqr djus dh fof/k&

इस सुविधा के सम्बध में दावे की प्रतिपूर्ति का बिल यात्रा भत्ता बिल के प्रपत्र पर प्रस्तुत किया जायेगा ओर बिल के शीर्ष पर ''अवकाश यात्रा सुविधा'' अंकित कर दिया जायेगा तथा सरकारी सेवक द्वारा इस आशय का सामान्य प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जायगा कि उसके द्वारा वास्तव में यात्रायें पूर्ण कर ली गयी है। और यात्रायें उस श्रेणी से निम्नतर श्रेणी में नहीं की गयी है जिसके लिये प्रतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत किया गया है।

21&lqfo/kk dk vfHkys[k–

सरकारी सेवकों द्वारा इस सुविधा का उपभोग किये जाने पर उनकी सेवा पुस्तिका/सेवा पंजिका में इस आशय की एक प्रविष्टि अंकित कर दी जानी चाहिए कि

उनके द्वारा सुविधा का उपभोग कब किया गया है। सेवा पुस्तिका/सेवा पंजी को रख–रखाव के लिए उत्तरदायी प्राधिकारी द्वारा यह कार्य सम्पादित किया जायेगा।

22&vfuok;l lk{;%–

सरकारी सेवक द्वारा यात्रा करने से पूर्व अपने नियंत्रण अधिकारी को उसकी पूर्व सूचना दी जानी चाहिये सरकारी सेवक द्वारा यात्रा वास्तव में सम्पादित किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक प्रमाण जैसे टिकट नम्बर आदि प्रस्तुत किये जाने चाहिए। उपयुक्त मामलों में गुणवत्ता के आधार पर नियंत्रण अधिकारी द्वारा यात्रा की पूर्व सूचना दिये जाने तथा टिकट नम्बर आदि प्रस्तुत किये जाने से छूट प्रदान की जा सकती है यदि नियंत्रक अधिकारी दावे की वास्तविकता तथा उसके औचित्य से एवं यात्रा वास्तविक रूप से किये जाने तक तथ्य से अन्यथा पूर्ण रूपेण संतुष्ट हों।

23&xUrO; LFkku dh iol ?kk"k.kk%&

इस सुविधा के अन्तर्गत गन्तव्य स्थान की घोषणा पहले से की जानी चाहिये। यदि बाद में पूर्व घोषित गन्तव्य स्थान से भिन्न किसी स्थान के भ्रमण हेतु सरकारी सेवक द्वारा निश्चय किया जाता है तो आवश्यक परिवर्तन नियत्रंक अधिकारी की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है।

24&fu;=d vf/kdkjh%&

इस सुविधा के सम्बन्ध में नियंत्रक अधिकरी का तात्पर्य उस प्राधिकारी से है जो यात्रा भत्ता नियमों के अन्तर्गत सम्बन्धित सरकारी सेवक के यात्रा भत्ता बिलों के सम्बन्ध में नियंत्रक अधिकारी घोषित है।

25&fu/kkfjr Áek.k&i=%&

यह सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से कि अवकाश यात्रा की समस्त शर्तें संतुष्ट हो गयी है, सरकारी सेवक तथा नियंत्रक अधिकारी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण–पत्र अवकाश यात्रा सुविधा के बिल के साथ प्रस्तुत किये जाने चाहियें।

(क) सरकारी सेवक द्वारा दिये जाने वाले प्रमाण–पत्रः–

(1) प्रमाणित किया जाता है कि मैने तथा मेरे परिवार के सदस्यों ने पूर्व घोषित स्थान की यात्रा वास्तव में कर ली है, और रेल की उस श्रेणी से निम्नतर श्रेणी में यात्रा नहीं की है जिसके किराये की प्रतिपूर्ति का दावा प्रस्तुत किया जा रहा है।

(2) प्रमाणित किया जाता है कि मैंने अवकाश यात्रा सुविधा के सम्बन्ध में इससे पूर्व अपने तथा अपने परिवार के सम्बन्ध में कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया है।

(3) मेरी पत्नी/मेरे पति सरकारी सेवा में कार्यरत नहीं है/कार्यरत है और उन्होंने स्वयं अपने तथा अपने परिवार के लिये पृथक से अवकाश यात्रा

सुविधा का उपभोग नहीं किया है।

(4) प्रमाणित किया जाता है कि मेरी पत्नी/मेरे पति, जिसके लिए अवकाश यात्रा सुविधा का दावा प्रस्तुत किया जा रहा है——————————————————————(भारत सरकार/ अन्य राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अण्डर ट्रेनिंग/नियम/स्वशासी संस्था आदि का नाम) में कार्यरत है जहां अवकाश यात्रा की सुविधा अनुमन्य है परन्तु उनके द्वारा अपने सेवायोजक की इस सम्बन्ध में न तो कोई दावा प्रस्तुत किया गया है और न प्रस्तुत किया जायेगा।

सरकारी सेवक के हस्ताक्षर एवं पदनाम

(ख) नियंत्रक अधिकरी द्वारा दिये जाने वाले प्रमाण—पत्र—

(1) प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमति/कु०——————————————————————ने अवकाश यात्रा सुविधा के अन्तर्गत बहिर्गामी यात्रा आरम्भ करने की तिथि की राज्य सरकार के अधीन 5 वर्ष या उससे अधिक की अनवरत सेवा पूर्ण कर ली है।

(2) प्रमाणित किया जाता है कि अवकाश यात्रा सुविधा के सम्बन्ध में आवश्यक प्रविष्टियां श्री/श्रीमति/कु०—————————————————————— की सेवा पुस्तिका/पंजी में कर दी गयी है।

नियंत्रक अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदनाम

126—लेखा शीर्षकः—

अवकाश यात्रा सुविधा पर होने वाला व्यय (देय अग्रिम सहित) मानक मद ''वेतन'' के नामे डाला जायगा।

पी०एस०यू०पी०——ए०पी० 179 सा० वित्त—35—3—96—(4027)—1990—15,000(मेक०)।

layXud&20-1

<u>अवकाश यात्रा सुविधा हेतु आवेदन–पत्र</u>

1. आवेदक का नाम..
2. पद नाम...
3. विभाग / कार्यालय..
4. मूल वेतन (जो इस समय मिल रहा हो)..
5. स्थाई / अस्थाई (पदनाम सहित)...
6. सेवा प्रारम्भ करने का दिनांक..
7. इससे पूर्व उपभोग की गई अवकाश यात्रा सुविधा का पूर्ण विवरण, यदि कोई हो (आदेश सं० व दिनांक).
8. (1) वर्तमान कैलेण्डर वर्ष में 30 / 15 / 8 दिन का नकदीकरण का उपभोग कर लिया गया है / करेंगे / नहीं करेंगे

   (2) यदि हाँ तो कि अवधि का..
9. ग्रीन कार्ड धारक होने होने की दशा में:–

   (1) क्या वर्तमान आवेदित सुविधा अतिरिक्त अवकाश यात्रा सुविधा के रूप में चाहते हैं / चाहती हैं हाँ / नहीं...

   (2) यदि हाँ तो कृपया ग्रीन कार्ड का प्रमाण–पत्र संलग्न करें
10. प्रस्तावित यात्रा का पूर्ण विवरण:–

    (1) मुख्यायल से......................................तक जाने तथा........................से मुख्यालय वापस

    (2) दिनांक...........................से.......................................तक की अवधि हेतु
11. प्रस्तावित यात्रा में जाने वाले परिवार के सदस्यों का विवरण:–

क्रमांक	नाम	सम्बन्ध	आयु विवाहित / अविवाहित किसी सेवा में हो तो पूर्ण विवरण
1			
2			

12. गन्तव्य स्थान का नाम जहाँ यात्रा की जानी है

    (1) दूरी कि०मी० में (आना–जाना)...

(2) किराया समस्त सदस्यों सहित (आना–जाना)..

(3) यात्रा हेतु आवेदित अग्रिम की धनराशि ....

13. प्रस्तावित यात्रा के लिए अर्जित अवकाश हेतु आवेदन करने की तिथि.....................
....

14. पति/पत्नी दोनों सरकारी सेवक होने अथवा दोनों को अवकाश यात्रा सुविधा अनुमन्य होने की दशा में:–

(क) पति/पत्नी का नाम..

(ख) पदनाम..

(ग) कार्यालय/विभाग का नाम..

(घ) अवकाश यात्रा सुविधा हेतु विकल्प..

(ङ) पति/पत्नी द्वारा पूर्व में लिए गये अवकाश यात्रा सुविधा का आदेश संख्या व दिनांक.....................

(च) यदि सुविधा नहीं ली गयी हो तो सम्बन्धित कार्यालय/विभाग का प्रमाण–पत्र..............................

15. अस्थाई कर्मचारी को जमानत देने वाले कर्मचारी के:–

(1) हस्ताक्षर.....................

(2) नाम.........................

(3) पदनाम तथा विभाग..........................

?kk"k.kk i=

1. उपरोक्त सूचनायें मेरी जानकारी में सत्य है।

2. प्रमाणित किया जाता है कि मैंने अवकाश यात्रा सुविधा के सम्बन्ध में इससे पूर्व इस ब्लाक अवधि में अपने तथा अपने परिवार के सम्बन्ध में कोई दावा प्रस्तुत नहीं किया गया है।

3. मेरा परिवार जिसके लिए उपरोक्त सुविधा स्वीकृत किये जाने हेतु आवेदन किया गया है, पूर्ण रूप से मेरे ऊपर आश्रित है।

4. मेरी पत्नी/मेरे पति सरकारी सेवा में कार्यरत नहीं हैं/कार्यरत हैं और उन्होंने स्वयं अपने तथा परिवार के लिए इस ब्लाक अवधि में पृथक से अवकाश यात्रा सुविधा का उपभोग नहीं किया हैं और न ही करेंगी/करेंगे (कार्यरत होने की दशा में आवश्यक प्रमाण–पत्र सहित)

5. प्रमाणित किया जाता है कि मेरी पत्नी/मेरे पति जिसके लिए अवकाश यात्रा

सुविधा का आवेदन–पत्र प्रस्तुत किया जा रहा है (भारत सरकार/राज्य सरकार/पब्लिक सेक्टर अण्डर टेकिंग/निगम/स्वशासी संस्था आदि का नाम) में कार्यरत हैं जहाँ अवकाश यात्रा सुविधा अनुमन्य है, परन्तु उनके द्वारा इस ब्लाक अवधि में अपने सेवायोजक को इस सम्बन्ध में न तो कोई दावा प्रस्तुत किया है और न प्रस्तुत किया जायेगा। (आवश्यक प्रमाण पत्र संलग्न है)

अग्रसारण अधिकारी की अभ्युक्ति/संस्तुति	आवेदक के हस्ताक्षर
दिनांक	नाम तथा पदनाम

lyXud&21

mRrj Án'k ljdkjh lod ¼fpfdRlk ifjp;k½ fu;ekoyh 2011

उत्तर प्रदेश सरकार

चिकित्सा अनुभाग–6

संख्याः2275 / 5–6–11–1082 / 87

लखनऊःदिनांकः20 सितम्बर, 2011

<u>अभिसूचना</u>

प्रकीर्ण

संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके और इस विषय पर विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिकरण करके राज्यपाल निम्नलिखित नियमावली बनाते हैः–

Hkkx&,d

lkekU;

1-	(1)	यह नियमावली उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली 2011 कहीं जायेगी।	lf{kIr uke vkj ÁkjEHk
	(2)	यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।	
2-		यह नियमावली निम्नलिखित पर लागू होगीः–	Á;kT;rk
	(क)	सभी सरकारी सेवक, जबकि वे कार्य पर हों या अवकाश पर हों या निलम्बन के अधीन हो और उनके परिवार।	
	(ख)	सेवानिवृत्त सरकारी सेवक और उनके परिवार और मृत सरकारी सेवकों के मामले में उनके परिवार के ऐसे सदस्यों, जो परिवारिक पेंशन के लिए पात्र हो।	
3-		जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो, इस नियमावली में :–	ifjHkk"kk,a
	(क)	'' प्राधिकृत चिकित्सक परिचारक'' का तात्पर्य किसी सरकारी चिकित्सालय के ऐसे चिकित्सा अधिकारियों या विशेषज्ञों से या संदर्भकर्ता संस्थाओं के ऐसे प्रावक्ताओं, उपाचार्यो, आचार्यो या अन्य विशेषज्ञों से	

है, जो किसी लाभार्थी को चिकित्सा परिचर्या और उपचार कराने के लिए सरकार के सामान्य या विशेष आदेश द्वारा प्रतिनियुक्त हों,

(ख) '' लाभार्थी'' का तात्पर्य सरकारी सेवक और उनके परिवार, सेवानिवृत्त सरकारी सेवक और उनके परिवार और मृत सरकारी सेवकों के मामले में उनके परिवार के ऐसे सदस्यों से है, जो परिवारिक पेंशन के लिए पात्र हो,

(ग) ''परिषद '' का तात्पर्य यथाविहित कृत्यों के निर्वाहन हेतु सरकार द्वारा जिला, मण्डल और राज्य स्तर पर गठित चिकित्सा परिषद से है,

(घ) ''निदेशक'' का तात्पर्य निदेशक, (चिकित्सा परिचर्या) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ०प्र० से है,

(ङ) ''महानिदेशक'' का तात्पर्य महानिदेशक, चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश से है,

(च) ''परिवार का तात्पर्य'':–

(एक) सेवा के सदस्य का, यथास्थिति, पति या पत्नी और

(दो) माता–पिता, बच्चे, सौतेले बच्चे, अविवाहित/तलाकसुदा/परिव्यक्त पुत्री, अविवाहित/तलाकशुदा/परिव्यक्त बहने, अवयस्यक भाई, सौतेली माता,

(छ) ''सरकार का तात्पर्य'' उत्तर प्रदेश की राज्य सरकार से है,

(ज) '' राज्यपाल'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से है,

(झ) ''सरकारी चिकित्सालय'' का तात्पर्य या तो राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा चलायें जा रहें, या किसी चिकित्सा महाविद्यालय से सहबद्ध चिकित्सालय से है,

(त्र) ''सरकारी सेवक'' का तात्पर्य फाइनेन्शियल हैण्ड

बुक में यथा परिभाषित ऐसे पूर्णकालिक सरकारी सेवकों, जिसमें अखिल भारतीय सेवा के सदस्य भी है, से है जिनका वेतन राज्य के राजस्व से वहन किया जाता है, किन्तु इसमें अंशकालिक कर्मचारी, मौसमी/संविदागत कर्मकार या दैनिक मजदूरी पर लगे कर्मकार सम्मिलित नहीं है,

(ट) ''चिकित्सालय'' का तात्पर्य ऐलोपैथिक या होम्योपैथी चिकित्सालय या भारतीय चिकित्सालय पद्धति की डिस्पेंसरी या स्वास्थ्य जाँच और चिकित्सीय अन्वेषण हेतु प्रयोगशाला एवं केन्द्र से है,

(ठ) ''चिकित्सा परिचर्या'' का तात्पर्य रोग निदान और उपचार के प्रयोज्यनार्थ ऐसे चिकित्सीय पर्रामश और परीक्षण एवं अन्वेषण की विधियों से है जो उपचारी चिकित्सक द्वारा आवश्यक समझी जाए,

(ड) ''चिकित्सा महाविद्यालय'' का तात्पर्य सरकार के प्रशासकीय नियंत्रण के अधीन किसी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सा महाविद्यालय से है,

(ढ) ''सेवानिवृत्त सरकारी सेवक'' का तात्पर्य किसी सरकारी सेवक से है, जो सेवा से सेवानिवृत्त हो गया हो और सरकार से पेंशन आहरित कर रहा हो। तथापि, इसमें वे सरकारी सेवक सम्मलित नहीं है, जो राज्य सरकार की सेवा छोड़ने के पश्चात किसी स्वशासी संस्था/उपक्रम/निगम आदि में आमेलित हो गये हों,

(ण) ''संदर्भित करने वाली संस्था'' का तात्पर्य सभी राज्यकीय चिकित्सालय महाविद्यालय, छत्रपति साहूजी महराज चिकित्सा विश्वविद्यालय (सी०एस०एम०एम०यू०) लखनऊ, संजय गाँधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (एस०जी०पी०जी०आई०एम०एस०), लखनऊ, डा० राम मनोहर लोहिया आयुविज्ञान संस्थान, लखनऊ, ग्रामीण आयुविज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, सैफई, इटावा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइन्स, वाराणसी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय) जवाहर लाल नेहरू

चिकित्सा महाविद्यालय, (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय), अलीगढ़ और सरकार द्वारा इस रूप में अधिसूचित किसी अन्य संस्था से है,

(त) ''राज्य'' का तात्पर्य उत्तर प्रदेश राज्य से है,

(थ) ''उपचारिक चिकित्सक'' का तात्पर्य आयुविज्ञान की किसी पद्धति के यथाविहित अर्हतायुक्त चिकित्सक से है, जो लाभार्थी का वास्तव में उपचार करता है।

(द) ''उपचार'' का तात्पर्य सभी उपभोग्य कन्ज्यूमेवल एवं उपभोग पश्चात् त्याज्य डिस्पोजेबल, चिकित्सीय एवं शल्य सुविधाओं के उपभोग और परीक्षण की विधियों और निदान के प्रयोज्यनार्थ अन्वेषण से है और इसमें अंग प्रत्यारोपण, औषधियाँ, सेरा, वैक्सीन, अन्य थेराप्यूटिक सामग्रियों की आपूर्ति, विहित जीवन रक्षक प्रक्रियाएँ या चिकित्सालय में भर्ती होना और देख–रेख भी सम्मिलित है।

Hkkx&nks

ljdkjh fpfdRlky;k vkj fpfdRlk egkfo|ky;k@l:t; xk/kh LukrdkRrj vk;fofoKku lLFkku@N=ifr lkgth egjkt fpfdRlk egkfo|ky; e mipkj

4- समस्त लाभार्थी किसी सरकारी चिकित्सालय या चिकित्सा महाविद्यालय में निःशुल्क चिकित्सा परिचर्या और उपचार पाने के हकदार होंगे। सामान्यतया यह सुविधा लाभार्थी के निवास या तैनाती के स्थान पर उपलब्ध करायी जायेगी। चिकित्सा परिचर्या और उपचार के लिए पंजीकरण फीस और अन्य विहित फीस सरकार द्वारा पूर्णतया प्रतिपूरित की जायेगी। आपात मामलों में, यदि परिस्थितियों की अपेक्षा हो तो, एम्बुलेंश भी निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। fu'kYd fpfdRlk lokvk dh gdnkjh

5- किसी सरकारी चिकित्सालय या चिकित्सा महाविद्यालय में चिकित्सा परिचर्या और उपचार के लिए प्राधिकृत चिकित्सा परिचारक से किसी संदर्भ की आवश्यकता न होगी। lnHk vif{kr u gkuk

6- (क) किसी लाभार्थी को निःशुल्क चिकित्सा उपचार तभी उपलब्ध होगा जब उसके द्वारा संलग्नक–''क'' में दिये गये प्रारूप पर कार्यालयाध्यक्ष के हस्ताक्षर एवं मोहर से निर्गत एवं संख्यांकित स्वास्थ्य पत्र के माध्यम से अपनी पहचान का LokLF; i= d ek/;e l igpku

प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जायेगा। इस पत्र पर लगे फोटो पर कार्यालय की मोहर इस प्रकार लगाई जायेगी कि फोटो और पत्र दोनों पर मोहर आंशिक रूप से लगी हो।

परन्तु, किसी पेंशन भोगी व्यक्ति के लिए उसका पदनाम, तैनाती का स्थान, मूल वेतन और मूल वेतनमान, उसकी सेवानिवृत्त/मृत्यु के पूर्व उसकी अंतिम तैनाती के अनुसार हो, किन्तु स्वास्थ्य कार्ड उसके द्वारा पेंशन आहरित किये जाने के स्थान पर स्थित उसके सेवा के विभाग के कार्यालयाध्यक्ष द्वारा निर्गत किया जायेगा।

(ख) स्वास्थ्य पत्र में अपेक्षित किसी विवरण का ना होना उसे अविधिमान्य बना देगा। यद्यपि यदि परिवार के किन्हीं सदस्यों के बारे में कोई विवरण छुटा हो तो केवल वहीं सदस्य अपात्र होंगे और वह पत्र शेष लाभार्थियों के लिए विधिमान्य होगा।

7- (क) किसी सरकारी चिकित्सालय या चिकित्सा महाविद्यालय में अंतरंग उपचार के मामले में सभी लाभार्थियों को निम्नलिखित वास सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जायेगीः– okl lfo/kk

क्रमाँक	मूल वेतन ग्रेड वेतन	वार्ड जिनके लिए लाभार्थी हकदार होगा
1.	रु. 19000/– या अधिक	निजी या विशेष कार्ड
2.	रु. 13000/– से अधिक और रु. 19000/– से कम	सशुल्क वार्ड
3.	रु. 13000/– या कम	सामान्य वार्ड

परन्तु किसी पेंशनभोगी द्वारा आहरित अंतिम मूलवेतन को हकदारी के अवधारण के लिए मूलवेतन माना जायेगा यद्यपि कोई पेंशनभोगी ऐसी सेवाओं से अनिम्नतर सेवाओं के लिए हकदार होगा जो कि वह अपनी सेवानिवृत्त से ठीक पूर्व पाता रहाः–

परन्तु अग्रतर यह भी कि किसी लाभार्थी के अनुरोध पर उसकी वास्तविक हकदारी से वेहतर वास सुविधायें उपलब्ध करायें जाने की दशा में उसको अतिरिक्त व्यय स्वयं वहन करना होगा।

(ख) चिकित्सा अवधि में रोगी को आहर शुल्क अनुमन्य होगा किन्तु यह संबंधित सरकारी चिकित्सालय में तत्समय प्रयोज्य शुल्क से अधिक नहीं होगा।

vU; lkrk l vk"kf/k;k vkfn dh vkifr

1	रु. 3049 तक	300/-

2	रु. 3050 से 5999 तक	400 / –
3	रु. 6000 से अधिक	500 / –

2– उक्त के अतिरिक्त शारीरिक रुप से अक्षम बच्चों के राजकीय विद्यालय, मूक तथा बधिर राजकीय विद्यालय तथा राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालयों के शारीरिक रूप से अक्षम कोटि के प्रधानाध्यापकों / प्रधानाध्यापिकाओं तथा अध्यापकों / अध्यापिकाओं को उक्त शासनादेश संख्याः 916 / 65–1–2000, दिनांक 19 जून 2000 के अर्न्तगत अनुमन्य वाहन भत्ता को निम्नवत पुनरीक्षित किये जाने की भी राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

क्र०सं०	पदनाम	वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की पुनरीक्षित दर (रुपये प्रतिमाह)
1	प्रधानाध्यापक / प्रधानाध्यापिका	500 / –
2	अध्यापक / अध्यापिका	400 / –

3– उपरोक्तानुसार वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की दरों में पुनरीक्षण के फलस्वरुप जो अतिरिक्त व्ययभार बढ़ेगा, उसे सम्बन्धित विभाग अपने–अपने आय–व्ययक से सम्बन्धित लेखाशीर्षक / प्राथमिक इकाई में तद्नुसार व्यवस्था कराकर वहन करेंगें।

4– उक्तानुसार वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते को पुनरीक्षित करें। इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होगी।

5– यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्याःसा(2)517 / दस–2008, दिनांकः 08–5–2008 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,
ह० / –
(बी०एम०मीना)
प्रमुख सचिव।

संख्याः 137 / 65–1–2008–380 / 96 तद् दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार लेखा(प्रथम) / आडिट प्रथम, उ०प्र०, इलाहाबाद।

2– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०, लखनऊ।

3– श्री राज्यपाल के सचिव।

4– सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

5— रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ।

6— समस्त कोषागार, उत्तर प्रदेश।

7— ब्यूरो ऑफ पब्लिक इण्टरप्राइजेज विभाग।

8— वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग—1/2, वित्त व्यय—नियंत्रक अनुभाग—3, वित्त सामान्य अनुभाग—4 एवं वित्त (पद मापदण्ड निर्धारण अनुभाग(दो प्रतियों में)।

9— सार्वजनिक उद्यम विभाग।

10— निदेशक, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में आवश्यक कार्यवाही हेतु।

11— गार्डफाइल।

आज्ञा से,

ह०/—

(अवधेश कुमार पाण्डेय)

अनु सचिव।

l;yXud&23-1

संख्याः 916(1)/65—1—2000

प्रेषक,

Jh u;r jke]

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालाध्यक्ष,

उत्तर प्रदेश।

समस्त मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारी,

उत्तर प्रदेश।

विकलांग कल्याण अनुभाग—1 लखनऊः दिनांकः 19, जून, 2000

विषयः वेतन समिति (1997—99) की संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार उ०प्र० सरकार के अधीन विभिन्न विभागों में नियुक्त विकलांग कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः 1315/26—2—89/609/78, दिनांकः 31 मार्च 1990 द्वारा शारीरिक रूप से अक्षम (विकलांग) कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल (कार्यालय) आने तथा वापस जाने में होने वाली कठिनाईयों को ध्यान में रखते हुए उक्त कर्मचारियों को अनुमन्य वाहन भत्ते की दरों का पुनरीक्षण किया गया था। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वेतन समिति (1997—99) के ग्यारहवें प्रतिवेदन द्वारा इस सम्बन्ध में की गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयानुसार महामहिम राज्यपाल महोदय उक्त कर्मचारियों को पुनरीक्षित वेतनमानों में पूर्व निर्धारित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन निम्न स्तम्भ—3 में उल्लिखित दर से वाहन भत्ता पुनरीक्षित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :—

क्र०सं०	पुनरीक्षित वेतनमानों में वेतन स्तर (मूल वेतन)	वाहन भत्ते की पुनरीक्षित दर (रुपये प्रतिमाह)
1	रु. 3049 तक	150/–
2	रु. 3050 से 5999 तक	200/–
3	रु. 6000 से अधिक	250/–

2– उक्त के अतिरिक्त शारीरिक रुप से अक्षम बच्चों के विद्यालय/मूक तथा बधिर विद्यालय तथा अन्य विद्यालयों के शारीरिक रुप से अक्षम कोटि के ऐसे प्रधानाध्यापकों/प्रधानाध्यापिकाओं तथा अध्यापकों/अध्यापिकाओं जिन्हे शासनादेश संख्याः 1316/26–2–89–609/78, दिनांक 31–3–1990 के अधीन वाहन भत्ता अनुमन्य है, के मामलें में नियमानुसार वाहन भत्ता निम्नवत पुनरीक्षित किये जाने की भी राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :–

क्र०सं०	पदनाम	वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ते की पुनरीक्षित दर (रुपये प्रतिमाह)
1	प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका	250/–
2	अध्यापक/अध्यापिका	200/–

3– उक्तानुसार वाहन भत्ते की दरों में पुनरीक्षण के फलस्वरुप जो अतिरिक्त व्ययभार बढ़ेगा, उसे सम्बन्धित विभाग अपने–अपने आय–व्ययक से सम्बन्धित लेखाशीर्षक/प्राथमिक इकाई में तद्नुसार व्यवस्था कराकर वहन करेंगें।

4– उक्त वाहन भत्ते को अलग से वाहन व्यय प्रतिपूर्ति भत्ता नाम से जाना जायेगा।

5– उक्तानुसार वाहन भत्ते की पुनरीक्षित दरें इस शासनादेश के निर्गत होने की तिथि से प्रभावी होगी।

6– यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय संख्याःसा(4)–379/दस–2000, दिनांकः 9–6–2000 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

ह०/–

(नेत राम)

सचिव।

संख्याः 916(1)/65–1–2000 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार लेखा(प्रथम)/आडिट प्रथम, उ०प्र०, इलाहाबाद।

2– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०, लखनऊ।

3– श्री राज्यपाल के सचिव।

4– सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

5– रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय, इलाहाबाद/लखनऊ।

6– समस्त कोषागार, उत्तर प्रदेश।

7– ब्यूरो ऑफ पब्लिक इण्टरप्राइजेज विभाग।

8– वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1/2, वित्त व्यय–नियंत्रक अनुभाग–3, वित्त सामान्य अनुभाग–4 एवं वित्त (पद मापदण्ड निर्धारण अनुभाग (दो प्रतियों में)।

9– सार्वजनिक उद्यम विभाग।

10– निदेशक, बेसिक/माध्यमिक/उच्च शिक्षा विभाग, उ०प्र० को अपने अधीनस्थ समस्त विभागों में आवश्यक कार्यवाही हेतु।

11– गार्डफाइल।

आज्ञा से,

ह०/–

(आर० के० सिंह)

विशेष सचिव।

lyXud&24

संख्या–जी–2–1985 / दस–2008–339 / 2008

प्रेषक,

बी०एन०दीक्षित,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) शासन के समस्त प्रमुख सचिव / सचिव, उत्तर प्रदेश।
(2) समस्त विभागाध्यक्ष / प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

वित्त (सामान्य) अनुभाग–2 दिनांक 11 दिसम्बर,2008

fo"k;% स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था।

egksn;]

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश के विभिन्न वर्गो के कार्मिको के वेतनमान आदि के पुनरीक्षण हेतु गठित वेतन समिति 2008 के प्रथम प्रतिवेदन की संस्तुतियों को कतिपय संशोधनों के साथ शासकीय संकल्प संख्या–वे०आ०–2–1313 / दस–2008–59(एम) / 2008, दिनांकः08 दिसम्बर, 2008 द्वारा स्वीकार कर लिया गया है।

1. वेतन समिति 2008 के प्रथम प्रतिवेदन को स्वीकार कर लिये जाने के फलस्वरूप श्री राज्यपाल प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों, विभिन्न विभागों के राजकीय एवं सहायता प्राप्त शिक्षण / प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षक(यू०जी०सी० ए०आई०सी०टी०ई०, आई० सी०ए०आर० वेतनमानों से आच्छादित पदों को छोड़कर) एवं सहायता प्राप्त शिक्षण / प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियो, जिन्होंने अपने परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखा हो, को वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2 भाग–2 से 4 के मूल नियम–9(23)(बी) के अन्तर्गत पुनरीक्षित वेतन संरचना में दिनांक 1 दिसम्बर, 2008 से स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत पुनरीक्षित वेतन संरचना में दिनांक 1 दिसम्बर, 2008 से स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन की धनराशि निम्नानुसार निर्धारित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

क्र. सं.	दिनांक:01.01.96 से प्रभावी वेतनमान	दिनांक : 01.01. 2006 से लागू वेतन बैण्ड	सादृश्य ग्रेड पे	स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुमन्य वैयक्तिक वेतन की पुनरीक्षित दरें
	2550.55.2660.60.3200	4440.7440	1300	210
	2610.60.3150.65.3540	4440.7440	1400	
	2650.65.3300.70.4000	4440.7440	1650	
	2750.70.3800.75.4400	5200.20200	1800	
	3050.75.3950.80.4590	5200.20200	1900	
	3200.85.4900	5200.20200	2000	
	4000.100.6000	5200.20200	2400	
	4250.100.5150.125.6400	5200.20200	2800	250
	4500.125.7000	5200.20200	2800	
	4500.125.7250	5200.20200	2800	
	5000.150.8000	9300.34800	4200	400
	5500.175.9000	9300.34800	4200	
	6500.200.10500	9300.34800	4200	
	7450.225.11500	9300.34800	4600	450
	7500.250.12000	9300.34800	4800	500
	8000.275.13500	15600.39100	5400	550
	8550.275.14600	15600.39100	5400	
	10000.325.15200	15600.39100	6600	650
	10650.325.15850	15600.39100	6600	
	12000.375.16500	15600.39100	7600	750
	14300.400.18300	37400.67000	8700	800

	16400.450.20000	37400.67000	8900	900
	18400.500.22400	37400.67000	10000	1000

2. उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या:4601/16–11–79–9–153–99, दिनांक:23 फरवरी, 1980 एवं इस सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत शासनादेश उक्त सीमा तथा संशोधित समझे जायेंगे। सम्बन्धित शासनादेशों की अन्य शर्ते एवं प्रतिबन्ध यथावत् लागू रहेंगे।

भवदीय,
gå@&
¼chå,uånhf{kr½
सचिव।

lyXud&24-1

<u>संख्या–वे0आ0–3148 / दस–46(एम) / 82</u>

प्रेषक,

श्री सत्य प्रकाश गुप्ता,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनांकः अक्टूबर 16, 1982

विषयः– स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपयुक्त विषयक शासनादेश संख्या वे0आ0–700 / दस–46(एम) / 1982 दिनांक 18 फरवरी, 1982 के संदर्भ में कतिपय स्रोतों से यह जानकारी चाही गई है कि यदि किसी कर्मचारी ने नये वेतनमान के लिये विकल्प उस तिथि के बाद से चुना है जिस तिथि से उसे स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रोत्साहन स्वरूप एक वेतनवृद्वि के बराबर वैयक्तिक वेतन स्वीकृत किया गया है, तो उसे वैयक्तिक वेतन पुराने वेतनमान में या नए वेतनमान में अनुमन्य वेतन–वृद्वि की दर से मिलेगा। इस संबंध में मुझे यह स्पष्ट करना है कि यदि किसी सरकारी कर्मचारी ने नये वेतनमान के लिये विकल्प उस तिथि से अथवा इसके पूर्व की तिथि से चुन लिया है, जिस तिथि से उसे प्रोत्साहन स्वरूप वैयक्तिक वेतन स्वीकार किया गया है तो उसे वैयक्तिक वेतन नए वेतनमान में अनुमन्य वेतन वृद्वि के आधार पर भुगतान किया जायेगा, किन्तु उन मामलों में जिनमें सम्बन्धित कर्मचारी ने नए वेतनमान के लिये विकल्प उस तिथि के बाद की तिथि में चुना है जिस तिथि से उसे प्रोत्साहन स्वरूप वैयक्तिक वेतन स्वीकृत किया गया है, तो उसे स्वीकृत वैयक्तिक वेतन पुराने वेतनमान में अनुमन्य वेतनवृद्वि के आधार पर ही अनुमन्य रहेगा और उसमें कोई संशोधन नही किया जायेगा।

2– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि इस विषय में यह भी स्पष्ट करने की अपेक्षा की गई है कि द्वितीय उत्तर प्रदेश वेतन आयोग(1979–80) की संस्तुतियों पर लिए

गए निर्णय के अनुसार उच्चतर वेतनमानों में कुल परिलब्धियों की जो सीमा निर्धारित की गई है, उसमें स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रोत्साहन स्वरूप स्वीकृत वैयक्तिक वेतन की धनराशि को भी सम्मिलित माना जायेगा या नही। इस संबंध में मुझे यह स्पष्ट करना है कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रोत्साहन स्वरूप स्वीकृत वैयक्तिक बे को धनराशि को कुल परिलब्धियों की सीमा में सम्मिलित नहीं किया जायगा और वह सम्बन्धित कर्मचारी को उसकी सेवा–निवृत्ति की तिथि तक अलग से मिलती रहेगी।

भवदीय,
ह० / –
(सत्य प्रकाश गुप्ता),
संयुक्त सचिव।

संख्या–वे०आ०–3148(1) / दस–46(एम) / 82

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, 1,2, और 3, इलाहाबाद / लखनऊ।

(2) उत्तर प्रदेश सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,
ह० / –
रमाशंकर मेहरोत्रा,
विशेष कार्याधिकारी।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी०–149 सा० (वित्त) 9–11–82 (2510) 1982–10,000 (हि०)।

lyXud&24-2

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

<u>संख्याः12–58–78, दिनांकः मई 11, 1982</u>

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

विषयः स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था।

——————: :——————

पुलिस मुख्यालय परिपत्र संख्याः12–58–78, दिनांकः 11–4–80 के क्रम में शासनादेश संख्याःवे०आ०–700/दस–46 (एम)–1982, दिनांकः 18 फरवरी, 1982 की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

ह०/–

(बी०एल० श्रीवास्तव)

अधीक्षक,

निमित्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय,

उत्तर प्रदेश।

————————

<u>संख्या तथा दिनांक वही</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1– महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय/भवन एवं कल्याण/सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, ''क्यू'' तथा ''ई'' के गोपनीय सहायक।

2– वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी, पुलिस मुख्यालय।

3– पुलिस उपाधीक्षक, प्रथम एवं द्वितीय, पुलिस मुख्यालय।

4– पुलिस मुख्यालय के समस्त विभाग एवं विभाग–1, तथा 22 लखनऊ।

संलग्नकः– उपरोक्तानुसार

lyXud&24-3

संख्या–वे०आ०–700 / दस–46(एम)–1982

प्रेषक,

श्री सत्य प्रकाश गुप्ता,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं
प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश। लखनऊः दिनांकः 18 फरवरी, 1982

विषयः– स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था।

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त पर चिकित्सा अनुभाग–11 द्वारा प्रसारित शासनादेश संख्या–प०क०– 4601 / 16–11–79–9–155–99, दिनांक 23 फरवरी, 1980 में ऐसे सरकारी कर्मचारियों की, जिन्होने अपने परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखा हो, कतिपय शर्तो के अधीन प्रोत्साहन के रूप में एक वेतन–वृद्धि के बराबर की धनराशि वैयक्तिक वेतन के रूप में दिनांक 1 सितम्बर, 1979 से स्वीकृत की गई थी, जिसका लाभ उन्हें भविष्य में उसी पद पर या पदोन्नति पर भी पूर्ण सेवाकाल में मिलते रहने का भी निर्णय उल्लिखित था। तत्पश्चात् द्वितीय उत्तर प्रदेश वेतन आयोग की संस्तुतियों को स्वीकार करते हुए वेतन आयोग द्वारा संस्तुत नये वेतनमान दिनांक 1 जुलाई, 1979 से लागू किये गये हैं, जिनमें वेतन वृद्धि की दरों में भी बढ़ोत्तरी हुई है। इस संदर्भ में मुझे यह स्पष्ट करने का निदेश हुआ है कि ऐसे सरकारी कर्मचारियों को, जिन्होने नये वेतनमानों को चुनने का विकल्प प्रस्तुत किया है, उक्त शासनादेश दिनांक 23 फरवरी, 1980 में उल्लिखित शर्तो के अधीन प्रोत्साहन के रूप में स्वीकृत वैयक्तिक वेतन अब उनके द्वारा चुने गये नये वेतनमान में अनुमन्य वेतन–वृद्धि की धनराशि के आधार पर भुगतान किया जायेगा।

भवदीय,
ह० / –
(सत्य प्रकाश गुप्ता),
संयुक्त सचिव।

संख्या–वे०आ०–700(1)/दस–46(एम)–1982, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, I II III, इलाहाबाद/लखनऊ।

(2) सचिवालय के समस्त अनुभाग।

आज्ञा से,
ह०/–
रमा शंकर मेहरोत्रा,
विशेष कार्याधिकारी।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 256 सा० (वित्त) 21–2–82 (3855) 1982–10,000 (हि०)।

lyXud&24-4

संख्या–प०क० 4601/16–11–79–9/155/79

प्रेषक,

श्री अशोक कुमार,

उप सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

(1) शासन के समस्त सचिव,
उत्तर प्रदेश।

(2) समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग–11 लखनऊः दिनांकः 23 फरवरी, 1980

विषयः– स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिये जाने की व्यवस्था।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत छोटे परिवार को अवधारणा को स्वीकार करने वाले सरकारी कर्मचारियों एवं अधिकारियों को विशेष प्रोत्साहन दिये जाने का प्रस्ताव कुछ समय से शासन के विचाराधीन था। विचारोपरांत राज्यपाल महोदय ने आदेश दिया है कि ऐसे सरकारी सेवक, जिन्होने 40 वर्ष की आयु से पूर्व अपने परिवार को दो बच्चों तक सीमित रखा हो तथा अपना अथवा यथास्थिति अपनी पत्नी या अपने पति या समस्त पत्नियों का नसबन्दी आपरेशन करा लिया हो अथवा 40 वर्ष से अधिक आयु वाले वे सरकारी कर्मचारी जिनका परिवार दो बच्चों तक सीमित हो और सबसे छोटे बच्चे का आयु 10 वर्ष या उससे अधिक हो, उसे वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2 भाग–2 से 4 के मूल नियम 9 (23 जी) के अन्तर्गत उसकी अगला देय वेतन वृद्धि के बराबर की धनराशि का मौलिक वेतन (Personal Pay) स्वीकृत किया जाय, जो भविष्य में उसी पद पर या पदोन्नति पर भी पूर्ण सेवाकाल में मिलता रहेगा। उन कर्मचारियों को, जो अपने वेतनमान में अधिकतम सीमा तक पहुँच चुके है, उन्हें भी अन्तिम बार दी गई वेतन वृद्धि के बराबर की धनराशि

वैयक्तिक वेतन (Personal Pay) स्वीकृत किया जायेगा जो पूरे सेवा काल तक मिलता रहेगा। उक्त आदेश दिनांक 1 सितम्बर, 1979 से लागू समझे जायेंगे। प्रतिबन्ध यह है कि यह सुविधा ऐसे सरकारी सेवकों को देय न होगी जिनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही आरम्भ की गई हो या जो ऐसी कार्यवाहियों को उपेक्षानुसार निलम्बित किया गया हो, जिसे वेतन वृद्धि रोकने की शक्ति दी गई हो।

2— उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक परिवार नियोजन से संबंधित विशेष उपलब्ध नियमावली 1976 के नियम 12 के अन्तर्गत जिन सरकारी कर्मचारियों/अधिकारियों को वेतन वृद्धि का लाभ मिल चुका है, उन्हें उक्त सुविधा देय न होगी।

3— इस संबंध में जो व्यय होगा वह उसी लेखाशीर्षक के नाम डाला जायेगा, जिससे संबन्धित कर्मचारी/अधिकारी उसका वेतन ग्रहण करता है।

4— यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय सं० जी—2—217/दस—30, दिनांक 21 फरवरी 1980 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,
ह०/—
अशोक कुमार
उप सचिव।

संख्या—प०क० 4601(1)/16—11—79—9/155/79, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(2) सचिवालय के समस्त अनुभाग।
(3) श्री राज्यपाल के सचिव।
(4) सचिव, विधान सभा/विधान परिषद सचिवालय, उ०प्र०।
(5) सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (परिवार कल्याण विभाग), नई दिल्ली।
(6) स्वास्थ्य सेवा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(7) राज्य परिवार कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(8) समस्त जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(9) निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क, उ०प्र० लखनऊ।

आज्ञा से,
ह०/—
अशोक कुमार
उप सचिव।

lyXud&24-5

mRrj Án'k ifyl e[;ky;] bykgkckn&1

संख्याः12—58—78, दिनांकः जनवरी 27, 1982

सेवा में,

1— समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

2— समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

विषयः परिवार नियोजन कार्यक्रम के अर्न्तगत नसबन्दी आपरेशन कराने वाले सरकारी कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति।

———

पुलिस मुख्यालय परिपत्र संख्याः12—58—78, दिनांकः 4—6—81 के क्रम में शासनादेश संख्या 3/1/1981—कार्मिक—1, दिनांक 1—12—81 की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार

ह०/—

(बी०एल० श्रीवास्तव)

अधीक्षक,

निमित्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय,

उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1— पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय, पुलिस उप महानिरीक्षक, हाउसिंग तथा वेलफेयर, सहायक पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय ''क्यू'' तथा ''ई'' के गोपनीय सहायक।

2— वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी/लेखाधिकारी, मुख्यालय।

3— पुलिस उपाधीक्षक, प्रथम एवं द्वितीय।

4— पुलिस मुख्यालय के समस्त विभाग। विभाग—1 एवं 22 लखनऊ।

संलग्नकः— उपरोक्तानुसार

....

l;yXud&24-6

<u>संख्या:3/1/1981—कार्मिक—I</u>

प्रेषक,

श्री मोहन चन्द्र जोशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1—शासन के समस्त सचिव/विशेष सचिव,
2—समस्त विभागाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग—1 लखनऊः दिनांकः 1 दिसम्बर, 1981

विषयः— परिवार नियोजन कार्यक्रम के अर्न्तगत नसबन्दी आपरेशन कराने वाले सरकारी कर्मचारियों को विशेष आकस्मिक अवकाश की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे आपका ध्यान शासनादेश संख्या:3/1/1981—कार्मिक—1, दिनांक 16 अप्रैल, 1981 की ओर आकृष्ट करने का निदेश हुआ है जिसमें यह आदेश जारी किये गये थे कि परिवार नियोजन कार्यक्रम के अर्न्तगत नसबन्दी आपरेशन कराने वाले राज्याधीन कर्मचारियों (औद्रयोगिक एवं गैर औद्रयोगिक) जिसमें अखिल भारतीय सेवा के सदस्य (राज्य सरकार के अधीन कार्यरत) भी सम्मिलित हैं को कतिपय उल्लिखित शर्तो के अधीन विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया गया है।

2— इस दिशा मे और अधिक प्रेरणा दिये जाने तथा उपर्युक्त प्रस्तर—1 में संदर्भित वर्तमान आदेशों को और उदार बनाये जाने के प्रश्न पर प्रदेश शासन द्वारा विचार किया गया और सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उपर्युक्त संदर्भित आदेशों में निम्नलिखित आशोधन किए जांयः—

1— जो सरकारी कर्मचारी पहली बार वैसेकटोमी आपरेशन कराते हैं, उनके मामलें में विशेष आकस्मिक अवकाश की गणना केवल कार्य दिवस (Working days) के संदर्भ में की जाय। विशेष आकस्मिक अवकाश की अवधि की गणना करते समय इय अवधि के बीच पड़ने वाले रविवारों तथा राजपत्रित अवकाशों को

ध्यान में नही रखना चाहिये।

2– जो महिला सरकारी कर्मचारी पहला आपरेशन विफल हो जाने के कारण दूसरी बार ट्यूवकटोमी आपरेशन कराती है, उनके मामलें में निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी से इस आशय का एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर कि पहला आपरेशन विफल होने के कारण दूसरा आपरेशन किया गया था, अधिक से अधिक 14 दिनों का विशेष आकस्मिक अवकाश पुनः स्वीकृत किया जाय।

3– जिन महिला सरकारी कर्मचारियों ने अन्तरागर्भाशय गर्भ निरोधक (आई०प०डी०) युक्ति पुनः अपनाई है, उन्हें अन्तरा–गर्भाशय गर्भ निरोधक युक्ति के पुनः प्रस्थापन के दिन विशेष आकस्मिक अवकाश स्वीकृत किया जाय।

4– वैसेकटोमी/ट्यूबकटोमी आपरेशन के बाद उत्पन्न समस्याओं के मामलें में जहाँ अस्पताल में रहना आवश्यक नहीं है, वहाँ विशेष आकस्मिक अवकाश क्रमशः 7/14 कार्य दिवसों से अधिक नहीं दी जानी चाहिये, क्योंकि ऐसे मामलों में विशेष आकस्मिक अवकाश की अवधि असीमित नही हो सकती है।

5– परिवार कल्याण कार्यक्रम के अधीन नसबन्दी/नस को पुनः जुड़वाने से सम्बन्धित विशेष आकस्मिक अवकाश को नियमित अवकाश अथवा आकस्मिक अवकाश से पहले तथा बाद में जोड़ दिया जाए। परन्तु विशेष आकस्मिक अवकाश को नियमित अथवा आकस्मिक दोनों ही प्रकार के अवकाशों से पहले जोड़ने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। विशेष आकस्मिक अवकाश को या तो नियमित अवकाश से पहले अथवा आकस्मिक अवकाश से पहले जोड़ा जाना चाहिये न कि दोनों प्रकार के अवकाशों के साथ। इसी प्रकार विशेष आकस्मिक अवकाश को या तो नियमित अवकाश अथवा नियमित अवकाश के बाद जोड़ा जाना चाहिये न कि दोनों प्रकार के अवकाशों के साथ। बीच में पड़ने वाले अवकाशों और /अथवा रविवारों को नियमित अवकाशों से पहले/बाद में, जैसी भी स्थिति हो, जोड़ दिया जाना चाहिये।

3– ये संशोधित अनुदेश न केवल उन मामलों में लागू होंगे जहाँ आपरेशन उक्त अनुदेशों के जारी होने के बाद किया गया हो बल्कि उन मामलों पर भी लागू होंगे जो उक्त अनुदेशों के जारी किए जाने की तिथि को नियमन के लिए विचार किया जा रहा है।

भवदीय,
ह०–
मोहन चन्द्र जोशी,
सचिव।

संख्या:3/1/1981(1)–कार्मिक–I, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) सचिवालय के समस्त अनुभाग।

(2) राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश के सचिव।

(3) सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

(4) निबन्धक, उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

(5) मंत्रियों के निजी सचिवों को मंत्री महोदय के सूचनार्थ।

आज्ञा से,

ह०–

मोहन चन्द्र जोशी,

सचिव।

lyXud&24-7

संख्याःसा–4–1632/दस–85–604–82

प्रेषक,

जे०पी०सिह,

सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष एवं,

प्रमुख कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

लखनऊः दिनांकः 9 अक्टूबर, 1985

विषयः– परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रीनकार्ड (परिचय–पत्र) धारक सरकारी सेवकों को अवकाश यात्रा सुविधा की अनुमन्यता।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में अद्योहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि शासकीय कार्यालय ज्ञाप संख्या सा–4–628/दस–604/82 दिनांक 1 अप्रैल, 1982 के अधीन सरकारी को राज्य सरकार के अधीन 15 वर्ष अथवा उससे अधिक अवधि की अनवरत सेवा पूर्ण कर चुकने के उपरान्त संपूर्ण सेवाकाल में केवल एक बार अवकाश यात्रा सुविधा ग्राह्य है। प्रदेश में परिवार कल्याण कार्यक्रम में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से दो बच्चों के बाद नसबन्दी आपरेशन कराने वाले लाभार्थियों को ग्रीनकार्ड दिए जाने जाने की एक विस्तृत योजना चिकित्सा अनुभाग–11 के शासनादेश संख्या–3258/16–11–85–6(70)/85, दिनांक 5 जुलाई, 1985 के अन्तर्गत तैयार की गयी है।

2–राज्यपाल महोदय ने चिकित्सा अनुभाग–11 द्वारा निर्गत किए उपरोक्त शासनादेश के संदर्भ में यह आदेश प्रदान किये हैं कि चिकित्सा विभाग की उपरोक्त योजना के अन्तर्गत ग्रीन कार्ड (परिचय–पत्र) धारकों को उनके संपूर्ण सेवाकाल में एक अतिरिक्त अवकाश यात्रा सुविधा अनुमन्य होगी। ग्रीन कार्ड धारक अन्य सरकारी कर्मचारियों की भांति प्रथम बार उक्त सुविधा सामान्य नियमों के अन्तर्गत प्राप्त कर सकते हैं। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दी जा रही अतिरिक्त सुविधा वह प्रथम सुविधा के 4 वर्ष

पश्चात् किसी भी समय सुविधानुसार उपभोग कर सकते है।

3–ग्रीन कार्ड धारकों को अवकाश यात्रा सुविधा की अनुमन्यता हेतु अन्य वे समस्त शर्ते/उपबन्ध यथावत् लागू होंगी जो कि उपरोक्त संदर्भित शासनादेश दिनांक 1 अप्रैल, 1982 एवं तत्पश्चात् समय–समय पर निर्गत किए गये शासनादेशों में निर्धारित की गयी हैं।

भवदीय,

ह०/–

जे० पी० सिंह,

सचिव।

संख्याःसा–4–1632(1)/दस–85–604–82 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद/लखनऊ।

(2) सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, विधान भवन, लखनऊ।

(3) प्रधानाचार्य, वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण केन्द्र, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

(4) सचिवालय के समस्त अनुभाग।

(5) चिकित्सा अनुभाग–11 को उनके शासनादेश संख्या–3258/16–11–85–6(70)–85 दिनांक 5 जुलाई, 1985 के संदर्भ में।

आज्ञा से,

ह०/–

मोहन चन्द्र जोशी,

सचिव।

पी०एस०यू०पी०–ए०पी० 126 सा० वित्त–17–10–85–(2289)–1985–12,000 (प्रो०)।

lyXud&24-8

उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

संख्याः12–58–78, दिनांकः दिसम्बर 3, 1985

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष, पुलिस विभाग, उ०प्र०।

विषयः स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त परिवहन दिया जाना स्पष्टीकरण।

चिकित्सा अनुभाग–11 के शासनादेश संख्याः5329/16–11–85–9 (155)/79, दिनांक 24–10–85 की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

lyXudः उपरोक्तानुसार

ह०/–

(के०पी०शुक्ला)

पुलिस उपाधीक्षक, मुख्यालय,

निमित्त पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय,

उत्तर प्रदेश।

संख्या तथा दिनांक वही

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– पुलिस महानिदेक्षक एवं पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक(प्रशासन), पुलिस उप महानिरीक्षक, मुख्यालय/पुलिस उप महानिरीक्षक, भवन एवं कल्याण/ पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय प्रथम एवं द्वितीय के गोपनीय सहायक।

2– वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, वित्त एवं लेखाधिकारी, पुलिस मुख्यालय।

3– पुलिस उपाधीक्षक, प्रथम एवं द्वितीय।

4– पुलिस मुख्यालय के समस्त विभाग–1 एवं 22 लखनऊ।

प्रेम/18/22

lyXud&24-9

संख्याः5329/16—11—85—9(155)/7

प्रेषक,

श्री ललित श्रीवास्तव,
विशेष सचिव, एवं
परिवार कल्याण आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

1—शासन के समस्त सचिव,
उत्तर प्रदेश।
2—समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

चिकित्सा अनुभाग—11 लखनऊः दिनांकः 24 अक्टूबर, 1985

विषयः— स्वैच्छिक परिवार कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत सरकारी कर्मचारियों को अतिरिक्त प्रोत्साहन दिया जाना—स्पष्टीकरण।

—————————

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या—4601/16—11—79—9(155)/79, दिनांक 23—2—80 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त शासनादेश द्वारा दो बच्चों तक अपना परिवार सीमित रखने वाले सरकारी सेवकों को कतिपय शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन वित्तीय नियम संग्रह खण्ड—2 से 4 के मूल नियम 9(23)(वी) के अन्तर्गत एक वेतन वृद्धि के बराबर वैयक्तिक वेतन दिए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त सुविधा दिए जाने का अन्तर्निहित उद्देश्य यह है कि सम्बन्धित सरकारी सेवक परिवार नियोजन की विधियों को अपनाते हुए अपना परिवार दो बच्चों तक सीमित रखे। ऐसे सरकारी सेवक, जिनके तीसरे बच्चे का जन्म हो गया है और सम्बन्धित सरकारी सेवक के बच्चों की संख्या तीन हो गई है, को प्रश्नगत प्रोत्साहन अनुमन्य नहीं है। अतः ऐसे सरकारी सेवक, जिसे उक्त शासनादेश अन्तर्गत प्रदत्त प्रोत्साहन स्वीकृत किया जा चुका है उनके तीसरे बच्चे का जन्म हो जाने पर तीसरे बच्चे के जन्म की तिथि से प्रश्नगत प्रोत्साहन अनुमन्य न रहेगा। इस सम्बन्ध में शासनादेश

संख्या–प०क०–802/16–11–81–9(192)/80 दिनांक 4–4–81 द्वारा निर्धारित घोषणा पत्र को संशोधित करते हुये पुनरीक्षित घोषणा–पत्र का प्रारूप संलग्न है जिसके निष्पादित किये जाने के पश्चात् ही अतिरिक्त प्रोत्साहन की उक्त सुविधा दी जाय।

भवदीय,
ह०/–
(ललित श्रीवास्तव)
विशेष सचिव।

संख्याः5329/16–11–85–9(155)/79

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
(2) सचिवालय के समस्त अनुभाग।
(3) श्री राज्यपाल के सचिव।
(4) सचिव, विधान सभा/विधान परिषद सचिवालय, उत्तर प्रदेश।
(5) सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली।
(6) स्वास्थ्य सेवा निदेशक, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(7) निदेशक एवं राज्य परिवार कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
(8) समस्त जिलाधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(9) सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(10) निबंधक, उच्च न्यायालय, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
(11) निबंधक, उत्तर प्रदेश लोक सेवा अधिकरण, लखनऊ।

?kk"k.kk&i=

(40 वर्ष अथवा उससे कम आयु वाले सरकारी सेवकों के लिए)

मैं श्री/श्रीमती   घोषणा करता/करती हूँ कि मेरी वर्तमान आयु   वर्ष   माह है। इस समय मेरे एक/दो बच्चे हैं और इसके पूर्व मेरे किसी बच्चे की मृत्यु नहीं हुई है। मेरी पत्नी/मेरे पति जीवित हैं। मैंने अपना अथवा अपनी पत्नी/अपने पति का नसबंदी आपरेशन दिनांक   को करा लिया है नसबंदी के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जा रही है। यदि इस घोषणा के बाद मेरे किसी कारणवश कोई पुत्र/पुत्री होता है तो उसके जन्म के 15 दिन के अन्दर अपने नियुक्ति प्राधिकारी/विभागाध्यक्ष को सूचित करूँगा।

मेरी पत्नी/मेरे पति, जो सरकारी सेवक है, को प्रश्नगत सुविधा नहीं मिल रही है।

दिनांक   हस्ताक्षर————————————————————

पदनाम ——————————————————

विभाग/कार्यालय का नाम——————————————————————

——————————————————————————————————

?kk"k.kk& i=

(40 वर्ष से अधिक आयु वाले उन सरकारी सेवकों के लिए जिन्होने नसबंदी आपरेशन नही कराया हो)

मैं श्री/श्रीमती घोषणा करता/करती हूँ कि इस समय आयु 40 वर्ष से अधिक अर्थात् वर्ष माह है। इस समय मेरे एक/दो बच्चे हैं तथा बच्चे/दूसरे बच्चे की आयु 10 वर्ष या उससे अधिक अर्थात वर्ष माह है और इसके पूर्व मेरे किसी बच्चे की मृत्यु नहीं हुई है। मेरी पत्नी/मेरे पति जीवित हैं। मेरी पत्नी/मेरे पति, जो सरकारी सेवक है, को प्रश्नगत सुविधा नहीं मिल रही है। मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि इस घोषणा पत्र के दिनांक के पश्चात् यदि मेरे कोई पुत्र/पुत्री होगा/होगी तो उसका विवरण मैं अपने नियुक्ति प्राधिकारी/विभागाध्यक्ष को उसके जन्म के 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत करूँगा/करूँगी।

दिनांक हस्ताक्षर————————————————————————

पदनाम ———————————————————————

विभाग/कार्यालय का नाम——————————————————————————

?kk"k.kk&i=

(40 वर्ष से अधिक कम आयु वाले उन सरकारी सेवकों के लिए जिन्होने नसबंदी आपरेशन करा लिया हो)।

मैं श्री/श्रीमती—————————————————————————————————— घोषणा करता/करती हूँ कि इस समय मेरी आयु 40 वर्ष से अधिक अर्थात वर्ष माह है। मेरी पत्नी/मेरे पति जीवित हैं। मैंने एक/दो बच्चे/दूसरे बच्चे की आयु 10 वर्ष से कम अर्थात वर्ष माह है और इसके पूर्व मेरे किसी बच्चे की मृत्यु नहीं हुई है। मैने अपनी पत्नी/अपने पति का नसबंदी आपरेशन दिनांक को करा लिया है। नसबंदी के प्रमाण पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न की जा रही है। यदि इस घोषणा पत्र के बाद मेरे किसी कारणवश कोई पुत्र/पुत्री होता है तो उसकी सूचना उसके जन्म के 15 दिन के अन्दर अपने नियुक्ति प्राधिकारी/विभागाध्यक्ष को सूचित करूँगा। मेरे पति/ पत्नि, जो सरकारी सेवक है, को प्रश्नगत सुविधा नहीं मिल रही है।

दिनांक हस्ताक्षर——————————————————————

पदनाम ——————————————————————

विभाग/कार्यालय का नाम——————————————————————————

प्रेम/23/11

l;yXud&25

संख्याः—2826/छः—पु—1—11—151/09

प्रेषक,

लीना जौहरी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

गृह (पुलिस) अनुभाग—1 लखनऊ : 20 अक्टूबर, 2011

विषय : उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को देय विभिन्न प्रकार के भत्तों में वृद्धि/ अन्य विसंगतियों का निवारण।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या—3/क— विविध—2010, दिनांकः 05—05—2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय तात्कालिक प्रभाव से उत्तर प्रदेश पुलिस बल में नियुक्त अधिकारियों/कर्मचारियों को देय विभिन्न प्रकार के भत्तों में निम्नानुसार वृद्धि/संशोधन किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :—

1-ih-,-lh- ,ykmU l

क्र० सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य पीएसी भत्ता (प्रतिमाह) रुपयो में	संशोधित पी.ए.सी. भत्ता (प्रतिमाह) रुपयो में
1.	सेनानायक	400	1600

2.	उपसेनानायक/अपरपुलिस अधीक्षक	150	600
3.	सहायक सेनानायक/स्टाफ आफिसर	150	600
4.	शिविरपाल	150	600
5.	दलनायक	100	400
6	सुबेदार मेजर	60	250
7.	सुबेदार शिविरपाल	60	250
8.	प्लाटून कमाण्डर	50	200
9.	मुख्य आरक्षी	30	150
10.	नायक	40	200
11.	लान्स नायक	30	150
12.	आरक्षी एवं समकक्ष	20	100

2-ikf"Vd vkgkj HkRrk

क्र० सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य पौष्टिक आहार भत्ता	संशोधित पौष्टिक आहार भत्ता
1.	अपर पुलिस अधीक्षक से उपनिरीक्षक एवं लिपिकीय संवर्ग	550	600
2.	हेडकांस्टेबल/कांस्टेबल	700	750
3.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	600	650

3-uDly {k= HkRrk

क्र० सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य भत्ता प्रतिमाह (रुपयों में)	संशोधित भत्ता प्रतिमाह (रुपयों में)
1.	उपसेनानायक/अपर पुलिस अधीक्षक	—	4,500

2.	सहायक सेनानायक/पुलिस अधीक्षक	2500	3750
3.	निरीक्षक/उपनिरीक्षक/ कम्पनी कमाण्डर /प्लाटून कमाण्डर	2000	3000
4.	मुख्य आरक्षी	1000	1500
5.	आरक्षी/आरक्षी चालक	1000	1500
6.	चतुर्थ श्रेणी	800	1200

4- , l-Vh-,Q-@,-Vh-, l-

क्र० सं०	पदनाम	अनुमन्य प्रोत्साहन भत्ता प्रतिमाह (रुपयों में) प्रतिमाह	संशोधित प्रोत्साहन भत्ता प्रतिमाह (रुपयों में)
1.	अपर पुलिस महानिदेशक	—	मूल वेतन का 15
			प्रतिशत अधिकतम रु. 7500
2	पुलिस महानिरीक्षक	मूल वेतन का 30 प्रतिशत अधिकतम रु. 4500	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 7500
3	पुलिस उपमहानिरीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 7500
4	वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 7500
5	अपर पुलिस अधीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 7500
6	पुलिस उपाधीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु.

			7500
7	निरीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
8	उप निरीक्षक	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
9	एस.आई.एम.	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
10	ए.एस.आई.एम.	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
11	हेड कांस्टेबल(रेडियो)	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
12	सहायक आपरेटर(रेडियो)	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
13	हेड कांस्टेबल	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
14	कांस्टेबल	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
15.	दफ्तरी	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500
16.	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	तदैव	मूल वेतन का 15 प्रतिशत अधिकतम रु. 6500

5- fo'k"k vuql/kku ny ¼,l-vkbZ-Vh-½

क्र० सं०	पदनाम	अनुमन्य प्रोत्साहन भत्ता प्रतिमाह	संशोधित विशेष भत्ता प्रतिमाह
1.	अपर पुलिस महानिदेशक	मूल वेतन का 15 प्रतिशत	मूल वेतन के 10 प्रतिशत के बराबर परन्तु अधिकतम रु. 6,500
2.	पुलिस महानिरीक्षक / उपमहानिरीक्षक	तदैव	तदैव
3.	पुलिस अधीक्षक	तदैव	तदैव
4.	पुलिस उपाधीक्षक	मूल वेतन का 25 प्रतिशत	तदैव
5.	अभियोजन अधिकारी	तदैव	तदैव
6.	सहायक अभियोजन अधिकारी	तदैव	तदैव
7.	निरीक्षक	तदैव	तदैव
8.	उपनिरीक्षक	तदैव	तदैव
9.	एस०आई०(एम)	तदैव	तदैव
10.	ए०एस०आई०(एम)	तदैव	तदैव
11.	कान्स०	तदैव	तदैव
12.	फालोवर	तदैव	तदैव

¼6½ ¼i½ vijk/k 'kk[kk] vijk/k vuql/kku foHkkx ¼lhå chå lhå vkbZå Mhå½] ¼ii½ Hk"Vkpkj fuokj.k laxBu ¼iii½ vkfFkZd vijk/k vuql/kku foHkkx ¼iv½ lrdZrk vf/k"Bku] ¼v½ vfHklwpuk foHkkx] ¼vi½ lqj{kk 'kk[kk] ¼vii½ fo'k"k tkap 'kk[kk ½

क्र० सं०	पदनाम	वर्तमान में देय विशेष वेतन (प्रतिमाह)	वर्तमान में देय विशेष सेवा भत्ता (प्रतिमाह)	अनुमन्य विशेष वेतन/विशेष सेवा भत्ता का योग (प्रतिमाह)	संशोधित विशेष वेतन
1.	पुलिस अधीक्षक,	800	–	800	विशेष वेतन एवं विशेष सेवा भत्ता के रूप में अनुमन्य कुल धनराशि के 04 गुना के बराबर विशेष वेतन के नाम से अनुमन्य किया जाता है।
2.	अपर पुलिस अधीक्षक	500	–	500	
3.	पुलिस अधीक्षक	200	200	400	
4.	ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी	200	200	400	
5.	अभियोजन अधिकारी	200	200	400	
6.	निरीक्षक नागरिक पुलिस	150	170	320	
7.	उपनिरीक्षक	120	150	270	
8.	निरीक्षक(एम०)गोपन निवंधक	150	170	320	
9.	निरीक्षक(एम०)गोपनीय सहायक	150	170	320	
10.	एस०आई०(एम०)प्रधान लिपिक/ व०लि०	120	150	270	
11.	एस०आई०(एम) स्टेनो	120	150	270	
12.	एस०आई०(एम०) फोटोग्राफर/ वीडियोमैन	120	150	270	
13.	एस०आई०(एम०)	30	50	80	
14.	हे०कान्स०ना०पु०	30	50	80	
15.	हे०कान्स०एमटी०	30	50	80	
16.	आरक्षी ना०पु०/स०पु०	30	40	70	
17.	आरक्षी चालक	30	40	70	

7- onhl vu|j{k.k HkRrk

क्र०सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य वर्दी अनुरक्षण भत्ता (रुपयो में)	संशोधित वर्दी अनुरक्षण भत्ता (रुपया में)
1	प्रान्तीय पुलिस सेवा के अधिकारी	120	300
2	पुलिस बल के अराजपत्रित अधिकारी	30	150

8- onhl HkRrk

क्र०सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य वर्दी भत्ता (रुपयो में)	संशोधित वर्दी भत्ता (रुपया में)
1	पुलिस बल के कार्मिक	भर्ती के समय रु. 1500/– एवं प्रत्येक 05 वर्ष पर रु. 1500	भर्ती के समय रु. 6000/– एवं प्रत्येक 05 वर्ष पर रु. 6,000/

9- onhl Áfr ifrl HkRrk

क्र०सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष (रुपयो में)	संशोधित वर्दी भत्ता (रुपया में)
1	पुलिस बल के समस्त हेड कांस्टेबल/ समतुल्य पद एवं कांस्टेबल/समतुल्य पद	1200	भर्ती के समय रु. 4,800/ एवं प्रतिवर्ष रु. 1,800/

10- pr|Fkl J.kh dfel;k dk onhl HkRrk ,o uohuhdj.k HkRrk

क्र०सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य वर्दी भत्ता प्रतिवर्ष (रुपयो में)	संशोधित वर्दी भत्ता (रुपया में)
1	पुलिस बल के समस्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	प्रथम बार रु 1,000/ तथा प्रतिवर्ष रु. 800/	प्रथम बार रु. 4,000/ एवं प्रतिवर्ष रु. 1200/

11- vkj{kh pkyd

क्र०सं०	पदनाम	वर्तमान में अनुमन्य चालन भत्ता प्रतिमाह (रुपयो में)	संशोधित चालन भत्ता प्रतिमाह (रुपया में)
1	आरक्षी चालक	30	300

2. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2011–2012 के आय–व्ययक के अनुदान संख्या–26 के लेखा शीर्षक '2055–पुलिस आयोजनेत्तर' के अन्तर्गत विभिन्न लघु शीर्षकों के अधीन सुसंगत मद के नामे डाला जायेगा।

3. ये आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या–जी–1–608/दस–2011, दिनांक 20–10–2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

ह०/–
भवदीय,
(लीना जौहरी)
सचिव।

संख्याः 2826/छः–पु–1–11–151/09 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकर, लेखा प्रथम/आडिट प्रथम, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2. अपर महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद।
3. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग–12 (तीन प्रतियों में)/वित्त सामान्य अनुभाग–
   (तीन प्रतियों में)
4. गृह (पुलिस) अनुभाग–7
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से
ह०/–
(सुशील कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

l;yXud&25-2

<u>संख्या–2790/6–पु०–7–2011–88/2011</u>

प्रेषक,

जवाहर लाल,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अपर पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश, पुलिस मुख्यालय,
इलाहाबाद।

गृह (पुलिस) अनुभाग–7 लखनऊः दिनांक 08 जुलाई, 2011

विषयः छठी वाहिनी पीएसी, मेरठ को आर०ए०एफ० की तर्ज पर गठित दंगानिरोधी विशिष्ट बल "रैपिड रिस्पांस फोर्स" के लिये वर्दी तथा दंगानिरोधी उपकरणों की आवश्यकता के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उ०प्र० पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद के पत्र संख्या–दो–43–2011, दिनांक 09 जून, 2011 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि छठी वाहिनी पीएसी, मेरठ को आर०ए०एफ० की भांति गठित दंगानिरोधी विशिष्ट बल "रैपिड रिस्पांस फोर्स" के लिये संलग्न तालिका में उल्लिखित वर्दी वस्तुओं के क्रय हेतु रु. 36,61,000/– (रुपये छत्तीस लाख इकसठ हजार मात्र) तथा दंगानिरोधी उपकरणों के क्रय हेतु रु. 99,52,200/– (रुपये निन्यानबे लाख बावन हजार दो सौ मात्र) कुल रु. 1,36,13,200/– (रुपये एक करोड़ छत्तीस लाख तेरह हजार दो सौ मात्र) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का निम्न शर्तो के अधीन निर्णय लिया गया हैः

(1) वर्दी वस्तुओं/उपकरणों/सामग्री का क्रय स्टोर परचेज नियमों एवं शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत सुसंगत नियमों एवं शासनोदशों/निर्देशों के अनुरूप समस्त औपचारिकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करके नियमानुसार किया जायेगा।

(2) धनराशि आहरित करने से पूर्व पुलिस मुख्यालय द्वारा यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उक्त वर्दी वस्तुओं / उपकरणों/ सामग्री के क्रय हेतु पूर्व में धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है।

(3) वर्दी वस्तुओं/उपकरणों/सामग्री के क्रय से पूर्व पुलिस मुख्यालय द्वारा यह भी सुनिश्चित कर लिया जाय कि इन वर्दी वस्तुओं/उपकरणों/सामग्री की आपूर्ति भारत सरकार अथवा अन्य किसी विभाग द्वारा नहीं की गयी है।

(4) स्वीकृत वर्दी वस्तुओं/उपकरणों/सामग्री का प्रोफार्मा इन्वायस प्राथमिकता के आधार पर शासन को उपलब्ध कराया जायेगा। क्रय किये जाने वाले उपकरण की गुणवत्ता एवं उपयोगिता के संबंध में केता इकाई/उ०प्र० पुलिस मुख्यालय पूर्णतः संतुष्ट हो लेंगे।

संलग्नक–यथोपरि।

भवदीय,

ह०/–

(जवाहर लाल)

उप सचिव।

संख्या–2790(1)/6–पु०–7–2011, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– महालेखाकार, लेखा/आडिट,प्रथम, उ०प्र० एवं उत्तरांचल राज्य, इलाहाबाद।

2– पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० लखनऊ।

3– अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, उ०प्र०, लखनऊ।

4– संबंधित पुलिस/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक।

5– वरिष्ठ कोषाधिकारी, सिविल लाइन, इन्दिरा भवन, इलाहाबाद।

6– वित्त(ब्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12/मुख्य मंत्री कार्यालय अनुभाग–2

7– वित्त(आय–ब्ययक) अनुभाग–1/2

8– गार्ड फाइल हेतु/समायोजन समीक्षा अधिकारी।

भवदीय,

ह०/–

(जवाहर लाल)

उप सचिव।

l;Xud&26

<u>संख्या 1142 पी/छः–पु–6–09–500(56)/98</u>

प्रेषक,

राजेन्द्र कुमार
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

पुलिस महानिदेशक,
उ०प्र० लखनऊ।

गृह(पुलिस) अनुभाग–6 लखनऊःदिनांकःजुलाई 02,2009

विषय– पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों को पुलिस पदक के साथ मिलने वाले आर्थिक भत्तों की दरों में संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या जी0आई–15 पी/छः–पु–6–500(56)/98 दिनांक 4.9.2000 को आंशिक रूप से संधोधित करते हुये तथा भारत सरकार गृह मंत्रालय के पत्र संख्या 11026/04/08–पीएमए दिनांक 8 सितम्बर, 2008 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुये मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय उक्त परिपत्र में भारत सरकार द्वारा संस्तुत पुलिस के राजपत्रित व अराजपत्रित श्रेणी के पुलिस पदक प्राप्त अधिकारियों/कर्मचारियों को दिनांक 8 सितम्बर,2008 से निम्नांकित बढ़ी हुई दरों पर पदक भत्ते का भुगतान किये जाने की सहर्ष स्वीकृत प्रदान करते हैः–

(1)	वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक	रु. 1500/–प्रतिमाह
(2)	वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस पदक का बार	रु. 1500/–प्रतिमाह
(3)	वीरता के लिये पुलिस पदक	रु. 900/–प्रतिमाह
(4)	वीरता के लिये पुलिस पदक का बार	रु. 900/–प्रतिमाह

2– इस मद से संबंधित व्यय लेखाशीर्षक ''2055–पुलिस–आयोजनेत्तर– 109–जिला पुलिस–03–जिला पुलिस (मुख्य)–42–अन्य व्यय के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे

डाला जायेगा।

3– यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या जी–1–472/इस–2009 दिनांक 2.7.2009 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

ह०/–

(राजेन्द्र कुमार)

संयुक्त सचिव

संख्या एवं दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– महालेखाकार, उ०प्र० इलाहाबाद

2– वित्त (व्यय–नियंत्रण) अनुभाग–12

3– गृह (पुलिस) अनुभाग–1/7

4– गृह (पुलिस सेवायें) अनुभाग– 1/2

5– निदेशक पेंशन निदेशालय, उ०प्र० लखनऊ।

6– वित्त (सामान्य) अनुभाग–1

7– अपर पुलिस महानिदेशक, उ०प्र० पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद

8– गार्ड बुक।

आज्ञा से,

ह०/–

(रामहित)

अनु सचिव

lokfuoRr@lok dk nkjku er ifyl vf/kdkjh@depkjh dk vkfJr dk i{k
ea vo'k"k n;k@lgk;rk l lEcfU/kr pd fyLVA

क्रमांक	अवशेष देयों / सहायता का विवरण	किस स्तर से कार्यवाही होनी है
1–	पारिवारिक पेंशन	पुलिस मुख्यालय. इलाहाबाद
2–	अवशेष वेतन का भुगतान	जनपद / इकाई
3–	उपार्जित अवकाश का भुगतान	जनपद / इकाई
4–	जी०पी०एफ० धन का भुगतान	जनपद / पुलिस मुख्यालय
5–	जी०पी०एफ० से सम्बद्ध बीमा का भुगतान	जनपद / पुलिस मुख्यालय
6–	सामूहिक बीमा धन का भुगतान	जनपद / इकाई
7–	असाधारण पेंशन / उपादान	पुलिस मुख्यालय
8–	अनुग्रह धनराशि	पुलिस मुख्यालय / शासन
9–	अनुकम्पा कोष से आर्थिक सहायता	पुलिस मुख्यालय
10–	पुलिस वेलफेयर फण्ड से सहायता	मुख्यालय पुलिस महानिदेशक
11–	उ०प्र० पुलिस आर्म्ड फोर्सेज / सहायता	शासन संस्थान से सहायता
12–	पुलिस बेनीफिट फण्ड से भुगतान	जनपद / पुलिस मुख्यालय
13–	पुलिस पर्सनल दुर्घटना बीमा का भुगतान	पुलिस मुख्यालय
14–	मृतक आश्रित को सेवायोजित किया जाना	पुलिस मुख्यालय

मद सं० 1 से 6 तक सामान्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों हेतु इसके अतिरिक्त मद संख्या 7 से 14 तक सेवा के दौरान जिन अधिकारी / कर्मचारी की मृत्यु होती है, उनके लाभार्थ / देयक।